राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़







11 साक्षी धोनी ने दिल्ली से हार के बाद...

सर्वे में बड़ा दावा-आगामी आम चुनाव... 12



वर्ष : 14 | अंक : 318 | नई दिल्ली, मंगलवार, 02 अप्रैल, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


अधिकतम तापमान 29°C

न्यूनतम तापमान 20°C

**बाजार**

सोना 70,665

चांदी 78,900

सेंसेक्स 74,014

निफ्टी 22,462

# ज्ञानवापी मामले में सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगाने से किया इनकार

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। ज्ञानवापी मामले में सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। जिसके बाद ज्ञानवापी में व्यास जी के तहखाने में पूजा जारी रहेगी। वाराणसी की जिला अदालत ने ज्ञानवापी के व्यास जी के तहखाने में पूजा अर्चना करने की अनुमति प्रदान की थी। इसके खिलाफ अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। हालांकि हाईकोर्ट ने जिला अदालत के फैसले पर रोक से इनकार कर दिया था। अब सुप्रीम कोर्ट ने भी हाईकोर्ट के फैसले पर रोक से इनकार कर मस्जिद कमेटी को बड़ा झटका दिया है। सोमवार को अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी की याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इन तथ्यों को ध्यान में रखते हुए कि 17 जनवरी और 31 जनवरी के आदेशों के बाद भी मुस्लिम वर्ग द्वारा ज्ञानवापी में



नमाज अता की जा रही है। वहीं हिंदू पुजारी द्वारा भी तहखाने में पूजा की जा रही है। ऐसे में यथास्थिति को बनाए रखना सही है। सुप्रीम कोर्ट ने अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी की अपील पर हिंदू पक्ष को भी नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। दरअसल बीती 31 जनवरी को वाराणसी की अदालत ने अपने एक आदेश में हिंदू श्रद्धालुओं को ज्ञानवापी परिसर स्थित व्यास जी के तहखाने में पूजा अर्चना करने की अनुमति दी थी। वाराणसी की अदालत के इस फैसले के खिलाफ अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी द्वारा हाईकोर्ट में चुनौती दी गई। हालांकि हाईकोर्ट ने कमेटी की याचिका खारिज कर दी और जिला अदालत के फैसले को बरकरार रखा। अब हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। जिला अदालत ने अपने आदेश में कहा था कि काशी विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट द्वारा नामित एक पुजारी द्वारा व्यास जी के तहखाने में पूजा अर्चना की जाएगी। जिला अदालत में याचिका दायर करने वाले पुजारी ने बताया कि उनके दादा व्यास जी दिसंबर 1993 तक तहखाने में पूजा अर्चना करते थे। हालांकि बाद में इस पर रोक लगा दी गई। जिला अदालत के आदेश के खिलाफ मस्जिद कमेटी ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने मस्जिद कमेटी को पहले हाईकोर्ट जाने को कहा। अब मसाजिद कमेटी को हाईकोर्ट से निराशा मिलने के बाद सुप्रीम कोर्ट से भी झटका लगा है।

## संक्षिप्त खबरें

### मुर्मु, मोदी ने उत्कल दिवस पर ओडिशा के लोगों को दी बधाई

नई दिल्ली/भुवनेश्वर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, ओडिशा के राज्यपाल रघुबर दास और मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने सोमवार को उत्कल दिवस पर राज्य के लोगों को बधाई दी। सुश्री मुर्मू ने एक्स हैंडल पर कहा, उत्कल दिवस पर लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं। ओडिशा अपनी विशाल प्राकृतिक संपदा और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के लिए जाना जाता है। यहां के लोगों ने ओडिशा और देश के विकास में महान योगदान दिया है। उन्होंने आगे कहा, ओडिशा ने सदियों से कई शख्सियतें दी हैं, जिनमें आधुनिक भारत के कई निमार्ता भी शामिल हैं। भगवान जगन्नाथ राज्य और यहां के लोगों को अधिक सफलता और समृद्धि का आशीर्वाद दें। श्री मोदी ने एक्स पर कहा, सभी को उत्कल दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। यह दिन हमें ओडिशा और इसके गतिशील लोगों की समृद्ध संस्कृति और विरासत की याद दिलाता है। राज्य ने राष्ट्रीय प्रगति में समृद्ध योगदान दिया है। ओडिशा के लोगों की सफलता और समृद्धि के लिए प्रार्थना करता हूं।

### कांग्रेस ने चुनावी बॉण्ड संबंधी बयान को लेकर भाजपा पर साधा निशाना

नई दिल्ली। कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा चुनावी बॉण्ड योजना पर की गई ताजा टिप्पणी को लेकर सोमवार को उन पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि बॉण्ड से जुड़े जो आंकड़े सामने आए हैं उनसे भारतीय जनता पार्टी और मोदी सरकार के घोर भ्रष्टाचार का खुलासा हुआ है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि योजना को इस तरह से तैयार किया गया था कि इसका पता ही नहीं चल सके कि राजनीतिक दलों के पास धन कहां से आया और इसका इस्तेमाल कैसे किया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को इस सुझाव को खारिज कर दिया कि चुनावी बॉण्ड के मुद्दे से उनकी सरकार को झटका लगा है। उन्होंने कहा कि कोई भी प्रणाली शत प्रतिशत सही नहीं है और किसी भी कमी को सुधारा जा सकता है। तमिल चैनल थांती टीवी के साथ एक साक्षात्कार में उन्होंने कहा कि जो लोग इस मामले पर जश्न मना रहे हैं, उन्हें पछताना पड़ेगा।

### पीएम मोदी 4 अप्रैल को जमुई में चुनावी सभा करेंगे : चिराग

पटना। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने अपने आवास पटना में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि 2019 के लोकसभा चुनाव में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जमुई आए थे। उस वक्त की सबसे बड़ी चुनावी सभाओं में एक सभा जमुई की भी थी। इस बार भी 4 अप्रैल को जमुई में बड़ी चुनावी सभा होगी। मेरे लिए यह गर्व की बात है कि प्रधानमंत्री बिहार में चुनाव प्रचार अभियान की शुरूआत मेरी कर्मभूमि जमुई से कर रहे हैं तथा प्रधानमंत्री जी 4 अप्रैल को जमुई लोकसभा के एनडीए प्रत्याशी अरुण भारती के लिए विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। लोजपा (रामविलास) के सभी कार्यकर्ताओं में इसको लेकर काफी उत्साह हैं। बिहार की सभी 40 की 40 सीटें एनडीए जीतेगी और देश में 400 पार का लक्ष्य भी एनडीए हासिल करेगी। इस आशय की जानकारी पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंदन पासवान ने दिया।

**आरबीआई के 90 साल पूरे होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बोलें पीएम**

# भारत को अगले 10 साल में आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने की जरूरत : मोदी

प्रात : किरण

मुंबई/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि भारत को अगले 10 वर्षों में आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने की जरूरत है, ताकि राष्ट्र वैश्विक कारकों से ज्यादा प्रभावित न हो। रिजर्व बैंक के 90 साल पूरे होने के मौके पर आयोजित कार्यक्रम प्रधानमंत्री ने कहा कि जून में तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के सत्ता में आने पर हर किसी के लिए ढेर सारे काम सृजित होंगे। उन्होंने कहा, हमें भारत की आर्थिक आत्मनिर्भरता बढ़ानी होगी।

मोदी ने कहा कि बैंकिंग क्षेत्र फायदे में आ गया है और पिछले दशक में उनकी सरकार और आरबीआई द्वारा किए गए प्रयासों के कारण ऋण वृद्धि बढ़ रही है। उन्होंने आगे कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की सकल गैर-निष्पादित आस्तियां, जो 2018 में लगभग 11.25 प्रतिशत थीं, सितंबर, 2023 तक घटकर तीन प्रतिशत से कम पर आ गईं।

मोदी ने कहा कि ट्विन बैलेंस शीट (बैंकों और कंपनियों के बही-खाते के स्तर पर समस्या) की समस्या अब अतीत की बात हो गई है और बैंक अब ऋण में 15 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आरबीआई ने इन सभी उपलब्धियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने बैंकिंग क्षेत्र में नियम-आधारित अनुशासन और राजकोषीय रूप से विवेकपूर्ण नीतियों को लागू करने में आरबीआई की उपलब्धि की सराहना की और बैंकों को सरकार के समर्थन का आश्वासन दिया। मोदी ने मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के कदम उठाने के लिए आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की सराहना भी की। उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था ऐसे समय में नए रिकॉर्ड बना रही है, जब दुनिया के कई देश अब भी महामारी के आर्थिक झटके से उबरने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने दुनियाभर में रुपये को अधिक सुलभ और स्वीकार्य बनाने के प्रयासों पर जोर दिया। इस अवसर पर आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास के साथ महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैंस, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अजीत पवार, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, वित्त राज्यमंत्री भागवत किशनराव कराड और पंकज चौधरी उपस्थित थे।



## प्रधानमंत्री ने 90 रुपये का जारी किया सिक्का

मुंबई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को आरबीआई के 90 साल पूरे होने पर 90 रुपये का सिक्का जारी किया है। यह 40 ग्राम शुद्ध चांदी से बना है। एक सिक्का खरीदने के लिए करीब 5200 से 5500 रुपये खर्च करने पड़ेंगे। 90 रुपये के चांदी के सिक्के पर एक तरफ बैंक का लोगो अंकित है और दूसरी तरफ 90 रुपये लिखा हुआ है। सिक्के के दाईं ओर हिंदी में और बाईं ओर अंग्रेजी में भारत लिखा हुआ है। इस 90 रुपये के सिक्के का वजन 40 ग्राम होगा। यह सिक्का 99.9 प्रतिशत शुद्ध चांदी से बना है। इससे पहले 1985 में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की स्वर्ण जयंती और 2010 में आरबीआई प्लेटिनम जयंती पर भी सिक्के जारी किए जा चुके हैं। इस नब्बे रुपये के सिक्के को अंकित मूल्य से अधिक कीमत पर बेचा जाएगा। इस सिक्के की कीमत 5200 से 5500 रुपये होने की उम्मीद है। देशभर के बैंक कर्मचारी और सिक्का संग्रहकर्ता इस सिक्के को लेकर काफी उत्साह दिखा रहे हैं। भारत सरकार के वित्त मंत्रालय ने 19 मार्च 2024 को इस सिक्के को जारी करने के लिए गजट नोटिफिकेशन जारी किया था।

**राऊज एवेन्यू स्थित कावेरी बावेजा की विशेष अदालत में हुई सुनवाई**

# शराब नीति केस: सीएम केजरीवाल को 15 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय ने दिल्ली शराब नीति कथित घोटाले से संबंधित धनशोधन के मामले में गिरफ्तार मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सोमवार को यहां की एक विशेष अदालत में पेश किया जहां से उन्हें 15 अप्रैल तक के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। राऊज एवेन्यू स्थित कावेरी बावेजा की विशेष अदालत संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश पारित किया। श्री केजरीवाल पहले नेता हैं, जिन्हें मुख्यमंत्री के पद पर रहते गिरफ्तार किया गया। जांच एजेंसी की हिरासत में भेजा गया और अब जेल भजने का आदेश पारित किया गया। अदालत के समक्ष ईडी का पक्ष अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू ने रखा।

उन्होंने केजरीवाल पर आरोप लगाते हुए कहा कि पूछताछ के दौरान वह जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं। ईडी ने कड़ी सुरक्षा के बीच श्री केजरीवाल को पेश किया। पेशी से पहले एक मीडियाकर्मी के सवाल के संक्षिप्त जबाव में उन्होंने (श्री केजरीवाल) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर इशारा करते हुए कहा, ह्ये जो कर (ईडी की कार्रवाई) रहे हैं, देश के लिए अच्छा नहीं कर रहे हैं। श्री केजरीवाल को 21 मार्च को केंद्रीय जांच एजेंसी ने गिरफ्तार किया था। अगले दिन 22 मार्च को उन्हें विशेष अदालत में पेश किया गया, जहां 28 मार्च तक ईडी की हिरासत में पूछताछ के लिए भेजने का आदेश पारित किया गया। अदालत ने ईडी के दूसरी बार 28 मार्च को अनुरोध करने पर एक अप्रैल तक आम आदमी पार्टी ने नेता केजरीवाल की हिरासत अवधि बढ़ाई थी। विशेष अदालत के समक्ष 22 मार्च को ईडी ने मुख्यमंत्री को कथित शराब नीति 2021-2022 घोटाले (जो बाद में रद्द कर दी गई थी) का मुख्य साजिशकर्ता और सरगना होने का आरोप लगाया था।



तब मुख्यमंत्री के अधिवक्ताओं ने ईडी के इन आरोपों को खारिज करते हुए कड़ी आपत्ति जताई थी। श्री केजरीवाल की गिरफ्तारी से पहले भारत राष्ट्र समिति की नेता और तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी के. कविता को ईडी ने 15 मार्च को गिरफ्तार किया था, जो न्यायिक हिरासत में दिल्ली के तिहाड़ जेल में बंद हैं। इन दोनों प्रमुख नेताओं से पहले ईडी ने पिछले एक साल के दौरान आम आदमी पार्टी के नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के अलावा राज्यसभा सांसद संजय सिंह को इसी मामले में गिरफ्तार किया था। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने 17 अगस्त 2022 को वर्ष 2021-22 की उत्पाद शुल्क नीति (शराब नीति) बनाने और उसके कार्यान्वयन में की गई कथित अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज किया था। इसी आधार पर ईडी ने 22 अगस्त 2022 को मामला दर्ज किया था। ईडी का दावा है कि श्री केजरीवाल और श्री सिसौदिया सहित अन्य ने अवैध कमाई के लिए साजिश रची थी।

# आयकर विभाग का नियम भाजपा पर लागू क्यों नहीं होता : कांग्रेस

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने पार्टी को आयकर विभाग की ओर से 3500 करोड़ रुपये से अधिक के जुमार्ने का नोटिस मिलने का हवाला देते हुए सोमवार को दावा किया कि नियमों के उल्लंघन को लेकर भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई जबकि उस पर 4,600 करोड़ रुपये का जुमार्ना बनता है। उन्होंने यह सवाल किया कि जो नियम कांग्रेस पर लागू किया जा रहा है वही नियम भाजपा पर क्यों लागू नहीं होता? प्रियंका गांधी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, कांग्रेस पर 3,567 करोड़ का जुमार्ना क्यों?



कांग्रेस पर आरोप है कि 1994-95 में, फिर 2014-15 और 2016-17 में पार्टी के खाते में नेताओं-कार्यकताओं ने कुछ पैसे जमा कराए थे जिसकी एक-एक जानकारी पहले ही आयकर विभाग को साझा की जा चुकी थी। मगर सरकार कांग्रेस पर जानकारी न देने का मनमाना आरोप थोप रही है।

# कच्चातिवु द्वीप के मुद्दे पर केंद्र पीछे हटने को तैयार नहीं

## विदेश मंत्री जयशंकर ने की कांग्रेस सरकारों की आलोचना

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने देश की आजादी के बाद कच्छतीवु द्वीप को श्रीलंका को देने के लिए कांग्रेस सरकारों की आलोचना की है। उन्होंने कच्छतीवु द्वीप को श्रीलंका को देने के लिए तमिलनाडु की वर्तमान डीएमके सरकार को भी जिम्मेदार बताते हुए कहा कि संसद में लगातार मछुआरों का मुद्दा उठाने वाली कांग्रेस और डीएमके इस समस्या के लिए जिम्मेदार हैं। भारत विदेश मंत्री जयशंकर ने आज कच्चातिवु द्वीप के मुद्दे पर कहा कि 1974 में, भारत और श्रीलंका ने एक समझौता किया जहां उन्होंने एक समुद्री सीमा खींची, और समुद्री सीमा खींचने में कच्चातिवु को सीमा के श्रीलंका की ओर रखा गया था। विदेश मंत्री ने कहा कि कांग्रेस और डीएमके ने इस मामले को ऐसा लिया मानो इस पर उनकी कोई जिम्मेदारी नहीं है। कच्चातिवु द्वीप के मुद्दे पर केंद्र पीछे हटने को तैयार नहीं है। पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के बाद अब विदेश मंत्री जयशंकर ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस मुद्दे को उठाया। आज जयशंकर के निशाने पर कांग्रेस रही। जयशंकर ने आगे कहा कि हम जानते हैं कि यह किसने किया, यह नहीं पता कि इसे किसने छुपाया। जनता को यह जानने का अधिकार है कि यह स्थिति कैसे उत्पन्न हुई। जयशंकर ने कहा कि पिछले 20 सालों में, 6184 भारतीय मछुआरों को श्रीलंका ने पकड़ा है और 1175 भारतीय मछली पकड़ने वाली नौकाओं को भी जब्त किया। उन्होंने बताया कि पिछले पांच सालों में कच्चातिवु मुद्दा और मछुआरे का मुद्दा संसद में विभिन्न दलों ने कई बार उठाया है। यह संसद के सवालों, बहसों और सलाहकार समिति में सामने आया है। तमिलनाडु के तत्कालीन मुख्यमंत्री ने विदेश मंत्री कई बार पत्र लिखा है और उनका रिकॉर्ड बताता है कि मौजूदा मुख्यमंत्री को विदेश मंत्री 21 बार जवाब दे चुके हैं। यह एक जीवंत मुद्दा है जिस पर संसद और तमिलनाडु



# रक्षा निर्यात पहली बार 21 हजार करोड़ रुपये के पार : राजनाथ

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। भारत का रक्षा निर्यात पहली बार 21 हजार करोड़ रुपये को पार कर गया है, जो एक रिकॉर्ड है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, सभी को यह बताते हुए खुशी हो रही है कि भारतीय रक्षा निर्यात अभूतपूर्व ऊंचाइयों पर पहुंच गया है और स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार 21000 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर गया है। वित्त वर्ष 2023-24 में भारत का रक्षा निर्यात बढ़कर 21,083 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया है, जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 32.5 प्रतिशत की शानदार वृद्धि है। एक अन्य पोस्ट में उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व के तहत रक्षा मंत्रालय ने भारत के रक्षा विनिर्माण और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए कई पहल की हैं। निजी क्षेत्र और डीपीएसयू सहित हमारे रक्षा उद्योगों ने हाल के वर्षों में सराहनीय प्रदर्शन दर्ज किया है। रक्षा निर्यात में नया मील का पत्थर पार करने पर सभी हितधारकों को बधाई।



# भाजपा की घोषणा पत्र समिति की हुई बैठक

- घोषणा पत्र : नमो ऐप पर लगभग 1.70 लाख सुझाव मिले

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। भारतीय जनता पार्टी की सोमवार को चुनाव घोषणापत्र समिति की पहली बैठक हुई जिसके केंद्र में सरकार के विकसित भारत का एजेंडा और उसकी रूपरेखा रही। आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी के प्रमुख वादों पर चर्चा करने के लिए आठ केंद्रीय मंत्रियों और तीन मुख्यमंत्रियों ने पार्टी के अन्य नेताओं के साथ बैठक की। बैठक की अध्यक्षता रक्षा मंत्री और भाजपा के पूर्व अध्यक्ष राजनाथ सिंह ने की। बैठक के बाद संवाददाताओं को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि पार्टी को अपनी मिस्ड कॉल सेवा के माध्यम से 3.75 लाख से अधिक सुझाव मिले हैं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ऐप (नमो) पर लगभग 1.70 लाख सुझाव मिले हैं। उन्होंने कहा, बैठक में 2047 तक विकसित भारत के खाके पर चर्चा की गई। हमारे घोषणापत्र में लोगों की उत्साहपूर्ण भागीदारी प्रधानमंत्री में उनके भरोसे और उनसे उनकी अपेक्षाओं को दशार्ती है। भाजपा नेताओं ने कहा कि लोगों से प्राप्त सभी सुझावों को विभिन्न श्रेणियों में बांटा जाएगा और फिर समिति की अगली बैठक उनपर विचार विमर्श करके छांटा जाएगा। मोदी द्वारा गरीबों, युवाओं, महिलाओं और किसानों के लिए अपनी सरकार की प्राथमिकताओं को लगातार रेखांकित किए जाने के साथ सत्तारूढ़ पार्टी उनसे जुड़े मुद्दों को प्रमुखता दे सकती है। समिति के सह-संयोजक गोयल ने कहा कि देश के 3,500 विधानसभा क्षेत्रों में 916 वीडियो वैन भी चलाई गईं, जो लोगों तक पहुंची और घोषणापत्र के लिए उनके विचार मांगे। भाजपा ने लोकसभा चुनावों के लिए शनिवार को 27 सदस्यीय घोषणा पत्र समिति गठित की थी। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण को संयोजक तथा गोयल को सह-संयोजक बनाया गया है। समिति में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, भूपेंद्र यादव, अश्विनी वैष्णव, धर्मेंद्र प्रधान, स्मृति ईरानी और राजीव चंद्रशेखर के अलावा पार्टी शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और कुछ पूर्व उपमुख्यमंत्री भी शामिल हैं।



**राहत** | **सुप्रीम कोर्ट में आयकर विभाग ने कहा- मौजूदा परिस्थितियों में तुरंत नहीं की जाएगी कोई कार्रवाई**

# चुनाव के मद्देनजर कर नोटिस को लेकर कांग्रेस पर दंडात्मक कार्रवाई नहीं करेगा आयकर विभाग

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। आयकर विभाग ने सोमवार को उच्चतम न्यायालय में कहा कि वह करीब 3,500 करोड़ रुपये के कर मांग नोटिस के संबंध में लोकसभा चुनावों के मद्देनजर कांग्रेस के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं करेगा। न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह की पीठ ने आयकर विभाग का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता का यह बयान दर्ज किया कि मामले पर अंतिम फैसला आने तक मौजूदा परिस्थितियों में तुरंत कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। पीठ ने कहा, इस आवेदन पर सुनवाई की शुरूआत में, प्रतिवादी विभाग की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि इसमें कोई विवाद नहीं है कि मार्च 2024 के महीने में कई तारीखों पर अपीलकर्ता के खिलाफ लगभग 3,500 करोड़ रुपये की मांग की गई है। उसने कहा, आगे (एसजी तुषार मेहता द्वारा) दलील दी गई कि इन अपीलों में जो मुद्दे सामने आए हैं, उन पर अभी फैसला सुनाया जाना बाकी है, लेकिन अब की स्थितियों को ध्यान में रखते हुए, विभाग इस मामले को तूल नहीं देना चाहता है क्योंकि प्रतिवादी विभाग द्वारा लगभग 3500 करोड़ रुपये की उपरोक्त मांग के संबंध में कोई भी कठोर कदम नहीं उठाया जाएगा। पीठ ने अलग-अलग कर मांग नोटिस पर कांग्रेस की याचिका पर सुनवाई को 24 जुलाई के लिए स्थगित कर दिया। कांग्रेस की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने इस रुख की सराहना करते हुए कहा कि अलग-अलग वर्ष के लिए सारे मांग नोटिस फरवरी और मार्च में जारी किए गए जो कुल 3500 करोड़ रुपये के थे। उन्होंने कहा, मैं बहुत कम ही निशब्द रहता हूं। लेकिन मेरे जानकारी मित्र के हस्तक्षेप से मैं निशब्द रह गया हूं। कृपया इसे जुलाई में लें। शुरूआत में, मेहता ने कहा, याचिकाकर्ता एक राजनीतिक दल है। 2016 के फैसले के आधार पर, जिसे चुनौती दी गई है, हमने 1700 करोड़ रुपये की मांग उठाई है।



# हरिद्वार-ऋषिकेश में उमड़े पर्यटक, रेंग-रेंगकर चले वाहन

**हरिद्वार /ऋषिकेश , एजेंसी।** हरिद्वार और ऋषिकेश में गर्मियों की छुट्टी का असर रविवार को देखने को मिला। यहां दिल्ली, दिल्ली-एनसीआर, हरियाणा, हिमाचल, पंजाब, राजस्थान और पश्चिमी उत्तर प्रदेश से बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचे हैं। दोनों ही जगह होटल धर्मशालाएं पैक हैं। वहीं, सड़कों पर जाम से पर्यटकों को दो चार होना पड़ा। हाईवे इस कदर जाम दिखे कि वाहन रेंग-रेंगकर चलते नजर आए।

हरिद्वार में गंगा स्नान के लिए यात्री आना शुरू हो गए थे। रविवार को भीड़ और बढ़ गई। शहर के होटल, धर्मशाला सब पूरी तरह से पैक हो गए हैं। मनसा देवी और मां चंडी देवी के दर्शन के लिए रोपवे पर भी लंबी लाइन लगी रही।

सुबह से ही भीड़ का यह नजारा धर्म नगरी में हर चौक-चौराहे पर भी देखने को मिला। सीजन की शुरुआत और इस तरह की भीड़ से व्यापारी ऑटो रिक्शा चालक और अन्य



कारोबारी सभी बेहद खुश नजर आए ।

उधर, ऋषिकेश में पर्यटकों के वाहनों का रेला उमड़ने से हाईवे जाम रहा। शहर की आंतरिक गलियों में तक वाहन जाम में फंसे रहे। नेपाली फार्म से शिवपुरी तक करीब 25 किलोमीटर क्षेत्र में वाहन रेंगते नजर आए। वाहनों का दबाव बढ़ने पर नटराज चौक से भानियावाला के लिए वाहनों को डायवर्ट किया गया। उसके बाद भी जाम से राहत नहीं मिली।

सुबह आठ बजे से ही नेपाली फार्म पर वाहनों लंबी लाइनें लग गई। ट्रेन आने के समय फाटक बंद होने से जाम की समस्या बढ़ गई। पुलिस ने बाहरी राज्यों के वाहनों का भानियावाला के लिए भेजा। कुछ वाहनों को ठाकुरपुर से खदरी होते हुए आगे निकाला गया।

शिवपुरी, ब्रह्मपुरी की ओर से आने वाले वाहनों को कोयलघाटी तिराहे से एम्स रोड, पशुलोक बैराज, चीला होते हुए हरिद्वार भेजा गया। हरिद्वार रोड से बाजार पहुंचे वाहनों को रेलवे रोड, देहरादून रोड के रास्ते नटराज चौक भेजा गया। यहां से यह वाहन भद्रकाली होते हुए तपोवन, ब्रह्मपुरी पहुंचे। आईएसबीटी से रामझूला से कई वाहन चौदह बीघा की गलियों से आगे गए। जिससे वहां गलियों में दिनभर जाम लगता रहा। वहीं खारास्रोत, गरुड़चट्टी में राफ्टिंग करने के लिए पर्यटकों की भीड़ लगी रही।

## अल्मोड़ा में दूसरे चरण में 4176 मतदान कर्मियों को दिया जाएगा प्रशिक्षण

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव को सफल बनाने के लिए 4176 मतदान कर्मियों को दूसरे चरण का प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत तोमर ने कहा कि मतदान कर्मियों को निर्वाचन की बारीकियां बताई जाएंगी ताकि गलती की गुंजाइश कम हो। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण तिथियों का निर्धारण कर दिया है।

जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत तोमर ने बताया कि तीन अप्रैल को सल्ट विधानसभा और पिंक बूथ में तैनात 376 कार्मिकों को ईवीएम का प्रशिक्षण एसएसजे परिसर के सभागार, द्वाराहाट विधानसभा में तैनात 328 कार्मिकों को उदयशंकर नाट्य अकादमी फलसीमा में प्रशिक्षण दिया जायेगा। चार अप्रैल को सल्ट विधानसभा के लिए तैनात 304 कार्मिकों एसएसजे परिसर के सभागार, द्वाराहाट विधानसभा के लिए तैनात 324 कार्मिकों को उदयशंकर नाट्य एकेडमी, पांच अप्रैल को जागेश्वर विधानसभा के लिए तैनात 412 कार्मिकों को एसएसजे ऑडिटोरियम, रानीखेत के 304 कार्मिकों को उदयशंकर नाट्य अकादमी में प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### महीनों से नहीं चल रहा बंजारी द्वितीय गेट

**रामनगर, एजेंसी।** कोसी नदी के पांच खनन गेटों में से दो खनन गेट बंद चल रहे है। एक गेट में तो जनवरी से वाहन जाना स्वयं ही बंद हो गए हैं, जबकि एक गेट को विभाग की ओर से 16 मार्च से बंद किया गया है। कोसी नदी में खड़ंजा, बंजारी प्रथम, द्वितीय, कठियापुल व कालूसिद्ध पांच खनन गेट हैं। इस खनन सत्र में कालूसिद्ध 22 दिसंबर 2023, बंजारी प्रथम को 24 दिसंबर, बंजारी द्वितीय 28 दिसंबर, कठियापुल एक जनवरी 2024 और खड़ंजा गेट 3 जनवरी को खनन के लिए खोला गया था। बंजारी द्वितीय गेट में 18 जनवरी तक दिन में एक या दो वाहन ही खनन के लिए गया। इस खनन गेट में खनन के लिए 450 वाहन पंजीकृत है। बंजारी प्रथम गेट पर खनन के लिए खुला है, लेकिन इस गेट में खनन नहीं हो रहा था। इसको देखते हुए वन विभाग ने 16 मार्च से गेट को बंद कर दिया है। खनन गेटों में वाहनों के पंजीकरण की बात करें तो करीब 22 सौ के आसपास वाहन पंजीकृत हैं। ऐसे में बंजारी प्रथम 475, बंजारी द्वितीय 450, खड़ंजा में 420, कालूसिद्ध में 400, कठियापुल में 450 यानी 2195 वाहन पंजीकृत है। तराई पश्चिमी वन प्रभाग के डीएफओ प्रकाश चंद्र आर्य ने बताया कि बाजपुर व काशीपुर से लगे जुड़का क्षेत्र में राजस्व भूमि से खनन वाहन नदी में जा रहे है। नदी में अवैध खनन किया जा रहा है, जिसकी जानकारी काशीपुर व बाजपुर के स्थानीय प्रशासन को दी गई है, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हो रही है।

### रातोंरात करोड़पति बन गया उत्तराखंड का युवक, ड्रीम 11 में टीम बनाकर जीता एक करोड़

**नैनीताल , एजेंसी।** हल्द्वानी के पास कालाढूंगी का युवक रातोंरात करोड़पति बन गया है। युवक मजदूरी करता है। उसने बताया कि वह पिछले छह साल से ड्रीम 11 पर क्रिकेट टीम बनाकर गेम खेल रहा था। इस बार किस्मत चमकी और एक करोड़ रुपए जीत गया। उत्तराखंड के कालाढूंगी का युवक रातोंरात करोड़पति बन गया है। युवक मजदूरी करता है। उसने बताया कि वह पिछले छह साल से ड्रीम 11 पर क्रिकेट टीम बनाकर गेम खेल रहा था। इस बार किस्मत चमकी और एक करोड़ रुपए जीत गया। अब उसका सपना पूर हो गया है। इस राशि के जीतने के बाद युवक का परिवार बेहद खुश है। कालाढूंगी के वार्ड नंबर 2 निवासी हरीश आर्य ने ड्रीम 11 में एक करोड़ की धनराशि जीती है। गरीब परिवार से ताल्लुक रखने वाले युवक ने कहा कि वह जीती धनराशि से अपने लिए मकान बनाने के साथ ही अपनी बहन की शादी करेगा। बता दें कि, हरीश आर्य के पिता कैलाश आर्य राजमिस्त्री का काम करते हैं।

### दिल्ली को जाने वाले एसी बसें पैक, साधारण खाली

**हल्द्वानी, एजेंसी।** होली के त्योहार के बाद पड़ रहे पहले वीकेंड में दिल्ली जाने वाले यात्रियों की भीड़ बढ़ गई है। शनिवार दोपहर बस अड्डे में सामान्य बसों को सवारियां नहीं मिलीं लेकिन एसी और वॉल्वो बसों में सीटों की मारामारी रही। रविवार को दिल्ली के लिए जाने वाली सभी एसी और वॉल्वो बसों में सीटें फुल हैं। शनिवार दोपहर बस अड्डे में दिल्ली जाने वाली साधारण बसें खड़ी थीं। मगर यात्रियों की कमी थी। शाम के समय दिल्ली, देहरादून जाने वाले यात्रियों की भीड़ बढ़ गई। वहीं, ऑनलाइन टिकट वाली बसों के टिकट सीट फुल होने से नहीं मिल पा रहे थे। अंदर बैठे कर्मचारियों ने बताया कि रविवार सुबह छह बजे दिल्ली जाने वाली वॉल्वो बस पैक है। सुबह साढ़े 8 बजे की जनरथ एसी बस, सुबह 9 बजे, सुबह 10 बजे, सुबह 11.30 बजे, दोपहर 1.30 बजे की वॉल्वो बस की सारी सीटें भर चुकी हैं। रात 9 बजे बाद की दिल्ली की वॉल्वो और एसी बसों में शनिवार शाम तक सीटें खाली थीं। एआरएम सुरेंद्र बिष्ट ने बताया कि साधारण बसों में दोपहर में सवारी काफी कम रहीं, शाम को सवारियां बढ़ने लगी थी। वहीं ऑनलाइन टिकट वाली बसें वीकेंड होने के कारण पैक हो गई हैं।

## एनसीए कैंप के लिए आदित्य का चयन

**हल्द्वानी, एजेंसी।** बीसीसीआई के एनसीए कैंप के लिए हल्द्वानी के युवा बल्लेबाज आदित्य रावत का चयन हुआ है। कैंप में आदित्य को बीसीसीआई के विशेषज्ञ कोचों से प्रशिक्षण लेने का अवसर मिलेगा। बीसीसीआई की जूनियर चयनकर्ता समिति ने उत्तराखंड के आदित्य रावत का चयन एनसीए अंडर-19 इलीट कैंप के लिए किया है। 2023-24 के घरेलू सत्र में आदित्य के प्रदर्शन को देखते हुए उनका चयन हुआ है। वीनू मांकड़ ट्रॉफी में आदित्य ने उत्तराखंड के लिए खेलते हुए 8 मैचों की 7 पारियों में 42.29 की औसत और 98.99 के स्ट्राइक रेट से 296 रन बनाए हैं। क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के पूर्व कोषाध्यक्ष दीपक मेहरा ने आदित्य को बधाई देते हुए बताया कि बीसीसीआई के नेशनल क्रिकेट एकेडमी का 26 अप्रैल से 22 मई तक अंडर-19 इलीट कैंप आयोजित होगा। यह कैंप बंगलुरु में आयोजित किया जा रहा है। आदित्य के चयन पर जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष कमल पपनै, जिला समन्वयक किशन अनेरिया, सदस्य लीला कांडपाल, जगमोहन बगड़वाल ने भी बधाई दी है। अंडर-19 जिला लीग में शनिवार को हल्द्वानी कोल्ट्स, जीएनजी और एसआरएस ने जीत दर्ज कर अंक जुटाए। एमएस मैदान गौलापार में हल्द्वानी कोल्ट्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 422 रन बनाए। जबाब में वेंडी की टीम 9 विकेट खोकर 142 रन ही बना सकी। कॉर्बेट मैदान चकलुआ में एसआरएस ने पहले खेलते हुए 25 ओवर में 9 विकेट खोकर 152 रन बनाए। जवाब में कुमाऊं की टीम 139 रन पर सिमट गई। जीएनजी मैदान में डीके स्पोर्ट्स ने पहले खेलते हुए 39 ओवर में 219 रन बनाए। जवाब में हृदयांश की 51 रन की पारी के दम पर जीएनजी ने 7 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

### क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय में हुई कर्मियों की तैनाती

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय में कनिष्ठ सहायकों के चार रिक्त पदों के सापेक्ष तीन कर्मियों की तैनाती हुई है। ऐसे में विभाग के साथ ही बेरोजगारों को राहत मिलेगी। सेवायोजन कार्यालय में 17 पदों के सापेक्ष सात कर्मी ही तैनात हैं। मार्च में यहां तीन कनिष्ठ सहायकों की तैनाती हुई है। कर्मियों की तैनाती होने से अब रोजगार पंजीकरण, नवीनीकरण, रोजगार मेले, कॅरिअर काउंसलिंग कार्यों को गति मिलने की गति मिलने की उम्मीद है। हालांकि अब भी कार्यालय में 10 पद रिक्त हैं। सेवायोजन कार्यालय में क्षेत्रीय सेवायोजन अधिकारी प्रभार पर तैनात हैं।

## बारिश से गेहूं और सरसों की फसलों नुकसान



**हरिद्वार, एजेंसी।** किसानों की कड़ी मेहनत से तैयार फसलों पर काले बादल उमड़ने लगे हैं। शनिवार सुबह बदले मौसम के मिजाज से तो किसानों की नींद उड़ गई, गेहूं और सरसों की फसल को बारिश और हवाओं से नुकसान पहुंचा है। इससे किसान परेशान हैं। आगे भी मौसम खराब रहने की चेतावनी से काश्तकारों के माथे पर चिंता की लकीरें खिंच गई हैं।

जनपद हरिद्वार में प्रमुख गेहूं की फसल लगभग 45 हजार हेक्टेयर पर बोई गई है। अब फसल तैयार होने की तरफ है। एक सप्ताह बाद तो किसानों की ओर से पक कर तैयार गेहूं की फसल की कटाई करने की योजना है। सरसों की कटाई तो किसानों की ओर से की जा रही है, लेकिन शनिवार सुबह घने बादल छा गए और झमाझम बारिश शुरू हो गई। बारिश से किसानों के खेतों में खड़ी फसल हवा से जमीन पर गिर गई। वहीं, खेतों में पड़ी सरसों की फसल बारिश में भीग गई।

किसानों का कहना है कि गेहूं की फसल गिरने से उत्पादन में कमी आएगी। सरसों भीगने से भी उत्पादन गिर जाएगा। इससे किसानों को घाटा उठाना पड़ सकता है।

## अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ हाईवे से लगे जंगल धधके



**अल्मोड़ा, एजेंसी।** जिले में बढ़ती गर्मी के साथ जंगलों में आग का सिलसिला जोरों पर है। बीते दिनों हुई हल्की बारिश भी जंगलों को आग से सुरक्षित बचाने में नाकाफी साबित हुई है। अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ हाईवे से लगे जंगलों में आग लगने से वन संपदा को खासा नुकसान पहुंचा है। अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ हाईवे से लगे पनुवानौला, ध्याड़ी सहित आसपास के जंगल में शनिवार को आग लग गई। पूरी रात जंगल सुलगते रहे और यहां से आग की लपटें उठती रहीं। इन घटनाओं में करीब तीन हेक्टेयर जंगल जल गया। रविवार सुबह हुई हल्की बारिश के बाद आग शांत हुई। जागेश्वर रेंज के रेंजर केवलानंद पांडे ने कहा कि जंगलों में आग लगने की विभाग को कोई सूचना नहीं मिली। वन विभाग जंगलों की सुरक्षा के लिए गंभीरता से काम कर रहा है। अराजक तत्व जंगलों को आग के हवाले कर रहे हैं। फायर सीजन में गर्मी बढ़ने के साथ जंगल आग की चपेट में आ रहे हैं। अंदाजा लगाया जा सकता है।

## साथियों के साथ दौड़ रहे 10वीं के छात्र की दिल का दौरा पड़ने से मौत

**सितारगंज, एजेंसी।** मौत का कारण हार्टअटैक बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि दौड़ते समय वह अचानक जमीन पर गिर गया था। सितारगंज (ऊधमसिंह नगर) मे सुबह साथियों के साथ सड़क पर दौड़ रहे 10वीं के छात्र की मौत हो गई। मौत का कारण हार्टअटैक बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि दौड़ते समय वह अचानक जमीन पर गिर गया था। सिसौना निवासी अनुज जोशी (15) पुत्र हरीश जोशी रविवार की सुबह अपने दो साथियों के साथ दौड़ रहा था। अचानक वह जमीन पर गिर गया। पीछे दौड़ रहे गांव के ही सामाजिक कार्यकर्ता हेम भट्ट ने अनुज के दो साथियों लक्की और योगेश की मदद से उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। हेम भट्ट ने बताया कि अनुज और उसके दो साथी उनके आगे दौड़ रहे थे। अनुज अपने दो साथियों से पीछे हो गया था। अचानक चलते-चलते वह गिर गया। उन्होंने




अनुज की छाती में पंप भी दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया। हरीश जोशी ने बताया कि रोजाना की तरह उनका बेटा अनुज अपने दो साथियों के साथ सुबह दौड़ने गया था। अनुज के शरीर पर किसी प्रकार की चोट का कोई निशान नहीं था। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण साफ हो सकेगा। घर में उसकी बड़ी बहन, माता-पिता और दादा का रो-रोकर बुरा हाल है।

## 195 प्रशिक्षु बने उत्तराखंड पुलिस का हिस्सा

**हरिद्वार, एजेंसी।** 40वीं वाहिनी पीएसी में दीक्षांत परेड के बाद 195 प्रशिक्षु उत्तराखंड पुलिस का हिस्सा बन गए। परेड में एडीजी अपराध एवं कानून व्यवस्था-पीएसी एपी अंशुमान ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

40वीं वाहिनी पीएसी के प्रशिक्षण संस्थान में नौ माह के प्रशिक्षण के बाद रविवार को दीक्षांत परेड में 195 प्रशिक्षुओं को शपथ दिलाई गई। एडीजी ने पास आउट कैडेट्स के माता-पिता और अभिभावकों को बधाई दी। उन्होंने जवानों को पुलिस के मूल मंत्र 'मित्रता, सेवा, सुरक्षा' की भावना को आत्मसात करते हुए भविष्य में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। सेनानायक प्रदीप कुमार राय ने बताया कि 15 जून से पीएसी प्रशिक्षण केंद्र में रिक्रूट आरक्षियों का आधारभूत प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया। इस दौरान प्रशिक्षुओं ने कांवड मेला जैसे अत्यंत संवेदनशील ड्यूटी



एवं विधानसभा सत्र के दौरान जनपद हरिद्वार में शांति व्यवस्था ड्यूटी भी निभाई।

प्रशिक्षण में सर्वांग श्रेष्ठ रिक्रूट आरक्षी कमल जोशी को चुना गया। अन्तःकक्ष सर्वांग रिक्रूट आरक्षी मौ. गय्यूर, प्रथम समूह में रिक्रूट आरक्षी सुनील उप्रेती, द्वितीय समूह में रिक्रूट आरक्षी विनीत, तृतीय समूह में रिक्रूट आरक्षी कौशल पुनेठा, चतुर्थ समूह में अभिषेक गोस्वामी, पंचम समूह में कमल जोशी, षष्ठम समूह कम्प्यूटर में मौ. गय्यूर, बाह्यकक्ष सर्वांग/सर्वोत्तम फायरर मोहित पांडे, अनुशासित प्रशिक्षु विनोद कुमार को चुना गया। इसके अलावा कुशल खिलाड़ी सुधांशु, पदाधि प्रशिक्षण प्रियांशु, पुलिस प्रशिक्षण एवं फील्ड क्राफ्ट प्रशिक्षण विनोद, पीटी/पीई प्रशिक्षण आरजू नायक को चयनित किया है।

इस दौरान एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल, वरिष्ठ कमांडेंट सीआईएसएफ सूर्य देव आर्य, सुरजीत सिंह पंवार उप सेनानायक, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी विंग कमांडर डॉ. सरिता नेगी पंवार, एसपी सिटी स्वतंत्र कुमार, एसपी देहात स्वप्न किशोर, एसपी क्राइम पंकज गैरोला, एएसपी विपिन कुमार, एएसपी व सीओ सदर जितेन्द्र मेहरा मौजूद रहे।

## रिटायर्ड पोस्टमास्टर की चिता जलते ही भाई ने भी तोड़ा दम

**नैनीताल, एजेंसी।** रामनगर के सेमलखलिया गांव में रविवार को रिटायर्ड पोस्टमास्टर के निधन के बाद श्मशान घाट में सदमे के बाद उनके छोटे भाई का भी हार्ट अटैक से निधन हो गया। एक ही दिन में दो भाइयों के निधन से गांव में शोक की लहर है।

रामनगर के सेमलखलिया गांव में रविवार को रिटायर्ड पोस्टमास्टर के निधन के बाद श्मशान घाट में सदमे के बाद उनके छोटे भाई का भी हार्ट अटैक से निधन हो गया। एक ही दिन में दो भाइयों के निधन से गांव में शोक की लहर है।

सेमलखलिया गांव निवासी डाक विभाग से सेवानिवृत्त केशवदत्त जोशी (78) का रविवार तड़के करीब 3 बजे हार्ट अटैक से निधन हो गया। सुबह करीब 11 बजे पार्थिव शरीर को विश्रामघाट ले जाया गया। वहां दाह संस्कार के बाद परिवार के लोग मुंडन करा रहे थे तभी दोपहर करीब 12 बजे उनके छोटे भाई दुर्गादत्त जोशी (70) के सीने में तेज दर्द उठा। हार्टअटैक की आशंका में परिजन उन्हें तुरंत ब्रजेश हॉस्पिटल ले गए, जहां से उन्हें काशीपुर रेफर किया।

## रामनगर में सचिन ने पुलिस कर्मियों के साथ खिंचवाई फोटो

**नैनीताल , एजेंसी।** पूर्व क्रिकेटर व भारत रत्न सचिन तेंदुलकर पत्नी अंजली व पांच दोस्तों के साथ पहुंचे थे। कॉर्बेट में जंगल की सफारी करने के बाद रविवार सुबह मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर दिल्ली के लिए रवाना हो गए।

कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के जंगल की सफारी करने के बाद रविवार सुबह मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर दिल्ली के लिए रवाना हो गए। सचिन ने इस दौरान जहां रिजॉर्ट कर्मियों से मुलाकात की तो वहीं पुलिसकर्मियों के साथ फोटो खिंचवाई और ऑटोग्राफ दिए।

पूर्व क्रिकेटर व भारत रत्न सचिन तेंदुलकर पत्नी अंजली व पांच दोस्तों के साथ पहुंचे थे। 29 मार्च को उन्होंने कॉर्बेट पार्क के ढिकाला जोन में जंगल सफारी की और खिनानौली रेस्ट हाउस में रात्रि विश्राम किया। 30 मार्च की शाम को ही वह पार्क से बाहर गए और ताज रिजॉर्ट में रुके। रविवार सुबह साढ़े आठ बजे वह रिजॉर्ट से दिल्ली के लिए रवाना हो गए। दिल्ली जाने से पहले सचिन तेंदुलकर ने रिजॉर्ट कर्मियों के साथ और सुरक्षा में लगे पुलिस कर्मियों के साथ फोटो खिंचवाई। रामनगर कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि वह रविवार सुबह दिल्ली के लिए रवाना हो गए थे। सीटीआर निदेशक डा. धीरज पांडेय ने बताया कि जंगल सफारी के दौरान वह बेहद उत्साहित नजर आए।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com

नई दिल्ली, मंगलवार, 02 अप्रैल, 2024

# आतिशी, भारद्वाज को रिपोर्ट करते थे विजय नायर : सीएम का ईडी को बयान

- सीएम केजरीवाल ने यह दावा करके इस सवाल को टाल दिया कि उन्हें इस बात की जानकारी नहीं थी कि सीएम के कैंप कार्यालय में कौन काम करता है।

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



आबकारी नीति मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री की न्यायिक हिरासत के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दायर अर्जी में कहा गया है कि अरविंद केजरीवाल ने अपने बयान में दावा किया है कि आरोपियों में से एक विजय नायर आप नेता आतिशी और सौरभ भारद्वाज को रिपोर्ट करता था, उन्हें नहीं। आप के पूर्व संचार प्रभारी विजय नायर को जांच एजेंसी ने दक्षिण के समूह के सदस्यों - के. कविता, सरथ रेड्डी, राघव मगुंटा, और मगुंटा श्रीनिवासुलु रेड्डी - तथा अन्य आप नेताओं मनीष सिसोदिया और संजय सिंह के साथ आबकारी नीति मामले में गिरफ्तार किया था।

ईडी की न्यायिक हिरासत की अर्जी में कहा गया है, गिरफ्तार व्यक्ति (सीएम केजरीवाल) से हिरासत में पूछताछ के दौरान, उनके कई बयान दर्ज किए गए। हिरासत में पूछताछ के दौरान वह गोल-मोल जवाब देते और जानकारी छिपाते पाए गए।

ईडी ने बताया कि विजय नायर की बातचीत और रिपोर्टिंग की सीमा के बारे में पूछे जाने पर, सीएम केजरीवाल ने कहा कि नायर उन्हें नहीं बल्कि मंत्रियों आतिशी और भारद्वाज को रिपोर्ट करते थे और संचार प्रभारी के साथ उनकी बातचीत सीमित थी।

ईडी ने अदालत को बताया, हालांकि, विजय नायर के बयानों से पता चलता है कि वह एक कैबिनेट मंत्री के बंगले में रहे और सीएम के कैंप कार्यालय से काम किया। गिरफ्तार व्यक्ति को यह समझाने के लिए भी कहा गया था कि जो व्यक्ति आप के अन्य नेताओं को रिपोर्ट करता था, वह उसके कैंप कार्यालय से क्यों काम करेगा, जो वैसे भी दिल्ली के सीएम के काम के लिए है, न कि पार्टी के लिए।

वित्तीय जांच एजेंसी ने आगे कहा कि सीएम केजरीवाल ने यह दावा करके इस सवाल को टाल दिया कि उन्हें इस बात की जानकारी नहीं थी कि सीएम के कैंप कार्यालय में कौन काम करता है।

उल्लेखनीय है कि विजय नायर आप के कोई छोटे-मोटे स्वयंसेवक नहीं हैं, बल्कि इसके मीडिया और संचार प्रमुख हैं। उन्हें (सीएम केजरीवाल को) अलग-अलग व्हाट्सएप चैट भी दिखाई गईं, जिसमें विजय नायर की संलिप्तता दिखाई गई, जो गिरफ्तार व्यक्ति का करीबी सहयोगी था और गिरफ्तार व्यक्ति के साथ बहुत करीब से रहता था और काम करता था।

अर्जी में आगे कहा गया है, गिरफ्तार व्यक्ति ने उसे दिखाए गए डिजिटल सबूतों की प्रामाणिकता पर सवाल उठाकर उससे पूछे गए सवालों का जवाब नहीं दिया है। गिरफ्तार व्यक्ति ने अपने डिजिटल उपकरणों के पासवर्ड का भी खुलासा नहीं किया, जो साक्ष्य संग्रह को बाधित करता है और गिरफ्तार व्यक्ति के असहयोग को भी दर्शाता है।

ईडी ने कहा कि हिरासत में पूछताछ के दौरान सीएम केजरीवाल को शराब कारोबार में शामिल अन्य सह-आरोपियों के साथ विजय नायर की 10 से अधिक बैठकों के सबूत दिखाए गए, जिनमें निमार्ता, थोक विक्रेता, खुदरा विक्रेता और यहां तक कि दिनेश अरोड़ा और अभिषेक बोइनपल्ली जैसे बिचौलिए भी शामिल थे।

केंद्रीय एजेंसी ने कहा, गिरफ्तार व्यक्ति को यह बताने के लिए कहा गया था कि विजय नायर किस अधिकार के साथ इन बैठकों में शामिल हुए थे। गिरफ्तार व्यक्ति ने इन व्यक्तियों के बारे में अनभिज्ञता का दावा करके सवाल को टाल दिया। यह स्पष्ट है कि विजय नायर जैसा वरिष्ठ पदाधिकारी, जिसने गिरफ्तार व्यक्ति के साथ मिलकर काम किया था, पार्टी प्रमुख की मंजूरी के बिना खुद को मुखर नहीं कर पाएगा। ऐसा इसलिए भी है क्योंकि इन साजिशों/बैठकों का अंतिम लाभ आम आदमी पार्टी को गोवा चुनाव अभियान में मिला था।

दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को सीएम केजरीवाल को 15 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया, जबकि आप सुप्रीमो ने एक आवेदन दायर कर तीन किताबें - रामायण और भगवद गीता और हाउ प्राइम मिनिस्टर्स डिसाइड - उपलब्ध कराने की मांग की। कथित उत्पाद शुल्क नीति घोटाले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी की हिरासत समाप्त होने पर उन्हें राउज एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा के समक्ष पेश किया गया था। विशेष न्यायाधीश बावेजा ने 28 मार्च को पर्याप्त कारण की बात कहते हुए उनकी ईडी हिरासत बढ़ा दी थी। उसने उसे अपने परिवार के सदस्यों और वकीलों से मिलने की अनुमति दी थी।

# सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट एएटीएस की कार्रवाई



- स्नेचिंग के दो मोबाइल बरामद किया
- वारदात में इस्तेमाल स्कूटी भी जप्त

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट के एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वाड की पुलिस टीम ने स्नेचिंग के दो मोबाइल बरामद किया है। और इस मामले में दो झपटमारो को गिरफ्तार भी किया है। साथ ही वारदात में इस्तेमाल एक स्कूटी भी बरामद किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सैयद वसिक अहमद और मोहम्मद अली मौलाई के रूप में हुई है। यह दोनों दरियागंज के रहने वाले हैं। मोहम्मद अली पहले से दरियागंज के एक मामले में शामिल रहा है। उनकी गिरफ्तारी से पुलिस ने कई मामलों का पता लगाया है।

डीसीपी एम हर्षवर्धन ने बताया कि इंस्पेक्टर रघुवीर सिंह मीणा की देखरेख में एसआई सुरेंद्र और सतपाल डागर की टीम ने सीसीटीवी फुटेज और लोकल इनफॉरमेशन की मदद से इन दोनों आरोपियों तक पहुंचने में कामयाब हुई। फिर एक स्पेसिफिक जानकारी मिलने के बाद इन दोनों को ट्रैक किया गया और पकड़ा गया। इनके पास से फिर छीने गए मोबाइल और वारदात में इस्तेमाल स्कूटी को बरामद किया गया। आगे की छानबीन की जा रही है।

# सीरिज में चलते कई ऑटो, बीच में जो जाता एक गायब

- उसी ऑटो में होता लाखों करोड़ों की ज्वैलरी और सामान
- ऐसा गैंग जो जेल में हायर करता था नए रंगरूटों को
- 50 दिन, 400 CCTV, 100 ड्राइवर ड्राइवर से पूछताछ
- 01 करोड़ की गोल्ड सिल्वर ज्वैलरी सहित सामान बरामद
- गोल्ड चोरी करके खुद के रखे मशीन में गला देता था

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली पुलिस ने घरों को टारगेट करके लाखों - करोड़ों की चोरी करने वाले एक ऐसे गैंग को पकड़ा है,,जो एक साथ सीरीज में ऑटो लेकर चलते थे। पुलिस को गच्चा देने के लिए रास्ते में एक ऑटो गायब कर देते, क्योंकि उसी ऑटो में चुराई गई लाखों की ज्वेलरी, कैश और अन्य सामान भरा होता था। चुराए गई ज्वेलरी को खुद के रखे हुए मशीन में गलाकर उसे फिर आगे डिस्पोजल करते थे। यह गैंग जेल में नए-नए रंगरूटों से संपर्क करके उन्हें भर्ती करता था और एक रात के 7000 से 1,0000 का भुगतान करता था।

सफदरजंग सबडिवीजन की पुलिस टीम ने मास्टरमाइंड सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिसमें से एक की पहचान रंजीत उर्फ सोनू, दूसरे की सोनू उर्फ चिड़िया मार और तीसरे की सौरभ के रूप में हुई है। यह तीनों दिल्ली के संगम विहार, कापसहेड़ा और हरियाणा के बल्लभगढ़ के रहने वाले हैं। इनके पास से 80 आइटम गोल्ड और सिल्वर की ज्वेलरी बरामद की गई है। जिसकी कीमत एक करोड़ से ज्यादा बताई जा रही है। पुलिस ने वह मशीन भी बरामद किया है, जिसमें यह गोल्ड ज्वेलरी रखकर गला देते थे। इस गैंग का पता लगाने के लिए पुलिस को तकरीबन 50 दिन का समय लगा और 400 से ज्यादा सीसीटीवी, 100 से ज्यादा ऑटो ड्राइवर से पूछताछ की। तब जाकर इस गैंग का खुलासा किया जा सका।

डीसीपी रोहित मीणा ने बताया की 9 फरवरी और 16 मार्च को साउथ वेस्ट दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में चोरी की दो बड़ी वारदात हुई थी। इस वारदात को सुलझाने के लिए एसीपी रणवीर सिंह की देखरेख में टीम बनाई गई और इस टीम ने फिर सीसीटीवी फुटेज और टेक्निकल सर्विलांस की मदद से पता लगाना शुरू किया था। जिसमे पुलिस को ऑटो के बारे में पता चला। कई ऑटो एक साथ चलता और बीच में से एक गायब हो जाता था। इन्होंने चोरी के ज्वैलरी और अन्य सामान रखने के लिए उत्तम नगर में किराया का कमरा ले रखा था।

# द्वारका एंटी बरग्लरी सेल ने दबोचा सेंधमार

- मोबाइल और गोल्ड इयरिंग हुए बरामद

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




द्वारका जिला के एंटी बरगलरी सेल की टीम ने एक एक्टिव बरगलर को गिरफ्तार किया है। इसके पास से मोबाइल और गोल्ड इयरिंग बरामद किया गया है। आरोपी की पहचान राजू कुमार के रूप में हुई है। यह रघुवरपुरा गांधीनगर का रहने वाला है। डीसीपी अंकित सिंह ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि इसकी गिरफ्तारी से डाबरी और बिंदापुर थाना के दो मामलों का खुलासा किया गया है।

जब 25 मार्च को विजय एंक्लेव में हाउस थेफ्ट की एक वारदात हुई थी। जिसमें घर से तीन मोबाइल गोल्ड ईयररिंग इत्यादि चोरी हो गए थे। उस मामले में एफ आई आर दर्ज करके पुलिस ने छानबीन शुरू की थी। इंस्पेक्टर विवेक मेंडोला की टीम को छानबीन के लिए लगाया गया था। पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से जानकारी इकट्ठा की और फिर आरोपी तक पहुंचने में कामयाब हुई।

पुलिस टीम ने जब एक ऑटो को ट्रैक किया तो पता चला कि ऑटो ने संदिग्ध व्यक्ति को सीलमपुर मेट्रो स्टेशन के पास छोड़ा गया था। वहां से पुलिस टीम छानबीन करती हुई राजू कुमार के बारे में जानकारी इकट्ठा करने में कामयाब हो गई और फिर इसे पकड़ा गया।

# स्पेशल स्टाफ ने पकड़ा शातिर आरोपी



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

पश्चिमी जिला के स्पेशल स्टाफ की पुलिस टीम ने एक शातिर बदमाश राजू को गिरफ्तार किया है। जो रघुवीर नगर का रहने वाला है। इसके पास से दो मोबाइल और चोरी की स्कूटी बरामद की गई है। डीसीपी वेस्ट विचित्र वीर ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि इसकी गिरफ्तारी से मायापुरी, राजौरी गार्डन और पंजाबी बाग थाना के तीन मामलों का खुलासा किया गया है। इस आरोपी को एसीपी ऑपरेशन अरविंद कुमार की देखरेख में इंस्पेक्टर स्पेशल स्टाफ अजमेर सिंह की टीम ने आर ब्लॉक झुग्गी, रघुबीर नगर इलाके से शाम में गिरफ्तार किया है। जब इसके बारे में एक इनफार्मेशन मिली थी। जिस स्कूटी से यह जा रहा था वह चोरी की निकली और तलाशी में मोबाइल बरामद किया गया। यह आरोपी बुजुर्गों को टारगेट करके उनसे चीटिंग की वारदात को भी अंजाम देता था और उनकी ज्वेलरी और महंगा सामान धोखे से उतार लेता था।

# कापसहेड़ा पुलिस ने शराब तस्कर पकड़ा

## 192 क्वार्टर बरामद, स्कूटी भी जब्त

साऊथ वेस्ट डिस्ट्रिक्ट के कापसहेड़ा थाना की पुलिस टीम ने एक शराब तस्कर को पकड़ा है। उसके पास से 192 क्वार्टर बरामद किया गया है। तस्करी में इस्तेमाल स्कूटी को भी पुलिस ने जब्त कर लिया है। डीसीपी रोहित मिना ने बताया की गिरफ्तार आरोपी की पहचान राजेश कुमार के रूप में हुई है। यह राजोकरी गांव का रहने वाला है। एसीपी सत्यजीत सरीन की देखरेख में एसएचओ नवीन कुमार, हेड कांस्टेबल विक्रम, कपिल, लोकेश और कांस्टेबल सत्यजीत की टीम ने पकड़ा है। जब यह राजोकरी फ्लाई ओवर के पास से जा रहा था। पुलिस को देखते ही यू टर्न लिया तो पुलिस का शक बढ़ गया। जब पकड़ा गया तो स्कूटी से शराब के क्वार्टर पकड़े गए।

# एनएमडीसी ने पूर्व कर्मचारी पोर्टल सम्मान का अनावरण किया



हैदराबाद। अपने आदर्श विचारों - नौकरी के साथ भी, नौकरी के बाद भी को मूर्त रूप देते हुए जिम्मेदार खनिक एनएमडीसी ने पूर्व कार्मिकों के लिए सम्मान पोर्टल लॉन्च करके डिजिटल नवाचार में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इस पहल का शुभारंभ 28.03.2024 को हैदराबाद में कंपनी के मुख्यालय में श्री अमिताभ मुखर्जी अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (अतिरिक्त प्रभार) ने श्री विनय कुमार, निदेशक (तकनीकी), श्री बी. विश्वनाथ, सीवीओ, परियोजना प्रमुखों,मुख्यालय के विभागाध्यक्षों की उपस्थिति में किया। भारत के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक के रूप में, एनएमडीसी न केवल औद्योगिक उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्ध है बल्कि मानव संसाधन को भी अत्यधिक महत्व देता है जो इसकी सफलता का प्रमुख कारक है। सम्मान इस प्रतिबद्धता का एक सूचक है, जो पूर्व कर्मचारियों को विभिन्न चिकित्सा दावों का प्रबंधन करने, व्यक्तिगत प्रोफाइल, आश्रितों के विवरण और आवेदन की स्थिति देखने के लिए एक सहज, डिजिटल प्लेटफॉर्म ऑनलाइनप्रदान करता है। प्रयोक्ता अनुकूलइस पोर्टल को समय पर प्रतिपूर्ति और सभी सेवानिवृत्ति सेवाओं तक आसान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए डिजाइन किया गया है, जिससे एनएमडीसी के पूर्व कर्मचारियों को उनकी दहलीज तक आरामदायक और सुविधाजनकसेवा मिलती रहे। लॉन्च के अवसर पर बोलते हुए श्री अमिताभ मुखर्जी, सीएमडी (अतिरिक्त प्रभार) ने कहा, अपने पूर्व कर्मचारियों के जीवन को आसान बनाने की दिशा में योगदान करके हमें प्रसन्नता हो रही है। सम्मान सेवानिवृत्ति के बाद भी एनएमडीसी परिवार को परेशानी के बिना लाभ प्रदान करने की हमारी मूल भावना का प्रतिनिधित्व करता है। यह पहल उन लोगों के योगदान का सम्मान करने के हमारे विश्वास की पुष्टि करता है जो हमारी यात्रा का एक अभिन्न हिस्सा रहे हैं। सम्मान की शुरूआत न केवल एनएमडीसी की डिजिटल यात्रा में एक नया अध्याय है, बल्किएनएमडीसी परिवार के अतीत और वर्तमान के सभी सदस्यों के लिए एक देखभाल युक्त और समावेशी वातावरण को बढ़ावा देने के लिए कंपनी के समर्पण को भी मजबूत आधार प्रदान करता है।

# केजरीवाल को जेल भेजे जाने पर भाजपा ने कहा- कोर्ट का फैसला तथ्यों पर आधारित



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कथित शराब घोटाले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जेल भेजे जाने का स्वागत करते हुए कोर्ट के फैसले को तथ्यों पर आधारित बताया। पार्टी ने भ्रष्टाचार को लेकर आम आदमी पार्टी सहित पूरे विपक्षी आई.एन.डी.आई.ए. गठबंधन पर कड़ा प्रहार किया। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने सोमवार को पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि आप सबने देखा कि कल भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों में घिरे हुए स्वघोषित कट्टर ईमानदार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को भ्रष्टाचार के पुराने आरोपितों और पुराने गुनाहों में आबद्ध रहे राजनीतिक दलों ने समर्थन दिया है।

उन्होंने कहा कि आज कोर्ट का फैसला तथ्यों पर आधारित था। तथ्यात्मक आधार पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 15 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। भाजपा नेता ने कहा कि जिन आरोपों से विपक्ष आरोपितों को बचाने की कोशिश कर रहा था, वे गंभीर आरोप हैं। सुधांशु त्रिवेदी ने कहा, अरविंद केजरीवाल ने सीएम बनते ही अपना गुरु बदल लिया। अब उनके गुरु लालू प्रसाद यादव हैं।

भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि केजरीवाल ने हिरासत में रहकर सियासत चलायी है और अब वह बिल्कुल चुप हो गये हैं। न्यायिक हिरासत में रहते हुए भी उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया है। इससे साफ पता चलता है कि पूरा विपक्ष एक भ्रष्ट झूठ बोलने वाले को बचाने की कोशिश कर रहा है।

त्रिवेदी ने कहा कि इस तथ्यात्मक आधार से बड़ा संवैधानिक और नैतिक प्रश्न खड़ा हो रहा है। क्योंकि वो हिरासत से सत्ता की सियासत करने वाले मुख्यमंत्री तो रह ही चुके थे और अभी तक उन्होंने ज्यूडिशियल कस्टडी के बाद भी कोई उत्तर नहीं दिया है। इससे ये बहुत साफ हो जाता है कि सारा विपक्ष जिस आरोपित को बचाने का प्रयास कर रहा था, न्यायालय की दृष्टि में उसपर गंभीर आरोप लगे हैं।

सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि मीडिया में इस प्रकार की रिपोर्ट आई है कि केजरीवाल ने वहां नाम लिया है कि मुख्य आरोपित विजय नायर आतिशी और सौरभ भारद्वाज को रिपोर्ट करते थे। इससे ये बात भी स्पष्ट होती जा रही है कि केजरीवाल ईडी के सामने आने से क्यों बच रहे थे।

# आम आदमी पार्टी के पूर्व सांसद धर्मवीर गांधी कांग्रेस में शामिल

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

पंजाब के पटियाला से आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व सांसद धर्मवीर गांधी लोकसभा चुनाव से पहले सोमवार को यहां कांग्रेस में शामिल हो गये। धर्मवीर के पटियाला सीट से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ने की संभावना है। गांधी ने 2014 में आप के उम्मीदवार के रूप में परनीत कौर को हराकर लोकसभा चुनाव जीता था। बाद में, पेशे से चिकित्सक गांधी ने 2016 में आप छोड़ कर अपना खुद का दल ह्यनवां पंजाब पार्टीह्न बनाया। उन्होंने सोमवार को इस दल का कांग्रेस में विलय कर दिया। पार्टी नेता पवन खेड़ा और पंजाब के प्रभारी देवेन्द्र यादव, कांग्रेस की पंजाब इकाई के प्रमुख अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग और नेता प्रतिपक्ष प्रताप सिंह बाजवा ने गांधी का पार्टी में स्वागत किया। बाजवा ने कहा कि उनके शामिल होने से कांग्रेस मजबूत होगी। वड़िंग ने कहा कि ऐसे पेशेवरों का पार्टी में शामिल होना एक अच्छा संकेत है।

# आप की बात हुई सच, चुनाव में हार को देख भाजपा ने केजरीवाल को गिरफ्तार कराया- दिलीप पांडे

- ईडी ने अरविंद केजरीवाल को रिमांड पर लेने के बजाय न्यायिक हिरासत में भेजने पर सहमति जताकर आप को सही साबित किया- दिलीप पांडे

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




सीएम अरविंद केजरीवाल को न्यायिक हिरासत में भेजे जाने पर आम आदमी पार्टी ने भाजपा पर तीखा हमला बोला। आप के वरिष्ठ नेता दिलीप पांडे ने कहा कि आज आदमी पार्टी की यह बात सच साबित हो गई है कि भाजपा को लोकसभा चुनाव में हार का डर सता रहा है। इसी से बौखला कर भाजपा ने सीएम अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कराया है। ईडी ने कोर्ट से सीएम अरविंद केजरीवाल का रिमांड नहीं मांगा, बल्कि उनको न्यायिक हिरासत में भेजने पर अपनी सहमति जताई है। जब ईडी को अरविंद केजरीवाल से पूछताछ नहीं करनी है तो फिर एक सीटिंग मुख्यमंत्री को जेल में रखने का क्या तर्क है? भाजपा की साजिश का सच जनता के सामने आ गया है कि ईडी का मकसद केजरीवाल से कभी पूछताछ का था ही नहीं। इसके पीछे मकसद केवल इंडिया गठबंधन के प्रमुख चेहरे को चुनाव प्रचार से रोकना था। पार्टी मुख्यालय में प्रेसवार्ता कर आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं विधायक दिलीप पांडे ने कहा कि दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में जो घटनाक्रम हुआ, उसने बीजेपी द्वारा निर्देशित ईडी को फिर से बेनकाब कर दिया है। आज कोर्ट में ये साबित हो गया कि ईडी पूरी तरह से बीजेपी के एक सियासी औजार के तौर पर लोकसभा चुनाव में सक्रिय भूमिका निभा रही है। ईडी ने कोर्ट में सीएम अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत पर अपनी सहमति जताते हुए रिमांड न लेने की बात कहकर आम आदमी पार्टी के उस कथन को सही साबित कर दिया, जिसमें हमने बार-बार ये कहा है कि लोकसभा चुनावों के ठीक पहले सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी चुनाव में बीजेपी की हार की प्रत्याशा का परिणाम है। उसने अपनी हार के डर से बौखलाहट में ये गिरफ्तारी की है। विधायक दिलीप पांडे ने कहा कि अब सीएम अरविंद केजरीवाल को न्यायिक हिरासत में भेजने का क्या मतलब है? आपने उन्हें 11 दिन की रिमांड पर लेकल पूछताछ की, अब अगर पूछताछ नहीं करनी है, तो एक सीटिंग मुख्यमंत्री को जेल की सलाखों के पीछे रखने का क्या तर्क है? किसी को न्यायिक हिसारत में तब रखा जाता है, जब आपको अंदेशा हो कि जिसके ऊपर आरोप हैं, वो कहीं चला जाएगा या कानून को मानने वाला नागरिक नहीं है। लेकिन ऐसे कोई भी हालात सीएम अरविंद केजरीवाल के साथ नहीं हैं। उनको न्यायिक हिरासत में भेजने के बाद ईडी और बीजेपी ने ये स्पष्ट कर दिया है कि सिर्फ लोकसभा चुनाव को देखते हुए सीएम अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया गया है। इसका मकसद पूछताछ करना कभी था ही नहीं। बल्कि, उनका असली मकसद लोकसभा चुनाव में अरविंद केजरीवाल को किसी तरह से रोक के रखना और इंडिया गठबंधन के इस प्रमुख चेहरे को चुनावी कैंपेन करने से रोकना था। उन्होंने कहा कि आज बीजेपी का घिनौना चेहरा और असली मकसद कोर्ट और विधानसभा के सामने बेनकाब हो गया है। देश और दिल्ली की जनता के सामने सच आ गया है कि बीजेपी ये नहीं चाहते कि आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल लोकसभा चुनाव का प्रचार करें। बीजेपी नहीं चाहती कि आम आदमी पार्टी दिल्ली की जनता की सेवा करके उनका आशीर्वाद प्राप्त कर सकें। भाजपा नहीं चाहती कि अरविंद केजरीवाल आगे भी दिल्लीवासियों के दिलों पर राज करते रहें।

विधायक दिलीप पांडे ने कहा कि अरविंद केजरीवाल जबतक बाहर थे, तब तक बीजेपी की ऑपरेशन लोटस की सारी कोशिश बार-बार लगाता असफल हो रही थी। दिल्ली विधानसभा में भी आज विधायकों ने फिर सबके सामने ये स्पष्ट किया है कि कैसे बीजेपी उन्हें पैसों का लालच देकर तोड़ने की कोशिश कर रही है। ये बेशर्म भाजपा हमारे विधायकों को मंत्रीपद का लालच देकर अरविंद केजरीवाल के सिपाहियों को तोड़ने की कोशिश कर रही है। बीजेपी ये भी कर रही हैं कि हमने तो बिना सबूत के अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया। अब हमारी योजना दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाने की है। अगर तुम राजनीति में बने रहना चाहते हो, तो ये पैसे पकड़ो और हमारी पार्टी में शामिल हो जाओ। अगर तुम 10 विधायकों को साथ लेकर आते हो तो, राष्ट्रपति शासन के बाद जब हम दिल्ली में सरकार बनाएंगे तो तुम्हें मंत्री पद दे देंगे।

# राजधानी में बुधवार की रात हल्की बूंदाबांदी के आसार

नई दिल्ली। राजधानी के कुछ इलाकों में बुधवार की रात हल्की बूंदाबांदी हो सकती है। इसके चलते दिन के अधिकतम तापमान में अभी इजाफा नहीं होगा। इस बीच, सोमवार को भी उत्तर पश्चिम दिशा से आने वाली तेज हवाओं के चलते अधिकतम तापमान सामान्य से नीचे रहा। दिल्ली के ज्यादातर हिस्सों में सुबह से ही तेज धूप निकली, लेकिन 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे तक की रफ्तार हवा चलने के कारण अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। उत्तरी पश्चिमी दिशा से हवा चलने के कारण यह अपने साथ पहाड़ों की ठंडक ला रही है। सफदरजंग मौसम केन्द्र में सोमवार का अधिकतम तापमान 31.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान 18.4 डिग्री सेल्सियस रहा, जो इस समय का सामान्य तापमान है। यहां पर आर्द्रता का स्तर 90 से 30 फीसदी तक रहा। मौसम विभाग का अनुमान है कि मंगलवार को भी हवा की रफ्तार 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे तक रह सकती है। वायु गुणवत्ता सूचकांक 133 अंकों पर रहा तेज रफ्तार हवाओं के चलते सोमवार को दिल्ली की हवा साफ-सुथरी रही। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक, दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 133 अंकों पर रहा। इस स्तर की हवा को मध्यम श्रेणी में रखा जाता है। रविवार को यह सूचकांक 242 अंकों के साथ खराब श्रेणी में था। चौबीस घंटे के अंतराल में सूचकांक में 109 अंकों का सुधार हुआ है। अगले दो दिनों के बीच भी वायु गुणवत्ता का यह साफ-सुथरा स्तर बने रहने के आसार हैं।

# गौतमबुद्धनगर जिला अदालत में सीसीटीवी कैमरे काम न करने पर उत्तर प्रदेश सरकार को नोटिस

- आप अदालत में प्रवेश नहीं कर सकते और वकीलों से यह नहीं कह सकते चलो निकल जाओ यहां से।

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



नई दिल्ली । उच्चतम न्यायालय ने गौतमबुद्ध नगर जिला न्यायाधीश की उस रिपोर्ट पर गौर करने के बाद सोमवार को उत्तर प्रदेश सरकार से जवाब मांगा जिसमें कहा गया है कि रखरखाव के लिए निधि की कमी के कारण अदालत परिसर में सीसीटीवी कैमरे खराब पड़े हैं।

उच्चतम न्यायालय ने गौतमबुद्ध नगर जिला अदालत में वरिष्ठ वकील गौरव भाटिया के साथ की गई कथित हाथापाई का 21 मार्च को संज्ञान लिया था। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि वह इस घटना और इस तथ्य से नाखुश है कि इसके लिए जिम्मेदार व्यक्तियों की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है।

प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पीठ ने कहा, हम इस पर अगले सोमवार को सुनवाई करेंगे। भले ही उन्होंने (स्थानीय बार नेताओं ने) माफी मांग ली है, हम इसकी निंदा करेंगे कोई भी वकील किसी अदालत (न्यायाधीश) और वकील को अदालत से जाने के लिए मजबूर नहीं कर सकता, हम इसे बहुत गंभीरता से लेंगे। इस पीठ में न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल हैं।

पीठ ने जिला न्यायाधीश अमित सक्सेना द्वारा दायर इस रिपोर्ट पर गौर किया कि जिला अदालत परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे खराब थे और इसलिए घटना की फुटेज प्राप्त नहीं की जा सकी। पीठ ने राज्य सरकार की वकील और वरिष्ठ अधिवक्ता गरिमा प्रसाद के माध्यम से उसे नोटिस जारी किया।

इससे पहले, शीर्ष अदालत ने घटना पर संज्ञान लेते हुए जिला न्यायाधीश से घटना के सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित रखने को कहा था। वकीलों द्वारा सहकर्मियों को अदालतों में प्रवेश करने से रोकने के मुद्दे पर प्रधान न्यायाधीश ने सोमवार को कहा, विरोध का मतलब हड़ताल नहीं है। आप अदालत में प्रवेश नहीं कर सकते और वकीलों से यह नहीं कह सकते चलो निकल जाओ यहां से। हम इसे बहुत गंभीरता से लेंगे।

सुनवाई की शुरूआत में सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) के अध्यक्ष आदिश अग्रवाल और सचिव रोहित पांडे ने कहा कि स्थानीय बार नेताओं ने खेद व्यक्त करते हुए एक पत्र लिखा है। वरिष्ठ वकील गौरव भाटिया की ओर से पेश वरिष्ठ वकील एवं एससीबीए के पूर्व अध्यक्ष विकास सिंह ने अग्रवाल की दलील का विरोध करते हुए कहा कि स्थानीय बार नेताओं द्वारा कोई खेद या अफसोस व्यक्त नहीं किया गया और वे अपराधी की पहचान करने में भी विफल रहे।

इससे पहले विकास सिंह ने पीठ के समक्ष इस मामले का उल्लेख किया था जिसके बाद प्रधान न्यायाधीश ने घटना पर स्वतः संज्ञान याचिका दर्ज करने का निर्देश दिया था। यह घटना बुधवार को जिला अदालत में हुई थी जहां वकील हड़ताल कर रहे थे।

सिंह ने शीर्ष अदालत को बताया था कि वकीलों ने कथित तौर पर दुर्व्यवहार किया और भाटिया का ह्यकॉलर बैंडह्न छीन लिया। एक महिला वकील भी पीठ के समक्ष पेश हुईं और दावा किया कि एक मामले में पेश होने के दौरान एक अलग अदालत में उनके साथ भी दुर्व्यवहार किया गया था।

## संक्षिप्त खबरें

### मिशन दक्ष के बच्चों के रिजल्ट की होगी समीक्षा

जमुई/गिद्धौरः- मिशन दक्ष के लिए चयनित बच्चों के रिजल्ट की समीक्षा होगी। वार्षिक परीक्षा में कम ग्रेड में आए ऐसे बच्चों के लिए 1 अप्रैल से 14 तक विशेष दक्ष कक्षा चलेगी। 15 मई को इन बच्चों की फिर से परीक्षा होगी। प्राथमिक शिक्षा निदेशक मिथिलेश मिश्रा ने इसको लेकर निर्देश दिया है। बता दें कि 1 दिसंबर 2023 से कमजोर छात्रों के लिए मिशन दक्ष प्रारंभ किया गया था।इसके तहत कक्षा 3 से कक्षा-8 तक के वैसे छात्र जो हिंदी अंग्रेजी एवं गणित के बुनियादी कौशल में बहुत कमजोर है,को चिन्हित कर विद्यालय के ही शिक्षकों द्वारा प्रत्येक दिन विद्यालय में छोटे-छोटे समूह में अलग से पढ़ाया जा रहा था।मिशन दक्ष के तहत अध्ययनरत नामांकित छात्रों की नियमित दक्ष कक्षाओं का संचालन 18 मार्च तक किया गया है।20 मार्च तक विभिन्न कक्षाओं के लिए वार्षिक परीक्षाएं ली गयी है।नियमित वार्षिक परीक्षा के परिणामों में दक्ष कक्षाओं के लिए चयनित बच्चों के प्रदर्शन और उपलब्धि की विशेष समीक्षा की जाएगी।मिशन दक्ष के लिए चयनित बच्चे जो वार्षिक मूल्यांकन में अनुत्तीर्ण होंगे एवं जिनके अधिगम प्रतिफल में अपेक्षित सुधार नहीं होगा, उनके लिए 1 अप्रैल से 15 अप्रैल तक नियमित कक्षाओं के बाद विशेष दक्ष कक्षाएं पूर्ववत संचालित की जाएगी।

# पुलिसिया कार्रवाई पर उदासीनता का आरोप लगा आक्रोशितों ने शव के साथ किया एसएच जाम

## आक्रोशित लोग बदमाशों की गिरफ्तारी और पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की कर रहे थे मांग



- मुरलीगंज-बिहारीगंज एसएच 91 रोड को रजनी पंचायत अंतर्गत सबूरी चौक के पास किया जाम
- जिला से पहुंचे एसडीएम और एएसपी के संतोषजनक आश्वासन पर चार घंटे बाद हटा जाम
- सुबह आठ बजे से मुख्य मार्ग जाम रहने के कारण आवागमन में लोगों को हुई परेशानी

प्रात: किरण, संवाददाता

मुरलीगंज मधेपुरा बीते 15 मार्च को दिन दहारे लूट की घटना में अज्ञात बदमाशो की गोली से घायल युवक की 16 दिन बाद हुए मौत और अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं होने से आक्रोशित लोगों ने सोमवार की सुबह करीब आठ बजे से एसएच 91 रोड को घंटो जाम कर प्रदर्शन किया। पीड़ित परिवार के साथ सैकड़ो ग्रामीण मृतक लंबू मुखिया के शव को लेकर मुरलीगंज-बिहारीगंज एसएच 91 मुख्य मार्ग को रजनी पंचायत अंतर्गत सबूरी चौक के पास बांस बल्ला लगा कर जाम कर दिया। इस दौरान सड़क जाम रहने से स्कूली छात्र, शिक्षक, आवश्यक कार्य से आने जाने वाले लोगों को आवागमन में भारी परेशानी हुई। सड़क जाम स्थल के दोनो तरफ बड़े व छोटे वाहनों की लंबी लाइन लग गई। सूचना पर सीओ, थानाध्यक्ष सदलबल के साथ पहुंचे। आक्रोशित लोगों को समझाने का काफी प्रयास किया। लेकिन लोग वरीय पदाधीकारी को जाम स्थल पर बुलाने की मांग पर अड़े रहे। इस दौरान स्थानीय पुलिस प्रशासन के विरुद्ध आक्रोशित लोगों ने जमकर विरोध किया। घटना में पुलिस द्वारा कार्रवाई के नाम पर उदासीनता बरतने का आरोप लगा रहे थे। कहा कि 16 दिन बाद गोली लगने से घायल लंबू मुखिया की मौत हो गई। लेकिन पुलिस उनसे बयान भी नही लिया। हम ग्रामीण लोग चंदा से पैसा जमा कर इलाज करवा रहे थे। इस बीच जिला से पहुंचे एसडीएम संतोष कुमार और एएसपी प्रवेंद्र भारती के संतोषजनक आश्वासन पर लगभग चार घंटे बाद सड़क जाम हटाया। कहा जल्द अपराधियों की गिरफ्तारी की जाएगी। पीड़ित परिवार को हरसंभव मदद के लिए प्रयास किया जाएगा। क्षेत्र में पुलिस गस्त बढ़ाई जाएगी। ज्ञात हो कि बीते 15 मार्च को मुरलीगंज थाना क्षेत्र के कोलहायपट्टी प्रतापनगर रोड में दिन दहारे अज्ञात बदमाशो ने बाइक लूट के दौरान रजनी प्रताप नगर निवासी लंबू मुखिया (38) वर्ष को गोली मार कर बाइक लेकर फरार हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से तत्काल सीएचसी पहुचाया गया। गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने बेहतर इलाज हेतु हायर सेंटर रेफर कर दिया। जिसके बाद परिजनों ने सहरसा के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया। लेकिन 16 दिन बाद बीते रविवार को पीड़ित लंबू मुखिया की मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि जब लंबू मुखिया कुछ बताने लायक हुए तब स्थानीय पुलिस इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं किये। साथ हीं गंभीर रूप से घायल लंबू मुखिया का कोई फर्द बयान भी नहीं लिया। एएसपी प्रवेंद्र भारती ने कहा कि मृतक के पत्नी की फर्द बयान पर मुरलीगंज थाना में कांड अंकित किया जा चुका है। साक्ष्य एकत्रित कर कार्रवाई की जा रही है। अपराधी को जल्द गिरफ्तार किया जायेगा।

# पुलिस पदाधिकारी के साथ बीडीओ ने की बैठक



प्रात: किरण, संवाददाता

कुमारखंड,मधेपुरा आगामी लोकसभा आम चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने को लेकर कुमारखंड पुलिस प्रशासन की तैयारी जोड़ो पर है । लगातार बीडीओ सह एआरओ पुलिस पदाधिकारी और सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे हैं। कुमारखंड प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित बीडीओ कक्ष में बीडीओ प्रियदर्शी राजेश पायलट कुमारखंड थाना, श्रीनगर थाना, भतनी थाना, बेलारी थाना के पुलिस पदाधिकारी के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा थाना क्षेत्र के विभिन्न बूथ पर मतदान के दौरान मतदाता को डराने धमकाने वाले लोगो को चिन्हित कर या जो चुनाव में अनावश्यक खलल डालने वाले व्यक्ति पर 107 की कार्य वाई कर कार्यालय को सूची उपलब्ध कराने की बात कही। सभी बूथ के रूट चार्ट बूथ पर होने वाले अन्य समस्याओं से अवगत करना सुनिश्चित करें ।ताकि समय पर सभी तैयारी पूरी किया जाय। मौके पर बीडीओ प्रियदर्शी राजेश पायलट, कुमारखंड थाना अध्यक्ष इंस्पेक्टर संजीव कुमार, श्रीनगर थाना अध्यक्ष इंस्पेक्टर राघवेंद्र नारायण, भतनी थाना अध्यक्ष सत्य प्रकाश, बेलारी थाना अध्यक्ष राजू कुमार समेत और पदाधिकारी मौजूद थे।

# नगर परिषद की वाहन पड़ाव नीलामी प्रक्रिया सवालों के घेरे में:अंजुम परवेज

प्रात: किरण संवाददाता

महनार। महनार नगर परिषद के द्वारा वाहन पड़ाव की नीलामी किये जाने की प्रक्रिया सवालों के घेरे में आ चुका है। नगर परिषद के द्वारा हर साल वाहन पड़ाव की नीलामी खुली निविदा के द्वारा की जाती है एवं नीलामी लेने वाले ठीकेदार पड़ाव शुल्क की वसूली करते है ।मजेदार बात यह है कि बस पड़ाव कहाँ है , यह लोगों को पता ही नही है ।वाहन सड़क पर खड़ी होती है और वहीं वह यात्री उतारते चढ़ाते है, यातायात जाम लगाते है एवं पुलिस से डंडा भी कहते है और इस सब के बावजूद पड़ाव शुल्क भी देते है। इशहाकपुर स्थित एक भू खण्ड को बस पड़ाव बताते हुए वहां पर नगर परिषद ने बस पड़ाव का पट्ट भी लगाया था जो पट्ट अब गायब है। इसके अलावा न्यू रोड के रिलायंस टॉवर कैम्पस एवं स्टेशन रोड स्थित मछली मंडी के बगल में स्थित एक भू खण्ड को टेम्पू पड़ाव घोषित किया था परंतु यह तीनों भू खण्ड सिर्फ एक मैदान है। यहां पर सुविधा के नाम पर शेड , पेयजल, प्रकाश की बात तो छोड़िए मूत्रालय तक नही है ।धरातल पर ईंट सोलिंग तक नही है जिस कारण बारिश में कीचड़ का ढेर लग जाता है ।कुल मिलाकर कोई भी आदमी इसे वाहन पड़ाव नही बल्कि खेल का मैदान ही कहेगा। अभी इस वाहन पड़ाव की निलाकि होने वाली थी किन्तु आचार संहिता लागू होने के कारण इसकी नीलामी नही हो पाई है जिस कारण अब इसका विभागीय वसूली कराने का आदेश दिया गया है परंतु विभागीय वसूली में भी सिर्फ वसूली करने वाले का नाम बदल कर कार्यालय कर्मी को अधिकृत किया गया है परन्तु वसूली करने वाला पुराना चेहरा ही विधमान है। नई बोतल में पुरानी शराब वाली कहावत चरितार्थ हो रही है। इस सम्बंध में अनुमंडल पदाधिकारी नीरज सिन्हा से जब पूछा गया तो उन्होंने कहा कि जब वरीय अधिकारी का आदेश आएगा तो वह जांच करेंगे। कुल मिलाकर सवाल यही उठता है कि भौतिक रूप से आपका कही वाहन पड़ाव है ही नही तो आप किस चीज की नीलामी कर वाहन सड़क पर लगवा कर जाम लगवाते है एवं उसी से शुल्क वसूल करते है और ठीकेदार भी पड़ाव के अंदर वसूली नही कर डंडा लेकर बीच एन एच पर वसूली करता है एवं दुर्घटना को आमंत्रण देता है।

# सम्मान समारोह का आयोजन



प्रात: किरण, संवाददाता

मधेपुरा निवर्तमान उपकुलसचिव (पंजीयन) डॉ. दीनानाथ मेहता के की सेवानिवृत्ति के फलस्वरूप सोमवार को विश्वविद्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डीएसडब्ल्यू प्रो. नवीन कुमार ने कहा कि डॉ. मेहता ने विश्वविद्यालय की समर्पित भाव से सेवा की। कुलानुशासक डॉ. बी. एन. विवेका ने कहा कि डॉ. मेहता हमेशा शिक्षकों एवं विद्यार्थियों से जुड़े रहे।कुलसचिव प्रो. मिहिर कुमार ठाकुर ने कहा कि डॉ. मेहता ने ईमानदारी पूर्वक विश्वविद्यालय की सेवा की। विकास पदाधिकारी प्रो. ललन प्रसाद अद्री ने कहा कि उपकुलसचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर ने कहा कि वर्तमान परिदृश्य में डॉ. मेहता जैसे आदर्श शिक्षक दुर्लभ हो गए हैं। नवनियुक्त उपकुलसचिव (पंजीयन) डॉ. अमरेन्द्र कुमार ने कहा कि वे डॉ. मेहता के शिष्य रहे हैं। वे अपना दायित्व उनके मार्गदर्शन में ईमानदारी पूर्वक निभाने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर मानविकी संकायाध्यक्ष प्रो. राजीव कुमार मल्लिक, महाविद्यालय निरीक्षक (विज्ञान) भूपेंद्र प्रसाद सिंह, एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सिद्धेश्वर काश्यप, सीनेटर डॉ. रंजन कुमार, मो. गफ्फार आलम, प्रवीण कुमार, राजेश कुमार, प्रभात कुमार, मुकेश कुमार, अंजार आलम आदि उपस्थित थे।

# पटना में अतिथि शिक्षकों पर हुआ लाठीचार्ज, सीएम आवास का करने जा रहे थे घेराव

प्रात: किरण, संवाददाता



जमुई पटना में अतिथि शिक्षकों पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया है. शिक्षा विभाग के फरमान के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने के दौरान पुलिस ने शिक्षकों पर लाठीचार्ज किया है। दरअसल 31 मार्च के बाद बिहार के 4257 अतिथि शिक्षकों को सेवा मुक्त कर दिया गया है, लेकिन सरकार ने उनकी चुनावी ड्यूटी लगा दी है।

इसको लेकर अतिथि शिक्षकों में नाराजगी है और उन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि जब सरकार ने सेवा मुक्त कर दिया है, तो वह कोई सरकारी काम क्यों करें।अतिथि शिक्षकों को सरकार के द्वारा बर्खास्त कर दिया गया है, जिसके बाद अतिथि शिक्षक आज राजधानी पटना में मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने निकले थे, जहां आर्थिक अपराध इकाई और सीबीआई कार्यालय के पास पुलिस ने सभी को रोक दिया। इस दौरान अतिथि शिक्षकों पर पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। पुलिस ने सभी को वहां से हटा दिया है. बता दें कि 2018 से ही अतिथि शिक्षक प्लस टू के बच्चों को पढ़ा रहे थे। अचानक उन लोगों को बिहार सरकार के द्वारा नोटिस पर बर्खास्त कर दिया गया। जिसके बाद आज सैकड़ों की संख्या में सभी राजधानी पटना में मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने पहुंचे थे। इस दौरान पुलिस के द्वारा उन पर लाठी चार्ज किया गया और उन्हें वहां से हटाया गया।

# रामनवमी शोभायात्रा की तैयारी को ले हुई बैठक



प्रात: किरण, संवाददाता

मुरलीगंज मधेपुरा आगामी रामनवमी पर्व के अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकालने की तैयारी को लेकर रविवार की देर शाम शहर के श्रीराम जानकी मंदिर परिसर में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने बैठक कर चर्चा किया। जिसमें रामनवमी शोभायात्रा की तैयारियों को लेकर विचार विमर्श किया गया। विहिप मधेपुरा के जिला मंत्री रूपेश रंजन ने बताया कि इस बार बड़े ही भव्य व ऐतिहासिक रूप से मुरलीगंज में रामनवमी शोभायात्रा निकाली जाएगी। उन्होंने कहा कि 500 वर्षो के वनवास के बाद हजारों रामभक्तों के बलिदान के बाद अयोध्या में मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री रामचन्द्र जी अपने महल में विराजे हैं। जिसे लेकर सभी रामभक्तों में बेहद हर्ष का माहौल है।

इसीलिए सभी हिन्दू जनमानस की आस्था व भावनाओं को देखते हुए इस वर्ष पूरे जोर शोर से पूरे मधेपुरा जिले में रामनवमी शोभायात्रा निकाली जाएगी। राजू सनातन और अमित बिहारी ने बताया कि इस वर्ष 18 अप्रैल को मुरलीगंज बाजार में शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा 2 बजे दिन में दुर्गा स्थान परिसर से शुरू होकर जयराम पुर चौक , गोशाला चौक , काशीपुर चौक , मस्जिद चौक , हरिद्वार चौक , गोलबाजार , हाट बाजार, मिडल चौक होते हुए पुनः दुर्गा स्थान परिसर में समाप्त की जाएगी ।बजरंग दल के शंकर यादव और समर राज ने बताया कि इस बार शोभायात्रा को भव्य बनाने नेपाल से विशेष झाँकी मंगाई जा रही है और पुष्प से सज्जित रथ पर राम लक्ष्मण जानकी जी को बैठाया जायेगा। महाबली हनुमान जी का आधुनिक कॉस्च्यूम भी विशेष आकर्षन का केंद्र रहेगा। सूरज जायसवाल ने बताया कि इस बार शोभायात्रा के समय पूरे नगर में रामभक्तों पर पूरे नगर में पुष्पवर्षा और पीने के लिए शरबत की व्यवस्था की जाएगी, समाप्ति पर सभी रामभक्तों के लिए महाप्रसाद की व्यवस्था की जायेगी । मौके पर राजा चौधरी , सूरज , कुंदन , मुरारी , प्रणब भगत , देव , ओम , विकाश , राजू रॉक , नयन , कृष , शिवम सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## देसी शराब के साथ गिरफ्तार, भेजा गया जेल

प्रात: किरण संवाददाता

आलमनगर,मधेपुरा आलमनगर थाना पुलिस द्वारा एक शराब तस्कर को 5 लीटर देशी चुलाय शराब के साथ गिरफ्तार किया। इस बाबत आलमनगर थाना अध्यक्ष अखिलेश कुमार ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर मद्यनिषेध के विरुद्ध छापामारी के दौरान पुलिस पदाधिकारी आशुतोष त्रिपाठी पुलिस बल के साथ जब गनौल गांव पहुंचा तो सूचना मिली कि एक व्यक्ति अपने घर पर शराब का तस्करी कर रहा है सूचना मिलते ही जब पुलिस वहां पहुंचा तो एक व्यक्ति हाथ में एक गैलन लेकर भागने लगा जिसे पुलिस द्वारा खड़े कर पकड़ा गया पकड़े गए व्यक्ति नक्षत्र ऋषि देव पिता स्वर्गीय टुनाय ऋषि देव गनल वार्ड नंबर 14 निवासी के साथ बरामद गेलन से 5 लीटर देशी चुलाय शराब बरामद किया गया जिस मद्यनिषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# दूसरी जगह नामांकन कराने के लिए छात्रों को डीईओ से लेनी होगी अनुमति

प्रात: किरण, संवाददाता



जमुई/गिद्धौरः- आठवीं की वार्षिक परीक्षा 18 मार्च से प्रारंभ होकर 21 मार्च को समाप्त हुई है। उक्त परीक्षा में सम्मिलित छात्र- छात्राओं के परीक्षाफल के आधार पर आगामी शैक्षणिक सत्र 2024-25 जो एक अप्रैल से प्रारंभ होगी।कक्षा 9 वीं में उनके नामांकन होंगे। राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक पंचायत में उच्च माध्यमिक विद्यालयों की सुविधा उपलब्ध कराने की नीति के अनुसार वर्तमान में राज्य के सभी पंचायत में उच्च माध्यमिक विद्यालय संचालित है। पंचायतों में यह प्रचार-प्रसार कराया जाए कि उस पंचायत के निवासी आठवीं उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं द्वारा उनके ही पंचायत में अवस्थित उच्च माध्यमिक विद्यालय में 9 वीं कक्षा में नामांकन कराएं। प्रत्येक पंचायत में अवस्थित उच्च माध्यमिक एवं उस पंचायत में अवस्थित मध्य विद्यालयों के द्वारा अपने पंचायत में यह प्रचार-प्रचार सुनिश्चित किया जाएगा कि उनके ही पंचायत में अवस्थित उच्च माध्यमिक विद्यालय के कक्षा 9 में पर्याप्त शिक्षक एवं अन्य सुविधाओं को विकसित कर दिया गया है ।यह भी प्रचारित किया जाए कि अब प्रत्येक उच्च माध्यमिक विद्यालय में विषयवार कमजोर विद्यार्थियों के लिए विशेष वर्ग संचालित करने की व्यवस्था की गई है। सुविधाओं की उपलब्धता के अनुरूप हो नामांकन आठवीं की वार्षिक परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों का नामांकन उसी विद्यालय में कक्षा 9 में कराया जाए। वैसे पंचायत,जहां एक मात्र उच्च माध्यमिक विद्यालय उपलब्ध है,के सभी मध्य विद्यालय को उक्त उच्च माध्यमिक विद्यालय से सम्पर्क करते हुए कक्षा आठवीं की वार्षिक परीक्षा में सफल सभी विद्यार्थियों का नामांकन उक्त उच्च माध्यमिक विद्यालय के कक्षा 9 में कराया जाए। वैसे पंचायत,जहां दो या दो से अधिक उच्च माध्यमिक विद्यालय उपलब्ध है, के सभी मध्य विद्यालयों को इन उच्च विद्यालयों में इस प्रकार सम्पर्क किया जाए कि प्रत्येक उच्च माध्यमिक विद्यालय के नौवीं कक्षा में सुविधाओं की उपलब्धता के अनुरूप विद्यार्थी नामांकित हो सके। टीसी में अंकित होगा विद्यालय का नाम निर्गत स्थानांतरण प्रमाण-पत्र के आधार पर उसी पंचायत के उच्च माध्यमिक विद्यालय में कक्षा विद्यार्थियों के कक्षा 9 वीं में नामांकन हेतु संबंधित उच्च माध्यमिक विद्यालय का अंकन विद्यालय स्थानांतरण प्रमाण पत्र में किया जाएगा।उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक यह सुनिश्चित हो लेंगे कि किसी दूसरे पंचायत में अवस्थित मध्य विद्यालय के आठवीं उत्तीर्ण का नामांकन उनके यहां नहीं हो रहा है।स्थानांतरण प्रमाण-पत्र के साथ नामांकन हेतु कोई छात्र/छात्रा उपस्थित होता है तो उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक के द्वारा नामांकन तब तक नहीं लिया जाएगा जब तक कि उक्त स्थानांतरण प्रमाण-पत्र को जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित नहीं कर दिया जाए। यदि कोई विद्यार्थी अपने पंचायत से अन्यत्र दूसरे पंचायत में नामांकन लेने के लिए जाना चाहता है तो उन्हें विद्यालय स्थानांतरण प्रमाण पत्र निर्गत नहीं किया जाएगा। विशेष परिस्थिति में कारण दशार्ते हुए विद्यार्थी अथवा उनके अभिभावक द्वारा अनुरोध किया जाता है तो उसे स्थिति में संबंधित जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित विद्यालय स्थानांतरण प्रमाण पत्र निर्गत किया जाएगा।

# मधेपुरा में टॉप 10 की श्रेणी में शामिल 20 हजार का इनामी कुख्यात अपराधी जनार्दन यादव गिरफ्तार

## उदाकिशुनगंज थाना क्षेत्र के शेखपुर चमन गांव से गिरफ्तार

- गिरफ्तार अपराधी के पास से एक लोडेड देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस भी हुआ बरामद



प्रात: किरण, संवाददाता

मधेपुरा पुलिस को मिली बड़ी सफलता, 3 वर्षो से फरार टॉप 10 की श्रेणी में सामिल 20 हजार का इनामी कुख्यात अपराधी जनार्दन यादव हुआ गिरफ्तार।दरअसल मधेपुरा जिला के टॉप-10 श्रेणी में सामिल 20 हजार के ईनामी मोस्टवांछित कुख्यात अपराधी जनार्दन यादव को पुलिस ने हथियार और गोली के साथ धर दबोचा है। गिरफ्तार अपराधी जनार्दन यादव पर हत्या, लूट, हत्या हेतु अपहरण, फिरौती तथा रंगदारी, जानलेवा हमला, सरकारी कार्यों में बाधा उत्पन्न करने जैसे दो दर्जन से अधिक अपराधिक मामले दर्ज हैं।वहीं इस मामले में जानकारी देते हुए मधेपुरा एसपी संदीप सिंह ने बताया कि बिहार पुलिस मुख्यालय, बिहार पटना एवं पुलिस उप महानिरीक्षक,कोशी रेंज सहरसा के आदेशानुसार आगामी लोक सभा आम निर्वाचन, 2024 के मद्देनजर मधेपुरा पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक,मधेपुरा के निदेशानुसार वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु लगातार विशेष छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है था।

इसी अभियान के तहत उदाकिशुनगंज एसडीपीओ अविनाश कुमार के नेतृत्व में मधेपुरा जिला के उदाकिशुनगंज अंतर्गत चकफजुला वार्ड संख्या 4 निवासी टॉप-10 की श्रेणी में सामिल 20 हजार के ईनामी मोस्टवांछित कुख्यात अपराधी जनार्दन यादव को उसके ससुराल शेखपुर चमन से अवैध लोडेड देशी कट्टा,

एक जिंदा गोली एवं एक मोबाईल के साथ गिरफ्तार किया गया है ।एसपी ने बताया कि गिरफ्तार किए गये अपराधी के विरुद्ध आर्म्स ऐक्ट दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है।

गिरफ्तार अपराधी का पूर्व से लंबा अपराधिक इतिहास रहा है। इनके विरुद्ध मधेपुरा जिला के विभिन्न थाना में दो दर्जन से अधिक अपराधिक मामला दर्ज है गिरफ्तार अपराधी पिछले तीन वर्षो फरार चल रहे थे इनकी तलाश मधेपुरा पुलिस को लंबे समय से थी।

# मधेपुरा में अचानक लगी आग के चपेट में आया दो मासूम, आग में झुलसने से हुई मौत



प्रात: किरण, संवाददाता

मधेपुरा में अचानक लगी आग की चपेट में आने से में दो मासूम की जलकर हुई मौत।घटना मधेपुरा सदर प्रखंड के सकरपुरा बेतौना पंचायत के बेतौना वार्ड संख्या 14 की है। जहां बताया जा रहा है कि आज उमेश यादव के घर में अचानक आग लग गई। घटना के समय घर में कोई भी समझदार व्यक्ति नहीं थे, सभी खेत में काम करने चले गए थे, केवल 3 बच्चा आंगन में खेल रहे थे, घर में आग लगने पर दो बच्चा आंगन में ही बने भूषा घर में छिप गया जबकि एक बच्चा वहां से भाग निकला, आग की लपटें उठती देख आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई वहीं आग के चपेट में आने से दो मासूम की मौके वारदात पर मौत हो गई।वहीं घटना की जानकारी अग्निशमन विभाग को दी गई, जब तक फायर ब्रिगेड की गाड़ी घटना स्थल पर पहुंचती तब तक एक ही परिवार का 6 घर जलकर राख चुका था।भूषा घर में छिपे दोनों मासूम भी जिंदा जल गए, मृतकों की पहचान उमेश यादव की 5 वर्षीय नातिन स्वेता कुमारी और कपिल देव साह का 7 वर्षीय नाती रिशु कुमार के रूप में हुई। स्थानीय लोगों ने बताया कि चूल्हे के चिंगारी से यह अगलगी की घटना हुई है।बताया जा रहा है कि रिशु कुमार और स्वेता कुमारी एवं एक और बच्चा उमेश यादव के आंगन में खेल रहे थे, इसी दौरान यह घटना हुई इस घटना में एक बाइक, मोटर, होंडा पंपसेट समेत घर में रखे सभी आवश्यक सामग्री जल कर खाक हो गया । घटना की जानकारी मिलने पर सदर अंचलाधिकारी केशिका झा व भराही थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया,वहीं इस दौर बच्चे की मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, बताया जा रहा है कि दोनों बच्चा अपने ननिहाल में ही रह रहा था। वहीं घटना के बाद गांव में मातमी सन्नाटा छाया हुआ है बहरहाल सीओ केशिका कुमारी ने बताया कि जांच की जा रही है ।

# मारपीट की घटना में दो लोग घायल, इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती

प्रात: किरण, संवाददाता



कुमारखंड मधेपुरा कुमारखंड थाना क्षेत्र के ईसराइन कला ठाकुरबाड़ी परिसर में बैठे ठाकुरबाड़ी के महंत देबू दास और वार्ड नंबर चार निवासी दिनेश प्रसाद सिंह दोनो आपस में बात कर रहे हैं। उसी दौरान इसराइन कला वार्ड नंबर चार निवासी लड्डू कुमार सिंह ठाकुरबाड़ी परिसर पहुंचते ही दिनेश प्रसाद सिंह को बैठा देखकर पीछे से ही सर पर जबर्दस्त रूप से वार कर जख्मी कर दिया ।बचाने के लिए जैसे ही महंत देबू दास आए उसे भी लड्डू कुमार सिंह लाठी डंडे से से वार कर जख्मी कर दिया। परिजनों ने इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुमारखंड में भर्ती कराया जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक द्वारा इलाज किया गया है। वार्ड नंबर चार निवासी घायल दिनेश प्रसाद सिंह के पुत्र शुभम प्रसाद सिंह ने जानकारी देते हुए बताया मेरे पिता दिनेश प्रसाद सिंह और महंत देबू दास ठाकुरबाड़ी परिसर में बैठे हुए थे। ठाकुरबाड़ी का जमीन लीज पर लेकर फसल लगाए हुए है। फसल को उसी दौरान वार्ड नंबर चार निवासी लड्डू कुमार सिंह आए और मेरे पिता पर अंधाधुन लाठी से वार कर जख्मी कर दिया। बचाने के लिए जैसे ही महंत देबू दास खड़े हुए उसे पर वार कर जख्मी कर दिया। घटना की सूचना कुमारखंड थाना को दिए ।कुमारखंड थाना पुलिस पदाधिकारी घटना स्थल पर पहुंच कर आरोपी लड्डू कुमार सिंह को गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर संजीव कुमार ने बताया मारपीट की घटना में दो लोग घायल है। घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। गिरफ्तार कर आरोपी को जेल भेजने की कार्यवाई की जा रही है।

सम्पादकीय

# ईमानदारी पर सिर्फ हमारी ठेकेदारी

राष्ट्रीय राजनीति में दे दनादन चौके-छक्के मारकर तुरत-फुरत बड़ा स्कोर जुटाती हुई, देश के अनेक राज्यों में अपने मजबूत पांव फैलाती हुई और चारों तरफ मोदी विरोध का डंका बजाती हुई, आम आदमी पार्टी के कट्टर ईमानदार और पार्टी के पितृपुरुष सर्वेसर्वा ईमानी नेता को लेकर भाजपा सरकार के परम पुनीत प्रवर्तन निदेशालय ने अंततः अपना मनचाहा संकल्प पूरा किया और भाई को सलाखों के पीछे पहुंचाकर ही दम लिया। एक तरफ कट्टर ईमानदार सरकारी प्रधान, दूसरी तरफ कट्टर ईमानदार आम पार्टी का ईमानी नेता। दो कट्टर ईमानदारों के बीच जानमारू प्रतिद्वंद्विता के उग्र स्वरूप को देखकर हमारे झल्लन का दिल भर आया और वह अपनी सहानुभूति का टोकरा लेकर फिल्मी तर्ज पर भूतिया वेश में ईमानी नेता को कैद में रखने वाली सलाखों के निकट चला आया। उसने अपनी आवाज में दर्द पिरोया, आंखों को आंसुओं से धोया, फिर बोला-हम अपनी पूरी हमदर्दी लेकर आये हैं और आपके लिए दो-चार ठो सवाल भी लाये हैं। तो भाईजान, आप पहले व्यक्ति हैं जो मुख्यमंत्री के पद को भी अपने साथ जेल में ले आये हैं, इसके लिए आपको बधाई कि आप एक नया विश्व कीर्तिमान बनाए हैं। अब आगे आपकी रणनीति क्या होगी, आप बाहर आएंगे या यहीं रहकर अपना चुनाव अभियान चलाएंगे? अब यहां आपको कैसी अनुभूति हो रही है, कहीं आपकी हिम्मत तो जवाब नहीं दे रही है?ईमानी नेता-तुमने पूछा हिम्मत के बारे में, तो हमारा सीना भले 56 इंच का न हो लेकिन फौलाद का सीना है जो कभी हिम्मत नहीं हारता है, और जो हमें डराने की कोशिश करता है उसे ही डरा डालता है। मौजूदा सत्ता हमसे डर गयी है, उसे लगता है कि हम आ जाएंगे तो उनकी सरकार और उनकी पार्टी को खा जाएंगे। सो उन्होंने षडंत्र का चक्रव्यूह रचवाया है, हमें जेल भिजवाया है। झल्लन-मतलब यह कि जो शराब घोटाला सामने आया है, जिसने इतना उत्पात मचाया है वो आपके हिसाब से हुआ ही नहीं, सब दारू में डूब गये मगर किसी ने दारू को छुआ नहीं?ईमानी नेता-जाहिर है सब खेल हमें परेशान करने के लिए रचाया गया है, हमारे नेताओं पर झूठे आरोप लगाकर जेल में डलवाया गया है। झल्लन-अच्छा, जब आप आरोप लगाते थे, भ्रष्ट और चोर नेताओं की सूची बनाकर मंच से सुनाते थे, उन्हें बार-बार जेल का हकदार बताते थे, तो तब उन पर आप किस आधार पर आरोप लगाते थे, किस बिना पर उन्हें चोर-भ्रष्टाचारी बताते थे?ईमानी नेता-उनके कारनामे तो एजेंसियां उजागर करती थीं, हमें बताती थीं। झल्लन-यानी जब औरों पर एजेंसियां आरोप लगाएं तो वे सही होती हैं पर जब आपको आरोपित ठहराएं तो वे गलत और षडंत्रकारी होती हैं। खैर, अच्छी बात है कि आप अपने सही और न्यायनिष्ठ होने का फैसला स्वयं अपने हक में कर लेते हैं इसलिए किसी भी एजेंसी के सम्मन को दरकिनार कर देते हैं। लेकिन यह बताइए कि जिस कांग्रेस के भ्रष्ट नेताओं की आप सूची जारी किया करते थे और जिस कांग्रेस के नेता कुछ समय पहले तक आपको शराब घोटाले का सूत्रधार बताया करते थे, आपकी गिरफ्तारी की मांग किया करते थे, आप उसी कांग्रेस से हाथ मिला रहे हैं और अपनी जेल मुक्ति के लिए उसी से करुण गुहार लगा रहे हैं। क्या आपका जमीर आपको कोंचता नहीं है, आपसे कुछ पूछता नहीं है?ईमानी नेता-हम कट्टर देशभक्त हैं, देश बचाना चाहते हैं, देश का संविधान बचाना चाहते हैं, अपने देश के लिए हम जमीर की कुर्बानी दे सकते हैं और संविधान बचाने के लिए कांग्रेस तो क्या, भ्रष्ट से भ्रष्ट व्यक्ति का भी साथ ले सकते हैं। झल्लन-तो आप कह रहे हैं कि भ्रष्ट लोगों से हाथ मिलाए बिना आप संविधान नहीं बचा सकते, या कहना चाहते हैं कि बिना उनके आप सत्ताधारी पार्टी को नहीं हरा सकते? या बिना इस भ्रष्ट कुनबे के आगे दंडवत किये आप अपनी महत्वाकांक्षानुसार प्रधानमंत्री पद की दौड़ में आगे नहीं आ सकते?ईमानी नेता-ये सारे आरोप गलत हैं, हम संविधान बचाने आये थे, सो संविधान को हर हाल में बचाएंगे। संविधान बचाने में पूरी ईमानदारी दिखाएंगे और ईमानदारी पर अपनी ठेकेदारी किसी भी सूरत में नहीं हटाएंगे। झल्लन-चलिए ठीक है, न खाता न बही जो आप कहें वही सही। पर ये तो बताइए, जब आप जेल आ रहे थे तो आपके मन में क्या ख्याल आ रहे थे? आपने क्यों नहीं सोचा कि परंपरानुसार पद से इस्तीफा दे देते और नैतिकता के पालन का थोड़ा श्रेय ले लेते?ईमानी नेता-सुनो मियां झल्लन, जिस नैतिकता की तुम बात कर रहे हो वह प्रजाति अब विलुप्त है, राजनीति के कब्रगाह में सुप्त है। अब जो हम सोचें, जो हम कहें, जो हम करें वही नैतिक होता है इसके अलावा जो भी कुछ होता है वह अनैतिक होता है। कोई कुछ भी कहे हम किसी के झांसे में नहीं आएंगे, हम जेल में हैं तो जेल से ही प्रचार करेंगे और जेल से ही अपनी सरकार चलाएंगे, और अब अगली बातें अगले इंटरव्यू में बताएंगे।

# गलत सूचनाओं पर रोक

सर्वोच्च न्यायालय ने गुरुवार को उस अधिसूचना पर रोक लगा दी जिसके तहत पत्र सूचना ब्यूरो के अधीन एक फैक्ट चेकिंग यूनिट (तथ्यों की जांच करने वाली इकाई) की स्थापना की जानी थी। न्यायालय ने कहा कि इस पर तब तक रोक रहेगी जब तक बंबई उच्च न्यायालय सूचना प्रौद्योगिकी नियमों में संशोधनों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर फैसला नहीं सुना देता। इस बीच गूगल और मेटा जैसी डिजिटल क्षेत्र की दिग्गज कंपनियां चुनाव के दौरान गलत सूचनाओं के प्रसार का मुकाबला करने के लिए अपनी रणनीतियों को बेहतर बनाने का प्रयास कर रही हैं। वे जांच के लिए नए टूल विकसित करने और तथ्यों की जांच करने वालों (फैक्ट चेकर) को प्रशिक्षण देने के अलावा दोनों अन्य संस्थानों द्वारा संचालित तथ्यों की जांच संबंधी पहलों में भी शामिल होंगी और भारत निर्वाचन आयोग के साथ तालमेल में काम करेंगी। 2019 में सभी बड़े डिजिटल प्लेटफॉर्मों ने अपने-अपने स्तर पर गलत सूचनाओं को रोकने का प्रयास किया था और उसके मिलेजुले नतीजे सामने आए थे। 2024 में यह अभियान अधिक तालमेल के साथ चलाया जा रहा है। 40 से अधिक बड़े बहुराष्ट्रीय संस्थानों ने म्युनिख सुरक्षा सम्मेलन में एक समझौते पर हस्ताक्षर किए और इस बात पर सहमति जताई कि वे 2024 में वैश्विक स्तर पर मिलकर चुनावों से संबंधित गलत जानकारियों का मुकाबला करेंगे। जोखिम बहुत बढ़ गया है क्योंकि आर्टिफिशल इंटेलिजेंस अब राजनेताओं से जुड़ी वास्तविक प्रतीत होने वाली दृश्य-श्रव्य सामग्री बना सकता है। इन डिजिटल दिग्गजों को विभिन्न समाचार माध्यमों के साथ तालमेल में काम करना होगा ताकि भ्रामक सूचनाओं को रोका जा सके, मतदाताओं से हस्तक्षेप सीमित हो सके और विभिन्न प्लेटफॉर्म पर पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जा सके। यह महत्त्वपूर्ण है क्योंकि मेटा के पास फेसबुक, व्हाट्सऐप और इंस्टाग्राम का मालिकाना है जबकि गूगल के पास यूट्यूब और अपना सर्च इंजन है। इससे जुड़ी रणनीतियों में स्वतंत्र फैक्ट चेकर और स्थानीय सामग्री रचनाकारों और प्रकाशकों के साथ जुड़ाव, तथ्यों की जांच, जांच के संसाधन और गलत सूचनाओं को लेकर चेतावनी जारी करने के लिए सहयोगी मंच प्रदान करना शामिल है। इरादा ऐसी सामग्री को वायरल होने से रोकना है। मेटा पहले ही गलत सूचनाओं को हटा देता है। इसमें मतदान को प्रभावित करने वाली तथा हिंसा को बढ़ावा देने वाली सामग्री शामिल है। उसका दावा है कि उसके पास 15 भारतीय भाषाओं में स्वतंत्र तथ्य जांचने वालों का नेटवर्क है। उसके पास व्हाट्सऐप हेल्पलाइन है जो संदिग्ध जानकारियों को रिपोर्ट करने या उनकी पुष्टि करने में मदद करता है। गूगल प्रकाशकों के लिए एक साझा भंडार तैयार करेगा ताकि गलत सूचनाओं से निपटा जा सके। कई भाषाओं और स्वरूपों में, जिनमें वीडियो भी शामिल हैं, फैक्ट चेक को साझा किया जाएगा और गूगल के साझेदारों की मदद से उन्हें बढ़ावा दिया जाएगा। दोनों कंपनियां फैक्ट चेकिंग के उन्नत तरीकों को लेकर प्रशिक्षण का आयोजन करेंगी। इसमें डीप फेक का पता लगाना और गूगल फैक्ट चेक एक्सप्लोरर और मेटा कंटेंट लाइब्रेरी की शुरूआत शामिल है। तथ्यों की जांच करने वाले सामग्री के बारे में कह सकते हैं कि उनसे छेड़छाड़ की गई है। ऐसी सामग्री को छांटकर बाहर कर दिया जाएगा। फेसबुक का दावा है कि वह गूगल, ओपनएआई, माइक्रोसॉफ्ट, एडोबी और शटरस्टॉक आदि की एआई की मदद से तैयार सामग्री का पता लगाने के लिए उपाय विकसित कर रही है। फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सऐप और थ्रेड पर अक्सर इन माध्यमों की सामग्री ही प्रकाशित की जाती है। जरूरत इस बात की भी है कि मेटा पर विज्ञापन देने वाले यह बताएं कि कब वे एआई की मदद से सामग्री तैयार कर रहे हैं। यह सामग्री राजनीतिक या सामाजिक विषयों से जुड़ी हो सकती है। यह उस सामग्री पर रोक लगाता है जिसे फैक्ट चेकर नकारते हैं। वह ऐसे विज्ञापनों को भी रोकता है जो मतदान को हतोत्साहित करते हैं। अगर गलत सूचनाओं के खिलाफ अभियान को प्रभावी बनाना है तो यह आवश्यक होगा कि झूठी सामग्री का तत्काल पता लगाकर उसे हटाया जाए ताकि वह वायरल न हो सके।

# लोकतंत्र की रक्षा की दिशा में एक और पहल

**चुनावी सुधारों पर होने वाली तमाम चचाओं में राजनीति का अपराधीकरण एक अहम मुद्दा रहता है। राजनीति का अपराधीकरण - ह्यअपराधियों का चुनाव प्रक्रिया में भाग लेनाह्न - हमारी निर्वाचन व्यवस्था का एक नाजुक अंग बन गया है। हाल ही में जारी आँकड़ों के अनुसार, संसद के 46 प्रतिशत सदस्य आपराधिक पृष्ठभूमि से हैं। लोकसभा में 542 सांसदों में से 233 (43%) के खिलाफ आपराधिक मामले लंबित हैं। 233 में से 159 (29%) पर गंभीर अपराध के मामले दर्ज हैं। ऐसे सांसदों में से सबसे अधिक केरल और बिहार से हैं। केरल के इडुक्की लोकसभा के सांसद कुरियाकोस पर सबसे अधिक 204 केस दर्ज हैं। वहीं, राज्यसभा की 233 में से 71 (31%) सांसदों पर आपराधिक केस लंबित हैं।**





**रामरतन चूड़ीवाला**
**लेखक**

भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने महत्वपूर्ण निर्देश देते हुए देश के सभी राजनीतिक दलों को यह आदेश दिया है कि जिस प्रत्याशी को भी वह संसद के लिए अपना उम्मीदवार बना रहे हैं उसका सारा आपराधिक रिकार्ड, अगर वह अपराधी है, तो चुनाव आयोग को भेजा जाए और साथ ही यह सारी जानकारी सोशल मीडिया तथा समाचार पत्रों के माध्यम से जनता को दी जाए। यह भी कहा गया है कि यह कारण बताया जाए कि आखिर आपराधिक छवि वाले को टिकट क्यों दिया गया। इस आदेश को लागू करने का सारी जिम्मेवारी चुनाव आयोग को सौंपी गई है और यह भी कहा गया है कि इस आदेश का अगर पालन नहीं किया गया तो राजनीतिक पार्टियों पर सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों का उल्लंघन का केस बनाया जाएगा।

चुनाव आयोग लोकसभा चुनाव के दौरान सर्वोच्च न्यायालय के उस आदेश का सख्ती से अनुपालन कराएगा, जिसमें प्रत्येक उम्मीदवार को अपने विरुद्ध आपराधिक मामलों को अपने शपथपत्र के अतिरिक्त अखबारों एवं न्यूज चैनल के माध्यम से मतदाताओं को अवगत कराने की बात कही गई है। इसके लिए निर्धारित समय सीमा का भी सख्ती से अनुपालन कराया जाएगा। इसे लेकर आयोग द्वारा सभी निवार्ची पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत प्रत्येक उम्मीदवार को उनके खिलाफ आपराधिक मामले (चाहे वे लंबित मामले हों या पूर्व के मामले हों जिनमें वे दोषी ठहराए गए हों) की जानकारी तीन बार अखबारों तथा चैनल के माध्यम से देनी होगी। राजनीतिक दलों को भी अपने उम्मीदवारों के लिए इसका अनुपालन करना होगा। आयोग ने इसका प्रारुप और फान्ट भी तय कर दिया है।

आपराधिक मामलों की जानकारी तीन निर्धारित अवसरों पर देनी होगी, ताकि मतदाताओं को जानने के लिए पर्याप्त समय मिल सके। उम्मीदवारों को ऐसे मामले की जानकारी नामांकन दाखिल की तिथि के पहले चार दिनों के भीतर, इसके बाद अगले 5वें से 8वें दिनों के बीच तथा अभियान के नौवें दिन से अंतिम दिन तक (मतदान की तिथि से दो दिन पहले तक) न्यूनतम 12 फान्ट आकार में उपयुक्त स्थान पर प्रकाशित करानी होगी। उम्मीदवारों तथा राजनीतिक दलों द्वारा इसका अनुपालन नहीं करने पर निवार्ची पदाधिकारी द्वारा उन्हें नोटिस जारी किया जाएगा। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। आयोग ने इसकी रिपोर्टिंग के लिए भी प्रारुप सभी निवार्ची पदाधिकारियों को भेज दिया है।

सभी राजनीतिक दलों को अपने उम्मीदवारों के आपराधिक मामलों की जानकारी अपनी वेबसाइट पर भी अनिवार्य रूप से देनी होगी ताकि मतदाता उनकी वेबसाइट पर भी जाकर जानकारी प्राप्त कर सकें तथा उम्मीदवारों के आपराधिक मामलों से अवगत हो सकें।

चुनावी सुधारों पर होने वाली तमाम चचाओं में राजनीति का अपराधीकरण एक अहम मुद्दा रहता है। राजनीति का अपराधीकरण - ह्यअपराधियों का चुनाव प्रक्रिया में भाग लेनाह्न - हमारी निर्वाचन व्यवस्था का एक नाजुक अंग बन गया है। हाल ही में जारी आँकड़ों के अनुसार, संसद के 46 प्रतिशत सदस्य आपराधिक पृष्ठभूमि से हैं। लोकसभा में 542 सांसदों में से 233 (43%) के खिलाफ आपराधिक मामले लंबित हैं। 233 में से 159 (29%) पर गंभीर अपराध के मामले दर्ज हैं। ऐसे सांसदों में से सबसे अधिक केरल और बिहार से हैं।

केरल के इडुक्की लोकसभा के सांसद कुरियाकोस पर सबसे अधिक 204 केस दर्ज हैं। वहीं, राज्यसभा की 233 में से 71 (31%) सांसदों पर आपराधिक केस लंबित हैं। 71 में से 37 सांसदों पर गंभीर अपराध के मामले, 2 पर हत्या, 4 पर हत्या का प्रयास, 3 पर महिलाओं के खिलाफ अपराध, 1 पर दुष्कर्म का मामला दर्ज है।

106 सांसदों के खिलाफ केंद्रीय जांच एजेंसियों सीबीआई, ईडी और एनआईए के समक्ष मामले लंबित हैं। सीबीआई के पास 121 पूर्व व वर्तमान सांसदों व विधायकों के मामले लंबित हैं। इनमें से 51 मामले सांसदों से संबंधित हैं। इन 51 में से 37 पूर्व सांसद हैं और 5 की मृत्यु हो चुकी है। एनआईए के पास 4 सांसद व विधायकों के खिलाफ जांच लंबित है। इनमें से 2 सांसद है। ईडी के पास 51 सांसदों के खिलाफ जांच लंबित है।

राजनीति का अपराधीकरण भारतीय लोकतंत्र का एक स्याह पक्ष है, जिसके मद्देनजर सर्वोच्च न्यायालय और निर्वाचन आयोग ने कई कदम उठाए हैं, किंतु इस संदर्भ में किये गए सभी नीतिगत प्रयास समस्या को पूर्णतः संबोधित करने में असफल रहे हैं।

वर्ष 1993 में वोहरा समिति की रिपोर्ट और वर्ष 2002 में संविधान के कामकाज की समीक्षा करने के लिये राष्ट्रीय आयोग की रिपोर्ट ने पुष्टि की है कि भारतीय राजनीति में गंभीर आपराधिक पृष्ठभूमि वाले व्यक्तियों की संख्या बढ़ रही है।

वर्तमान में ऐसी स्थिति बन गई है कि राजनीतिक दलों के मध्य इस बात की प्रतिस्पर्द्धा है कि किस दल में कितने उम्मीदवार आपराधिक पृष्ठभूमि के हैं, क्योंकि इससे उनके चुनाव जीतने की संभावना बढ़ जाती है।

अपराधियों का पैसा और बाहुबल राजनीतिक दलों को वोट हासिल करने में मदद करता है। चूँकि भारत की चुनावी राजनीति अधिकांशतः जाति और धर्म जैसे कारकों पर निर्भर करती है, इसलिये उम्मीदवार आपराधिक आरोपों की स्थिति में भी चुनाव जीत जाते हैं।

चुनावी राजनीति कमोबेश राजनीतिक दलों को प्राप्त होने वाली फंडिंग पर निर्भर करती है और चूँकि आपराधिक पृष्ठभूमि वाले उम्मीदवारों के पास अक्सर धन और संपदा काफी अधिक मात्रा में होता है, इसलिये वे दल के चुनावी अभियान में अधिक-से-अधिक पैसा खर्च करते हैं और उनके राजनीति में प्रवेश करने तथा जीतने की संभावना बढ़ जाती है। भारत की राजनीति में अपराधीकरण को बढ़ावा देने में नागरिक समाज का भी बराबर का योगदान रहा है। अक्सर आम आदमी अपराधियों के धन और बाहुबल से प्रभावित होकर बिना जाँच किये ही उन्हें वोट दे देता है। इसके अलावा भारतीय राजनीति में नैतिकता और मूल्यों के अभाव ने अपराधीकरण की समस्या को और गंभीर बना दिया है। अक्सर राजनीतिक दल अपने निहित स्वार्थों के लिये अपराधीकरण की जाँच करने से कतराती हैं।

सर्वोच्च न्यायालय के इस आदेश को लागू करने का सारी जिम्मेदारी चुनाव आयोग को सौंपी गई है और यह भी कहा गया है कि इस आदेश का अगर पालन नहीं किया गया तो राजनीतिक पार्टियों पर सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों का उल्लंघन का केस बनाया जाएगा। पिछली संसद में राज्यसभा, लोकसभा दोनों में ही सैकड़ों लोग सभी पार्टियों के अपराध की दुनिया में फंसे हुए बताए गए हैं, जिन पर केस चल रहे हैं। निश्चित ही सर्वोच्च न्यायालय के इस आदेश से राजनीतिक दलों पर भी नकेल कसी जाएगी।

# आम के मंजर में फल आने के बाद वैज्ञानिक प्रबंधन आवश्यक : डॉ एसके सिंह

**इस समय अधिकांश बागों में फल के मटर के दाने के बराबर हो गए है अतः इस समय इमिडाक्लोरप्रीड (17.8 एस.एल.) 1मिली लीटर दवा प्रति दो लीटर पानी में और हैक्साकोनाजोल 1मीली प्रति लीटर पानी या डाइनोकैप (46 ई0सी0) 1मिली दवा प्रति 1लीटर पानी में घोलकर छिड़कने से मधुवा एवं चूर्णिल आसिता की उग्रता में कमी आती है। प्लेनोफिक्स नामक दवा 1मिली प्रति 3 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करने से फल के गिरने में कमी आती है। इस अवस्था में हल्की सिंचाई शुरू कर देनी चाहिए जिससे बाग की मिट्टी में नमी बनी रहे लेकिन इस बात का ध्यान देना चाहिए कि पेड़ के आस पास जलजमाव न हो। यदि आप का पेड़ 10 वर्ष या 10 वर्ष से ज्यादा है**





**प्रोफेसर (डाक्टर) एस के सिंह**
**लेखक**

भारतवर्ष में आम, उत्तर प्रदेश, गुजरात, कर्नाटक, आन्ध्र प्रदेश एवं बिहार में प्रमुखता से इसकी खेती होती है। भारत सरकार के कृषि मंत्रालय के वर्ष 2020-21 के संख्यिकी के अनुसार भारतवर्ष में 2316.81 हजार हेक्टेयर में आम की खेती होती है, जिससे 20385.99 हजार टन उत्पादन प्राप्त होता है। आम की राष्ट्रीय उत्पादकता 8.80 टन प्रति हेक्टेयर है। बिहार में 160.24 हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल में इसकी खेती होती है जिससे 1549.97 हजार टन उत्पादन प्राप्त होता है। बिहार में आम की उत्पादकता 9.67 टन प्रति हे. है जो राष्ट्रीय उत्पादकता से थोड़ी ज्यादा है।

आम के बाग में अधिक से अधिक फल लगे एवं टिके इसके लिए आवश्यक है की वैज्ञानिक प्रबंधन किया जाय।

यह बताना आवश्यक है की मंजर में जितना फल लगते है उसका मात्र 5 प्रतिशत से कम फल ही पेड़ पर लगे रहते हैं, शेष फल झड़ जाते है। हमारे बाग में 5 प्रतिशत फल लगे रहे इसके लिए आवश्यक है की बाग का वैज्ञानिक प्रबंधन किया जाय।

इस समय अधिकांश बागों में फल के मटर के दाने के बराबर हो गए है अतः इस समय इमिडाक्लोरप्रीड (17.8 एस.एल.) 1मिली लीटर दवा प्रति दो लीटर पानी में और हैक्साकोनाजोल 1 मीली प्रति लीटर पानी या डाइनोकैप (46 ई0सी0) 1 मिली दवा प्रति 1 लीटर पानी में घोलकर छिड़कने से मधुवा एवं चूर्णिल आसिता की उग्रता में कमी आती है। प्लेनोफिक्स नामक दवा 1 मिली प्रति 3 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करने से फल के गिरने में कमी आती है। इस अवस्था में हल्की सिंचाई शुरू कर देनी चाहिए जिससे बाग की मिट्टी में नमी बनी रहे लेकिन इस बात का ध्यान देना चाहिए कि पेड़ के आस पास जलजमाव न हो। यदि आप का पेड़ 10 वर्ष या 10 वर्ष से ज्यादा है तो उसमे 500-550 ग्राम डाइअमोनियम फॉस्फेट, 850 ग्राम यूरिया एवं 750 ग्राम म्यूरेट ऑफ पोटाश एवं 25 किग्रा खूब अच्छी तरह से सडी गोबर की खाद पौधे के चारों तरफ मुख्य तने से 2 मीटर दूर रिंग बना कर खाद एवं उर्वरकों का प्रयोग करना चाहिए। यदि आम का पेड़ 10 वर्ष से छोटा है तो उपरोक्त खाद एवं उर्वरकों की मात्रा को 10 से भाग दे दे, जो आएगा, उसे पेड़ की उम्र से गुणा कर दे वही उस पेड़ के लिए डोज होगा।

जहाँ आम के फटने की समस्या ज्यादा हो वहाँ के किसान 4 ग्राम घुलनशील बोरेक्स प्रति लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें या सूक्ष्मपोषक तत्व जिसमें घुलनशील बोरान की मात्रा ज्यादा हो, का 2 ग्राम प्रति लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करने से फल के झड़ने में कमी आती है एवं फल गुणवत्ता युक्त होते है। यह कार्य 15 अप्रैल के आस

पास अवश्य कर लें। आम के जिन मंजरो में फल नही लगे है, उनको काट कर बाग से बाहर ले जाकर जला दे, क्योकि अब उसमे फल नही लगेंगे एवं लगे रहने की अवस्था में ये रोग एवं कीड़ों को आकर्षित करेंगे। आम के बाग में इस समय मिली बग (दहिया कीट) कीट की समस्या ज्यादा विकट रूप से दिखाई दे रही है। यदि आप ने पूर्व में इस कीट के प्रबंधन का उपाय नही किया है तो एवं दहिया कीट पेड पर चढ गया हो, तो ऐसी अवस्था में डाएमेथोएट 30 ई.सी. या क्विनाल्फोस 25 ई.सी.2.0 मीली दवा प्रति लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करना चाहिए। आम में फल मक्खी से बचाव के लिए ज्यादा बेहतर होगा कि फेरोमन ट्रैप 15 से 20 ट्रैप प्रति हेक्टेयर प्रयोग करें। आम के बाग की नियमित देखभाल करते रहे। जैसे ही कोई असामान्य लक्षण दिखे समस्या के अनुसार समाधान करें।

# कोई तो ऐसा रहनुमा आगे आएगा जो अँधेरे में रंग भरना सिखाएगा!

ओम वर्मा

दुनिया में न जाने क्यों रंग अब अपनी रंगत खोने लगे है! सफेद रंग का नाम आते ही मेरी पीढ़ी के लोगों की आँखों के सामने सबसे पहले जो छबि आती थी वह है खादी की धोती पहने चरखे पर सूत कातते बापू और राष्ट्रीय त्योहारों पर अपने हाथों से सफेद कबूतर उड़ा उड़ाकर शांतिदूत बन चुके नेहरू जी या फिर श्वेत वस्त्रावृता व श्वेत कमल पर विराजित देवी सरस्वती या सफेद साड़ी पहने ऐ मेरे वतन के लोगों... गाकर चाचू को द्रवित कर देने वाली सरस्वती कन्या लता! मगर आज सफेद रंग अपनी मूल पहचान से बहुत दूर निकल चुका है। सफेद रंग का जिक्र छिड़ते ही आज लोगों के जहन में पहला सवाल यह पैदा होता है कि आखिर उसकी कमीज मेरी कमीज से सफेद कैसे? अब वह अपनी कमीज को सफेद तो कर नहीं पाता लिहाजा दूसरे की कमीज गंदी करने में जी जान से जुट जाता है। आज लोगों के सामने सफेद रंग को उच्चारते ही या तो शहीदों की विधवाओं या आत्महत्या कर चुके किसानों की विधवाओं की सफेद साड़ियाँ लहराने लगती हैं। क्रिकेट के दीवानों के सामने सफेद रंग पहले क्रिकेट खेलते खिलाड़ियों की तस्वीरें अवश्य उभरती थीं लेकिन अब खिलाड़ियों से ज्यादा चीयर लीडर्स बालाएँ दिमाग पर छाने लगी हैं!

पीले रंग का नाम लेते ही पहले ध्यान या तो सरसों व अमलतास के फूल या फिर निमंत्रण हेतु दहलीज पर रखे गए पीले चावल के दानों की ओर जाता था। अब रस्मों में पीले चावल आना तो डाक से आने वाली मित्रों की चिट्ठियों की तरह कभी के बंद हो चुके हैं अलबत्ता पीले रंग की बात चलते ही ध्यान उन चेहरों की ओर चला जाता है जो पिछले दिनों कभी प्याज खरीदते समय तो कभी तुअर की दाल के भाव सुनते समय देखे गए थे। आजकल पीला रंग उन भाई लोगों के चेहरों की याद भी दिला देता है जो उस समय देखे जाते हैं जब महज विरोध करने के जोश में आतंकवादियों के समर्थन में गला फाड़ने वालों का समर्थन भी कर बैठते हैं व अपने कुतर्कों से उसे जस्टिफाई करने का प्रयास करने लगते हैं। पीले रंग की बात चले तो ध्यान हल्दी पर भी चला जाता है। हल्दी सामने धरी भी हो तो तमाम तरह की आजादी की बात करने वालों को हल्दी घाटी की याद भले न आए पर वे यह सोचकर मन मसोसकर रह जाते हैं कि वे चाहकर भी अपने विवाह के समय गठबंधन से चाहिए...आजादी का नारा क्यों नहीं लगा पाए थे।

लाल रंग इस समय ज्यादा ही सुर्खियाँ बटोर रहा है। लाल रंग का जिक्र होते ही पहले गुलाब, गुलमोहर, सुहागिनों की माँग, बिंदियों, चूड़ियों व मंदिरों में लहरा रही ध्वजाओं का ध्यान आता है। किन्तु अब लाल रंग का नाम सुनते ही एक आम आदमी तो लरज कर ही रह जाता है क्योंकि या तो उसके सामने उदयपुर उभरता है या बदायूँ! या राजधानी के वे नए उभरे ह्यक्रांतिकारीह्न जो इसलिए शर्मिंदा हैं कि एक आतंकवादी को सजा क्यों दे दी गई। आज लाल रंग का नाम लेते ही उन भ्रमित युवाओं का गले फाड़कर नारे लगाना दिखाई देता है जो अपने ही आजाद देश में आजादी ले के रहने की या देश के टुकड़े होते देखने की माँग कर रहे हैं।

नीले रंग पर बात हो तो सबसे पहले नीले आकाश, नीले मेघ और कभी नीली छतरी वाले की याद आने लगती है। पहले नीला रंग या तो सदियों से कागज पर उतारे जा रहे हर्फों का स्मरण करवाता था या जहर पीकर कंठ में रख लेने वाले महादेव का। अब यह भी अपने अर्थ से भटकने लगा है। जहर पी लेने वालों को हमने सिर्फ तस्वीरों व मंदिरों में कैद कर रखा है जबकि जहर उगलने वालों के कुनबों में दिन दूनी-रात चौगुनी वृद्धि हो रही है। नीला झण्डा देखकर एक वर्ग विशेष को अपने धर्मग्रंथों की चिंता होने लगी है कि पता नहीं कब कुछ लोग आकर तहस नहस कर डालें।

हरे रंग का नाम लेते ही पहले दो चीजों पर ध्यान जाता था झ सूफी संतों के आस्तानों व पैगंबरों के सीखों पर या वसुंधरा की हरियाली और पर्यावरण की चिंताओं- अभियानों का। मगर अब इन सबसे पहले एक राज्य में अलगाववाद की बातें करने वाली कुछ शक्तियाँ या देश में पंद्रह मिनट के लिए पुलिस हटाकर देखने की बात करने वाले पहले ध्यान खींचते हैं। और लास्ट बात नॉट द लीस्ट है ब्लैक यानी काला रंग! ब्लैक बोलो तो याद आती है संजय लीला भंसाली की फिल्म ब्लैक और उसकी अंधी, गूँगी व बहरी लड़की व उसके शिक्षक की मार्मिक कहानी। सहगल प्रेमियों के दिमाग में मधुर गीत ह्यसुन सुन ऐ किशन काला...ह्न कौंधने लगता है। काले से याद आती है काली माँ या काला तिलक और अपने लाल को डिठौना लगाने वाली माँ। अब काला रंग ह्यरेडिकलाइजेशनह्न का पर्याय बनता जा रहा है। सच बोलने वाले का मुँह बंद करने में भी इसका प्रयोग अब वर्जित नहीं है। और हाँ खबरदार जो किसी ने काले धन को लाने की बात करी तो! बहरहाल मैं बहुत बाउम्मीद हूँ कि सभी रंग अपने मूल अर्थ को शीघ्र चरितार्थ करेंगे। कोई तो ऐसा रहनुमा आगे आएगा जो अंधेरे में रंग भरना सिखाएगा और नई तितलियों से सुंदर और नए व इंद्रधनुष से ज्यादा सुगठित गुलदस्ते का निर्माण करेगा। जोनाथन स्विफ्ट ने गलत नहीं कहा था कि दुनिया में सबसे बुद्धिमान लोग वे होते हैं जो रंगों के बारे में सर्वाधिक सोचते हैं। आओ प्रार्थना करें कि आकाश शीघ्र ही रंग-बिरंगे गुब्बारों और सफेद कबूतरों से भरा हो जाए!

## संक्षिप्त खबरें

### सुलतानपुर में मजदूरी करने जा रहे युवक की ट्रेन से कटकर मौत

शहर से मजदूरी कर घर जा रहे युवक का अंगनाकोल के पास सड़क की पटरी पर ट्रेन से कटकर मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। स्थानीय थाना क्षेत्र के अंगनाकोल के पास रविवार की रात ट्रेन से कट कर युवक की मौत हो गई। युवक की पहचान शिवपूजन सिंह (32) पुत्र धर्मराज सिंह के रूप में हुआ। जो अंगनाकोल के ही मूल निवासी थे। स्थानीय लोग बताते हैं कि वह अक्सर नशा किया करता था। वह दिहाड़ी मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण किया करता था। उसके परिवार में एक छोटा भाई, एक बहन और बूढ़ी मां है। बहन की शादी हो चुकी है। सूचना पाकर पहुंचे टाटिया नगर चौकी प्रभारी ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

### मुख्तार अंसारी के घर गए ओवैसी, परिजनों को दी सांत्वना

आल इंडिया मजलिस–ए–इत्तेहाद–उल–मुस्लिमीन (एआईएमआइएम) के मुखिया असदुद्दीन ओवैसी ने रविवार रात पूर्व बाहुबली विधायक मुख्तार अंसारी के गाजीपुर स्थित घर जाकर परिजन से मुलाकात की। ओवैसी ने सोशल मीडिया मंच ह्यएक्सह्न पर किए गए एक पोस्ट में कहा, ह्यआज मरहूम मुख्तार अंसारी के घर, गाजीपुर जाकर उनके खानदान को पुरसा दिया, इस मुश्किल वक्त में हम उनके खानदान, समर्थक और चाहने वालों के साथ खड़े हैं।ह्न उन्होंने इसी संदेश में एक शेर लिखा, ह्यइंशा अल्लाह इन अंधेरों का जिगर चीरकर नूर आएगा, तुम हो ह्यफिरौनह्न तो ह्यमूसाह्न भी जरूर आएगा। मऊ से पांच बार विधायक रहे बाहुबली राजनेता मुख्तार अंसारी का बृहस्पतिवार को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था। अंसारी के शव को शनिवार को गाजीपुर के काली बाग कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। मुख्तार के परिवार ने उसे जेल में जहर दिये जाने का आरोप लगाया है। औवेसी रविवार को लखनऊ में थे। उनकी पार्टी एआईएमआइएम और अपना दल (कमेरावादी) ने औपचारिक रूप से विपक्षी गठबंधन ह्यइंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंसह्न (ह्यइंडियाह्न) से अलग होकर गठबंधन किया है। दोनों दलों ने पीडीएम न्याय मोर्चा बनाया और इसे पिछड़ों, दलितों और मुसलमानों को न्याय दिलाने वाला मोर्चा बताया है।

### ब्रजवासी गौ रक्षक सेना भारत संगठन की राष्ट्रीय संगठन मंत्री महिला मोर्चा पूजा पारिक कर रही है गरीबों की सेवा

आपको बता दें कि ब्रजवासी गौ रक्षक सेना भारत संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संत धर्म दास महाराज के निर्देश अनुसार राष्ट्रीय संगठन मंत्री महिला मोर्चा पूजा पारिक जगह जगह जाकर गरीबों की मसिहा के रूप में नजर आ रही है। तथा राष्ट्रीय संगठन मंत्री सुरेश कुमार पारिक के सहयोग से सभी जीव जन्तुओ और सर्व समाज पर ध्यान केंद्रित कर रखा है। आज सुबह दस बजे शीतला सप्तमी के दिन एक बुजुर्ग माता फुलों की माला बनाकर पेट भरती थी ब्रजवासी गौ रक्षक सेना भारत संगठन की राष्ट्रीय संगठन मंत्री महिला मोर्चा पूजा पारिक की नजर उस पर पड़ी और लोगों से जानकारी ली तो उन्होंने कहा कि इसका परिवार इसी फुल माला बेचने से चलता है पूजा पारिक ने उस माता को 3100 रुपए की नगद राशि देकर आशीर्वाद लिया। तथा संत धर्म दास महाराज और सुरेश कुमार पारिक ने आशिर्वाद दिया कि धर्म रक्षा करने में आगे बढ़ती रहो संत समाज और गौ माता का आशीर्वाद हमेशा आपके साथ रहेंगा।

# डीएम अरविन्द सिंह की ऑपरेशन माफिया कमर तोड़ के तहत बड़ी कार्यवाही

## अब आम गरीब कमजोर पर नहीं बल्कि वास्तवित बाहुबली, गुण्डा एवं माफियाओं पर होगी प्रभावी कार्यवाही : डीएम

बलरामपुर,, एजेंसी



डीएम अरविन्द सिंह का ऑपरेशन माफिया कमर तोड़ लगातार जारी है। पिछले छः माह से गोपनीय सूचनाओं एवं सीक्रेट मिशन के तहत साक्ष्यों के आधार पर जिला मजिस्ट्रेट अरविन्द सिंह एवं टीम के द्वारा निर्वाध रूप से विगत 72 घन्टे से समस्त विधिक प्रक्रिया को पूर्ण कराते हुए कार्यवाही माफियाओं के विरूद्ध थाना सादुल्लानगर में आरिफ अनवर हाशमी और उसके भाई मारूफ अनवर हाशमी तथा गैंग के अन्य सदस्यों को खिलाफ एसडीएम उतरौला को भेजकर आज सुबह तड़के ही गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। इस हेतु डीएम ने तड़के पुलिस को भी निर्देश दिए थे। बतातें चलें कि मारूफ अनवर हाशमी एवं उसके भाई आरिफ अनवर हाशमी ने लगभग 15 साल पहले थाना सादुल्लाह नगर परिसर की बेशकीमती जमीन को कूट रचित तरीके अपने प्राक्सी के नाम दर्ज कराकर जमीन पर कब्जा कर लिया। डीएम अरविन्द सिंह द्वारा माफियाओं के विरूद्ध चलाये जा रहे ह्यह्यऑपरेशन माफिया कमर तोड़ह्नह्न के तहत माफिया के काले कारनामों के बारे में उसके पैतृक जनपद गोण्डा तथा बलरामपुर सहित अन्य जगहों से साक्ष्य, दशकों पुराने कागजात एवं सूचनाएं इकटठा की गईं और इसके लिए डीएम द्वारा मजिस्ट्रेट लगाये गये इसी क्रम में साक्ष्यों की लड़ी बनती चली गई। डीएम श्री अरविन्द सिंह ने कानूनी एवं सांविधिक प्रक्रिया को अपनाते हुए चरणवार तरीके से स्वयं तथा अपने मजिस्ट्रेटी तंत्र से गोपनीय अन्वेषण एवं न्यायालय में तथ्यों एवं साक्ष्यों के आधार पर थाने की कब्जाई हुई जमीन को विगत 19 मार्च को पुनः सरकार के पक्ष में फैसला कर दिया तथा इसी बीते 30 मार्च को जमीन पुनः सरकार के पक्ष में थाने के नाम शासकीय अभिलेखों में दर्ज करा दी गई। जिलाधिकारी ने 29 मार्च से निर्बाध रूप से अपनी टीम के साथ कार्य करते हुए रणनीति के तहत साक्ष्यों एवं पूरी कानूनी प्रक्रिया का अक्षरशः पालन करते हुए 01 अप्रैल को सुबह तड़के ही एसडीएम उतरौला को इन आरोपियों के ऊपर जो कि आदतन सरकारी जमीनों पर कब्जा करते हैं, के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने का आदेश दिया जिसका अनुपालन तत्काल पुलिस ने तत्काल कराया। चूंकि इस एफआईआर में 10 वर्ष तक की सजा का प्राविधान है। इन आरोपियों पर ह्यह्यऑपरेशन माफिया कमर तोड़ह्नह्न के तहत कार्यवाही की गई है। अब ये माफिया कभी भी सलाखों के पीछे जा सकते हैं।

जैसा कि डीएम ने पूर्व में भी आगाह किया था कि वन माफिया, भूमाफिया, शराब माफिया और बड़े स्तर के गैंगस्टर कितने भी मजबूत क्यों न हों जायें, वह जिला प्रशासन की कटिबद्धता को जरा भी कमजोर नहीं कर पाएगें। उनके ऊपर कानून के तहत कठोर कार्यवाही समस्त साक्ष्यों के तहत की जाएगी। बताते चलें कि जिलाधिकारी श्री अरविन्द सिंह कानूनी प्रक्रिया में विश्वास रखने वाले तथा किसी भी कानूनी प्रक्रिया के बिना कार्यवाही नहीं करते हैं। जब तक पूर्ण रूप से गोपनीय जांच एवं उचित संदेह से परे शिकायत की पुष्टि न हो, उनके द्वारा कठोर स्तर की कार्यवाही नहीं की जाती है। जिलाधिकारी ने कुछ दिन पूर्व अपनी गैंगस्टर न्यायालय में विस्तृत जजमेन्ट/आदेश पारित किया था जिससे कि इस प्रकार के माफियाओं की कई करोड़ की सम्पत्ति स्थायी रूप से अब कुर्क रहेगी, इसका रास्ता साफ हो गया था। इसके लिए जिला मजिस्ट्रेट ने अपने न्यायालय की प्रदत्त शक्तियों का समुचित प्रयोग करते हुए केन्द्रीय एजेन्सियों एवं केन्द्रीय अधिनियमों के तहत सृजित साक्ष्यों को अपनी कोर्ट में तलब करते हुए अपने विस्तृत 117 पन्ने के न्यायिक आदेश से इन गैंगस्टरों द्वारा धोखाधड़ी एवं गरीब कमजोर को डरा धमकाकर औने-पौने दाम में बैनामा करा करके कब्जाई गई जमीनों तथा सरकारी सम्पत्तियों का अपने तथा अपने प्रतिनिधियों के नाम करा ली गई जमीनों को न्यायालय की शक्तियों का निष्पक्ष एवं विधि सम्मत रूप से प्रयोग करते हुए सरकार के पक्ष में कुर्की का आदेश पारित करा दिया था।

दुर्भाग्य का विषय है पिछले 15 साल से थाना कोतवाली सादुल्लाह नगर के परिसर के अन्दर अर्थात बाउन्ड्री वाल के अन्दर की 730 वर्ग मीटर की बेशकीमती जमीन इन आरोपियों ने कूट रचना करके अपने प्राक्सी(प्रतिनिधि) संस्था के नाम दर्ज कराकर बिना अवरोध के उसका उपयोग कर रहे थे। जब डीएम की वक्रदृष्टि इस पर छः माह पहले पड़ी तभी से इन माफियाओं के क्रिया कलापों की उलटी गिनती चालू हो गई और आज 72 घन्टे निरन्तर जगकर विधिक आवश्यकताओं को पूर्ण करते हुए डीएम व टीम ने ह्यह्यऑपरेशन माफिया कमर तोड़ को अन्तिम चरण तक फलीभूत करने का कार्य किया।

डीएम ने फिर चेतावनी दी है कि माफिया सुधर जायें, गरीबो को सताना और दबाव बना करके औने-पौने दामों में उनकी जमीनों का बैनामा करा करके कब्जा करना तथा सरकारी जमीनों को कूटरचित तरीके से अपने या अपने प्राक्सी के नाम करा लेना बन्द कर दें अन्यथा डीएम द्वारा ऐसे लोगों को ऑपरेशन माफिया कमर तोड़ के तहत अपने मन मस्तिष्क में चिन्हित कर लिया जाएगा। लोकसभा चुनाव को जिला निर्वाचन अधिकारी की भूमिका में शुचितापूर्ण, स्वंतत्र, निष्पक्ष एवं निर्भीक, माफिया मुक्त, अवैध धनबल मुक्त निर्वाचन कराने में जिला प्रशासन की पूर्ण कटिबद्धता है। इसके लिए अगर राजस्व, पुलिस, वन विभाग या किसी भी विभाग का कोई भी कर्मचारी/अधिकारी माफियाओं के सहयोग में आएंगे तो गैंगस्टर एक्ट की धारा-3(2), सपठित धारा-19, सपठित की धारा-167(ए), सपठित की धारा-167 के तहत जिला मजिस्ट्रेट को न्यायिक मजिस्ट्रेट की शक्तियां प्रदत्त हैं और वह स्वयं अपने न्यायालय से ऐसे सरकारी सेवकों को न्यूनतम 60 दिन से लेकर 01 साल तक के लिए सीधे जेल भेज सकते हैं। इसलिए माफिया और माफियाओं से गठजोड़ करने वाले लोग सुधर जायें वरना उन्हे जेल की सलाखों के पीछे पहुंचाने में कोई संकोच नहीं किया जाएगा।

# युवक की गोली मारकर हत्या, पुलिस मुठभेड़ में आरोपी घायल

प्रयागराज, एजेंसी

जिले के गंगानगर में फाफामऊ थाना क्षेत्र के गद्दोपुर में रविवार की रात एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। सोमवार को सुबह पुलिस के साथ मुठभेड़ में मुख्य आरोपी पैर में गोली लगने से घायल हो गया और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस उपायुक्त (गंगानगर) अभिषेक भारती ने बताया कि रविवार की रात फाफामऊ थाना क्षेत्र के गद्दोपुर गांव में संदीप पाल (27) की गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह हत्या एक पुरानी रंजिश की वजह से की गई। मृतक संदीप पाल की आरोपी अर्श उर्फ बुल्ला से पुरानी दुश्मनी थी। उन्होंने बताया कि इस मामले में मृतक के भाई रंजीत पाल की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच के लिए पांच टीमों का गठन किया गया। भारती ने बताया कि सोमवार को सुबह ये टीमें फाफामऊ में वाहनों की जांच कर रही थीं। इस दौरान, मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति को रोकने का प्रयास किया गया लेकिन उसने पुलिस पर गोलीबारी शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि पुलिस की जवाबी कार्रवाई में इस व्यक्ति के पैर में गोली लगी। अभियुक्त की पहचान अर्श उर्फ बुल्ला के रूप में की गई। अभियुक्त को उपचार के लिए एसआरएन अस्पताल पहुंचाया गया है और अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस के मुताबिक, मृतक संदीप पाल दूध बेचने का काम करता था। रविवार की रात वह अपने एक दोस्त के साथ गांव के बाहर पान की दुकान पर गया था। उसी समय, रुदापुर गांव का एक युवक आया और संदीप के साथ वाद विवाद के बाद उसने गोली चला दी। घटना में संदीप पाल घायल हो गया जिसे फाफामऊ के एक निजी अस्पताल में ले जाया गया। डॉक्टरों ने उसकी नाजुक हालत को देखते हुए उसे एसआरएन अस्पताल रेफर कर दिया। एसआरएन अस्पताल के डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# विपक्ष को खत्म करना चाहती है भाजपा : शिवपाल



बदायूं, एजेंसी

समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर विपक्ष को खत्म करने की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए सोमवार को कहा कि जब जनता शोषण और अन्याय के खिलाफ खड़ी हो जाती है तो उसे कोई नहीं रोक सकता। यादव ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा, ह्वभाजपा विपक्ष को खत्म करना चाहती है और वह ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) व सीबीआई (केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो) का दुरुपयोग कर विपक्ष पर हमला कर रही हैङ्क लेकिन मैंने तो इतिहास देखा है। यह किसी को दबा नहीं सकते। उन्होंने कहा, जब जनता शोषण और अन्याय के खिलाफ खड़ी हो जाती है तो फिर कोई (सरकार से) नहीं डरता। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा रविवार को मेरठ में एक चुनावी रैली में उनकी सरकार की ओर से भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने के दावे पर यादव ने कहा, ह्वभाजपा को विपक्ष का हर नेता भ्रष्टाचारी ही दिखाई देता है लेकिन जब विपक्ष का कोई ऐसा नेता उसके साथ आता है तो वह बिल्कुल साफ-सुथरा हो जाता है। भाजपा पूरे देश में यही काम कर रही है। भाजपा के प्रबुद्ध सम्मेलनों के बारे में बदायूं लोकसभा सीट से सपा प्रत्याशी यादव ने कहा कि चुनाव की शुरूआत हो चुकी है तथा हर नेता अपनी-अपनी पार्टी का प्रचार करेगा। उन्होंने दावा किया, ह्वलेकिन भाजपा के जो भी बड़े नेता आएंगे वे प्रशासनिक अधिकारियों पर दबाव बनाएंगे ताकि विपक्ष के लोगों को दबाया जा सके, इसलिए यह सब लोग इस तरीके के सम्मेलन कर रहे हैं। इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) गठबंधन के तहत उत्तर प्रदेश में कोई लोकसभा सीट नहीं मिलने से नाराज होकर मोर्चे से अलग हुए अपना दल (कमेरावादी) और हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी की ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल-मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के बीच रविवार को हुए गठजोड़ को लेकर पूछे गए एक सवाल पर यादव ने कहा, हम ओवैसी और पल्लवी पटेल का सम्मान करते हैं लेकिन राजनीति में हमेशा स्थिर रहना चाहिए। जो स्थिर रहता है, वही ऊंचाइयों पर पहुंचता है। पूर्व सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य द्वारा लोकसभा चुनाव में अपने अलग प्रत्याशी खड़े करने के ऐलान पर यादव ने कहा, ह्वजब उन्होंने अपनी अलग पार्टी बना ली है तो वह अपनी पार्टी से चुनाव लड़ें।

# पारकर सीनियर सेकेंडरी स्कूल का 18 वा वार्षिक उत्सव संपन्न

## मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक ने प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को किया पुरुस्कृत



प्रात: किरण संवाददाता, नादिर त्यागी

स्योहारा।पारकर सीनियर सेकेंडरी स्कूल बुढ़नपुर का 18 वां वार्षिक उत्सव बड़े ही धूमधाम और उल्लाहस पूर्वक संपन्न हुआ।कार्यक्रम का शुभआरंभ मुख्य अतिथि ईमानदार और कर्तव्य परायण बिजनौर के पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन, प्रमोद त्यागी प्रबंधक, निदेशक उमेश राणा निदेशक,निदेशक हुकम सिंह ,प्रधानचार्य तारिक अली, मनोज छाबड़ा, नरेश कुमार खाई खेड़ा, डॉक्टर राकेश चमोली,मितुल कुमार द्वारा किये गये दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।इस मौके शेयश कौशिक, मोहनी गौतम, अरनव तातरान, इनाया अंसारी जूनियर विंग, सीनियर विंग में जिया राजपूत , नसरा अंसारी, गरिमा गौतम को मुख्य अतिथि नीरज कुमार जादौन और प्रबंधक कमेटी द्वारा प्रमाण पत्र और स्मीर्ति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।स्कूल टॉपर को एक साइकिल और मेडल और शील्ड, सेकंड को 2100 रुपिया और शील्ड तथा थर्ड को 1100 का पुरुस्कार और और प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस मौके पर पुलिस कप्तान नीरज कुमार जादौन ने अपने संबोधन मे बच्चो द्वारा प्रस्तुत किए प्रोग्राम की मुक्त कंठ से प्रसंशा की।उन्होंने कहा कि बच्चो मे आपार प्रतिभा छिपी होती है वे प्रतिभा के धनी होते हैं। जिसे गुरुजन पहचान कर उसे निखारता है।छात्र,छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये।प्रोग्राम मे तारिक जैदी प्रिंसिपल, आशीष कुमार,साजिया, रोहित शर्मा,रागनी रस्तोगी,शाक्षी,रूही,आदि का महत्व पूर्ण योगदान रहा। प्रोग्राम का संचलन सामूहिक रूप से अनाम, जिया,दीपिका और नमन ने किया। प्रोग्राम में अभिभावकों सहित सैकड़ो लोगों की उपस्थित रही।

# नि:शुल्क नेत्र शिविर का डा.मनोज वर्मा और डॉ. अन्नपुर्णा ने फीता काटकर किया शुभारंभ



प्रात : किरण संवाददाता

स्योहारा। स्योहारा रियासत के निकर स्थित श्री साई क्लिनिक पर हर माह निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया जाता है इस माह आयोजित हुए निशुल्क नेत्र शिविर का वरिष्ट समाज सेवी डा मनोज कुमार वर्मा और देहरादून जोलोग्रांट से आई और डा. अन्नपूर्णा और विकास वर्मा ने सयुंक्त रूप से फीता कटकर शुभारंभ किया।इस मौके पर निःशुल्क नेत्र शिविर की प्रशंसा करते हुए डा.मनोज वर्मा ने कहा कि इस तरह के आयोजित होने निःशुल्क चिकित्सा शिविरों से गरीब और जरूरतमंदों को फ्री और अच्छी सेवा मिलती है और डा,विकास वर्मा द्वारा हर माह इस तरह के आयोजन कराना तारीफ के काबिल है।वही डा विकास वर्मा ने बताया कि आज आयोजित इस शिविर में नेत्र रोग से ग्रस्त 140 लोगो ने लाभ उठाया जिनमे से 19 लोग आपरेशन के लिए चिन्हित किए गए।इस मौके पर जौलीग्रांट से डा.अन्ना पूर्णा,सुबोध गुप्ता, संबोधी,विक्रम के अलावा श्री साई क्लिनिक से डा विकास वर्मा,डा मौ.सालार,हैदर अली,नीरज,अनुज रानी,कृष्ण कुमार,दानिश जैदी,आदि मौजूद रहे।

# हाईकोर्ट ने दी बड़ी राहत-बिना वैध कारण के सबके असलहे जमा नहीं करा सकता प्रशासन



लखनऊ, एजेंसी

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने चुनाव के दौरान प्रशासन द्वारा सबके असलहे जमा कराने के आदेश को गंभीरता से लेते हुए लाइसेंसी असलहा धारकों को बड़ी राहत दी है। इलाहबाद हाई कोर्ट की लखनऊ पीठ ने अपने आदेश में कहा कि अगर इस संबंध में कोई अन्य याचिका आती है जिसके द्वारा यह जानकारी मिलती है कि अधिकारी इस कोर्ट के आदेश दिनांक 25 फरवरी 2022 के बावजूद चुनाव के दौरान बिना किसी कारण असलहा धारकों को अपने आग्नेयास्त्र जमा करने के लिए मजबूर कर रहे हैं तो कोर्ट को संबंधित अधिकारियों पर अनुकरणीय जुमार्ना लगाना पड़ेगा जो कोर्ट के आदेशों का अनुपालन नहीं कर रहे हैं। कोर्ट ने आगे यह भी कहा कि अगर सक्षम अधिकारी के पास लाइसेंस धारक का अग्नियास्त्र जमा कराने के लिए वैध कारण है तो वह कोर्ट के आदेश से प्रभावित हुए बिना विशिष्ट आदेश पारित कर सकते है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति अब्दुल मोइन की एकल पीठ ने रवि शंकर तिवारी और चार अन्य की याचिका पर सुनवाई के दौरान पारित किया। मुख्य रूप से कोर्ट ने इस आदेश की एक प्रति मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश, प्रमुख सचिव (गृह) और पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश को उचित कार्यवाही हेतु 24 घंटे के अंदर प्रेषित करने का निर्देश भी दिया है। इसके साथ ही सनवाई के दौरान सरकारी अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि चुनाव आयोग द्वारा स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के उद्देश्य से संबंधित जिले के जिला मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया जाता है, जिसमें एसपी, एडीम और एएसपी सदस्य होते हैं। शस्त्र लाइसेंस का सत्यापन एवं उन्हें जमा करने के लिए एक स्क्रीनिंग कमेटी का गठन किया जाता है। इस पर कोर्ट ने कहा कि उक्त कमेटी के पास भी आग्नेयास्त्रों को जमा करने के लिए ठोस कारण होना चाहिए, तभी वह लाइसेंस धारकों को अपने आग्नेयास्त्र जमा करने के लिए सामान्य आदेश जारी कर सकते हैं। अंत में कोर्ट ने लंबी सुनवाई के बाद स्पष्ट रूप से यह आदेश पारित किया कि एक सामान्य आदेश के जरिए प्रशासन सबके असलहे जमा नहीं कर सकता है।

# स्थापना दिवस पर शहीदों को श्रद्धांजलि

मथुरा, एजेंसी

11 यूपी बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल रजत पाण्डेय के निर्देशन में कैडेट्स ने स्ट्राइक वन कोर के 60३ँ स्थापना दिवस पर पुष्पांजलि समारोह में प्रतिभा किया। समारोह के आरंभ में वन कोर के कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल संजय मिश्रा ने शहीदों को सलामी दी और फूल अर्पित किए साथ ही वहां मौजूद उत्साही गार्ड ने राइफल से सलामी दी इनके सलामी देते ही समारोह में सम्मिलित सभी अधिकारियों एवम एन. सी. सी. कैडेटो ने सेल्यूट कर सलामी दी। कैडेटों को इस अवसर पर स्ट्राइक वन के हेरिटेज म्यूजियम का भी दौरा कराया गया जिससे वह म्यूजियम में सम्मिलित सभी तथ्यों से प्रेरणा ले सके और वीर शहीदो द्वारा किए गए बलिदान को याद कर सके। म्यूजियम में मौजूद वरिष्ठ अधिकारी ने एक मार्गदर्शक के रूप में सभी एनसीसी कैडेट को विभिन्न युद्धों के बारे में विस्तार से अवगत कराया जिसमें 1962 का इंडोचीन युद्ध 1965 का इंडो पाक युद्ध और 1971 का इंडो पाक युद्ध। मीडिया प्रभारी कैप्टन अतुल शर्मा ने बताया कि स्ट्राइक 1 कोर का गठन प्रारंभ में वाराणसी में हुआ था 1 अप्रैल 1965 को जो कि भारतीय सेना की उत्तरी कमान का हिस्सा है, वर्तमान में इसका मुख्यालय उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में है। इस अवसर पर नायक सूबेदार जसविंदर सिंह, हवलदार अमन कुमार सिंह, हवलदार नारायन पुन आदि का सहयोग रहा। कैडेटों का भी भर चढ़कर सहयोग रहा जिसमें कैडेट दिव्यांश वार्ष्णेय, कैडेट अविनाश, कैडेट भूपेंद्र, कैडेट मनीष, कैडेट माधव, कैडेट शिवम कुमार, कैडेट मोहिनी चतुवेर्दी, कैडेट सोनिया, कैडेट भावना, कैडेट सहज, कैडेट कुमकुम चौधरी, कैडेट रेनू चौधरी, कैडेट दुर्गा, कैडेट शीतल इत्यादि शामिल रहे।

# विभागीय कार्यवाही के बगैर पुलिसकर्मियों का निलंबन गलत: हाईकोर्ट

प्रयागराज, एजेंसी

इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कहा है कि नियमित विभागीय कार्यवाही के बगैर पुलिस कर्मचारियों को निलम्बित करना गलत है। कोर्ट ने इसी के साथ दरोगा व हेड कान्स्टेबल के निलंबन को गलत मानते हुए आदेश रद्द कर याचिका मंजूर कर लिया है। याचिका के अनुसार याची लाल प्रताप सिंह उपनिरीक्षक, एवं बृजेश कुमार मुख्य आरक्षी, विशेष अभिसूचना विभाग ललितपुर, में कार्यरत थे। इन्हें उप्र अधीनस्थ श्रेणी के पुलिस अधिकारियों की (दण्ड एवं अपील) नियमावली 1991 के नियम-17 (1) (क) के प्राविधानों के तहत दिनांक 24 जनवरी को निलम्बित कर दिया गया एवं निलंबन की अवधि में पुलिस अधीक्षक (क्षेत्रीय) विशेष शाखा अभिसूचना विभाग कानपुर नगर से सम्बद्ध कर दिया गया। निलंबन आदेश में यह आरोप था कि इन्होंने अपने से जुड़े लोगों को कहा कि अगर किसी मामले में कथित न्याय नहीं मिल रहा है, तो वे मुख्यमंत्री आवास पर जाकर धरना/प्रदर्शन/आत्मदाह करें। यह भी कहा कि ऐसा लिखकर प्रार्थना पत्र जिलाधिकारी या पुलिस अधीक्षक को दें, जिससे जिला स्तर से ही काम हो जायेगा। निलंबन आदेश के खिलाफ याचीगण ने अलग-अलग याचिकाएं दाखिल की जिसमें कहा गया कि उन पर निलंबन आदेश में जो आरोप लगाये गये है वह बिल्कुल निराधार एवं असत्य है। याची पुलिस कर्मियों के वरिष्ठ अधिवक्ता विजय गौतम एवं अतिप्रिया गौतम ने कोर्ट को बताया कि निलंबन आदेश जारी करने के बाद पुलिस अधीक्षक (क्षेत्रीय) विशेष शाखा अभिसूचना विभाग उत्तर प्रदेश के आदेश दिनांक 29 जनवरी के तहत मण्डलाधिकारी अभिसूचना विभाग उत्तर प्रदेश कानपुर को प्रारम्भिक जॉच आवंटित की गयी तथा मण्डलाधिकारी अभिसूचना विभाग उत्तर प्रदेश कानपुर नगर ने याचीगणों को उक्त प्रकरण में अपना अभिकथन प्रारम्भिक जॉच में अंकित कराने के लिए दिनांक 13 फरवरी को निर्देशित किया। वरिष्ठ अधिवक्ता गौतम का कहना था कि निलम्बित करते समय सक्षम अधिकारी के पास कोई साक्ष्य नहीं था और बिना ठोस साक्ष्य के निलम्बित करने का आदेश मनमाना कार्य है। बहस में यह भी कहा गया कि निलंबन आदेश में गलत तथ्य दशार्ये गये है। मामले की सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति प्रकाश पाडिया ने अपने आदेश में कहा है कि रिकार्ड अवलोकन करने के बाद यह प्रतीत होता है कि याचीगणों के विरूद्ध प्रारम्भिक जॉच विचाराधीन है। कोर्ट ने सच्चिदानंद त्रिपाठी के केस में प्रतिपादित की गयी व्यवस्था को आधार मानते हुए निलंबन आदेश को विधि विरुद्ध माना।

# भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष का विपक्ष पर तीखा प्रहार, कहा भ्रष्टाचार के भाईचारे का जवाव देगी जनता

मथुरा, एजेंसी

कल देश की जनता ने दिल्ली के रामलीला मैदान में भ्रष्टाचार के भाईचारे को दिखा। देश ने देखा कि भ्रष्टाचारी किस प्रकार अपने भ्रष्टाचार को उचित ठहरने में जुटे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं भ्रष्टाचार हटाओ, मगर इंडी गठबंधन के नेता कहते हैं भ्रष्टाचारी को बचाओ। विपक्ष के गठबंधन के नेता प्रधानमंत्री मोदी पर कितना भी हमला कर लें, पीएम मोदी रुकने वाले नहीं है। यह बातें भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं बृज क्षेत्र प्रभारी संतोष सिंह ने सोमवार को मथुरा महानगर मे हुई भाजपा की प्रेस वार्ता में कहीं। कल दिल्ली के रामलीला मैदान में इंडी गठबंधन के द्वारा एक सभा में प्रधानमंत्री मोदी पर अनर्गल आरोप लगाए गए थे, जिस पर तीखा प्रहार करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के लिए देश की 140 करोड़ जनता ही उनका परिवार है। वह अपने परिवार को भ्रष्टाचारियों से बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। जिसने देश को लूटा है, उसे लौटाना ही पड़ेगा, यह मोदी की गारंटी है। उन्होंने इंडी गठबंधन को भ्रष्टाचारियों की बारात बताते हुए कहा कि जहां यह सब देश को लूटना चाहते हैं और यह भी चाहते हैं कि उनके भ्रष्टाचार पर चर्चा ना हो। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि आम आदमी पार्टी कहती है कि केजरीवाल की गिरफ्तारी के समर्थन में रैली हो रही है। कांग्रेस कहती है किसी व्यक्ति के समर्थन में नहीं बल्कि पूरे गठबंधन की रैली है। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी दिल्ली में इलू इलू कर रही हैं और पंजाब में हम आपके हैं कौन हो रहा है। पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी ने साथ लड़ने से इनकार कर दिया है। बिहार में राजद ने और कर्नाटक में उद्धव ठाकरे ने अपने उम्मीदवार पहले ही घोषित कर दिए। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी छोड़कर सांसद विधायक जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस को कोई भाव नहीं दे रहा है। प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष सिंह ने कहा कि इस घमंडिया गठबंधन का काम है जितना हो सके लूटो, हर दिन नया झूठ बोलो, अपने ही देश के प्रधानमंत्री को गाली दो, देश को बदनाम करो, हिंदू धर्म को गाली दो, जमकर घोटाले करो और जांच एजेंसी जब नोटिस दें तो इग्नोर कर दो फिर कोर्ट पहुंचकर जब कोर्ट फटकार लगाए तो विक्टिम कार्ड खेलो और देश के लोकतंत्र को खतरा बताओ। उन्होंने कहा कि देश की जनता सब देख रही है, वह इन भ्रष्टाचारियों से गुमराह नहीं होगी। बड़े बहुमत के साथ फिर एक बार कमल खिलेगा। प्रेस वार्ता के दौरान महापौर विनोद अग्रवाल, भाजपा के मथुरा लोकसभा चुनाव प्रभारी श्याम भदौरिया, लोकसभा संयोजक डॉ. देवेंद्र शर्मा, महानगर अध्यक्ष घनश्याम लोधी, जिलाध्यक्ष निर्भय पांडे, सांसद प्रतिनिधि जनार्दन शर्मा, लोकसभा सह संयोजक मुकेश खंडेलवाल, विधानसभा संयोजक राजेश गुप्ता, सियाराम शर्मा, योगेश द्विवेदी, लोकसभा विस्तारक सत्यम योगी, जिला मीडिया प्रभारी नवीन चौधरी, सह मीडिया प्रभारी दीपांकर भाटिया, सोशल मीडिया संयोजक शुभम ठाकुर आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### सत्र 2023-2024 का वार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित



आरा। न्यू किड्स फाउंडेशन स्कूल एम०पी० बाग आरा के सत्र 2023-2024 का वार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। इस समारोह में उपस्थित अभिभावकों तथा छात्र-छात्राओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। विद्यालय की ओर से अपने-अपने वर्ग में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया इस समारोह की खास विशेषता यह रही कि छात्र-छात्राओं ने अपने अभिभावकों के साथ सेल्फी लिया। विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती पूनम पाण्डेय तथा निदेशक एन के पाण्डेय द्वारा छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन तथा उत्साह वर्धन किया गया। मंच संचालन शिक्षिका मानसी सिंह द्वारा किया गया। विद्यालय की टॉपर आयुषी कुमारी कक्षा 5 की छात्रा जो 99% के साथ पूरे विद्यालय में अव्वल स्थान प्राप्त की उन्हें विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

### डीएम ने समाहरणालय का किया औचक निरीक्षण



रोहतास। रोहतास जिलाधिकारी नवीन कुमार ने कलेक्ट्रेट सासाराम का औचक निरीक्षण किया। डीएम के औचक निरीक्षण के बीच अनावश्यक रूप से प्रवेश करने वाले में हड़कंप मच गया। हालांकि डीएम को देखते बिचौलिया दलाल भाग खड़े हुए। औचक निरीक्षण के दौरान अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे। एडीएम चन्द्रशेखर प्रसाद ने बताया कि डीएम ने औचक निरीक्षण की। जहां संदिग्ध लोगों से पूछताछ किया गया। अनावश्यक रूप से सासाराम कलेक्ट्रेट में प्रवेश करने वाले की जाँच की गई। वहीं डीएम ऑफिस केके विभागों के अधिकारियों और कर्मियों को डीएम ने कई दिशा निर्देश दिया।

### सरस्वती शिशु मंदिर मे तीन दिवसीय आचार्य कार्यशाला संपन्न



आरा। सरस्वती शिशु मंदिर महाराजा हाता, आरा में त्री - दिवसीय आचार्य कार्यशाला से वंदना के साथ प्रारंभ हुआ वंदना सत्र में प्रांत के ग्राम प्रमुख काली मोहन सिंह एवं प्रबंधकारिणी समिति के सक्रिय सदस्य शशि जी के द्वारा दीप प्रज्वलन से कार्यशाला का प्रारंभ हुआ प्रधानाचार्य जी संजीव कुमार सिन्हा जी के द्वारा आगत महानुभावों का परिचय कराया गया। प्रथम सत्र में काली मोहन सिंह जी के द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर के इतिहास से परिचय कराया गया सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के उपलब्धि से रूबरू कराया गया । आज के भारत विकास में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के योगदान के बारे में बताया गया। शशि जी के द्वारा प्रारंभ में तीन विकास की बात कही गई उन्होंने कहा कि भैया बहनों का विकास, आचार्य का विकास और विद्यालय विकास की बात पर विशेष ध्यान ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इन तीनों का के विकास से ही देश का विकास संभव है।

### देसी शराब के साथ महिला धंधेबाज गिरफ्तार, दो फरार

दिनारा (रोहतास) स्थानीय पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर देसी शराब साथ एक महिला कारोबारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष विनय कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के चिलबिला निवासी जीरा देवी पति धनजी चौधरी के पास से 20 लीटर देसी शराब बरामद किया गया। साथ ही साथ उसी गांव से राजेश चौधरी के पास से 05 लीटर देसी शराब बरामद किया गया। उन्होंने ने कहा कि दोनों कारोबारी के पास से कुल मिलाकर 25 लीटर देसी शराब बरामद किया गया। उन्होंने कहा कि पुलिस की भनक मिलते ही मामले में संलिप्त कारोबारी धनजी चौधरी एवं राजेश चौधरी भाग निकला।

### मैट्रिक में सफलता प्राप्त कर रौनक ने प्रखंड में लहराया परचम

नासरीगंज (रोहतास) स्थानीय प्रखण्ड के मंगराव गांव का छात्र रौनक कुमार उपाध्याय ने मैट्रिक परीक्षा में 447 अंक प्राप्त कर 89.4 प्रतिशत के साथ अपने गांव व प्रखण्ड का नाम गौरवनित किया है। जो अव्वल छात्र संतोष कुमार उपाध्याय दावथ प्रखंड के जेपीके एसएस प्लस टू विद्यालय बभनौल का छात्र बताया जाता है। वही छात्र अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता सहित कोचिंग संचालक शिक्षक वीरेंद्र यादव को दिया। उसने अपने जीवन का लक्ष्य आईएएस बन देश की सेवा करना है।

# भोजपुर के सभी कर्मचारीगण विरोध स्वरूप काला पट्टी बांधकर बिहार सरकार के किया खिलाफ विरोध प्रदर्शन

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। बिहार सरकार द्वारा व्यवहार न्यायालय (सिविल कोर्ट) में कार्यरत कर्मचारियों के साथ पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाने एवं माननीय उच्च न्यायालय, पटना के स्थायी समिति द्वारा किये गए अनुशंसा का अनुपालन नहीं किये जाने के विरोध में व्यवहार न्यायालय, भोजपुर के सभी कर्मचारीगण विरोध स्वरूप काला पट्टी बांधकर अपना अपना कार्य शांतिपूर्वक संपादित किए।

बिहार व्यवहार न्यायालय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष राजेश्वर तिवारी एवं महासचिव श्री सत्यार्थ सिंह के द्वारा माननीय उच्च न्यायालय के निबंधक (रजिस्टार) के माध्यम से मुख्य न्यायाधीश माननीय उच्च न्यायालय, पटना को अपनी लबिंत माँगों की पूर्ति नहीं होने के कारण सौपा गया है। जिसमें उन्होंने बिहार सरकार द्वारा व्यवहार न्यायालय, बिहार के कर्मचारियों के साथ हो रहे भेदभावपूर्ण रवैया को उजागर किया है। अध्यक्ष ने अपनी चार सूत्री माँगों जिसमें 1. वेतन विसंगति की समाप्ति 2. नियमित और लंबित पदोन्नति की शुरूआत 3. अनुकम्पा पर नियुक्ति 4. राज्य संवर्ग शामिल है को लेकर आवेदन दिया है। माननीय उच्च न्यायालय के तीन बार अनुशंसा करने के बावजूद बिहार सरकार हमारी चार सूत्री मांगों पर ध्यान नहीं दे रहीं है, इस कारण से व्यवहार न्यायालय, भोजपुर के सभी कर्मचारीगण ब्लैक डे मना रहे हैं ताकि हमें अनिश्चितकालीन हड़ताल की जरूरत न पड़े और इसके पहले हमारी चार सूत्री मांगें पूरी हो जाए। यदि उपरोक्त चार सूत्री मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो व्यवहार न्यायालय, भोजपुर के सभी कर्मचारीगण आगामी 01 मई 2024 को पुनः सांकेतिक हड़ताल करेंगें तथा इसके बाद भी हमारी चार सूत्री मांगें पूरी नहीं हुई तो 1 जुलाई 2024 से अपनी मांगों की पूर्ति होने तक अनिश्चित काल तक अपने-अपने कार्यो से अलग रहेगें।

# उसके बूटों के नीचे दबा है एक देश, भाग रहे हैं लोग : कवयित्री विमल किशोर

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। जन संस्कृति मंच, आरा-भोजपुर की ओर से 'सृजन के सहयात्री' के रूप में लखनऊ से आये वरिष्ठ कवि-संपादक कौशल किशोर तथा कवयित्री विमल किशोर के काव्य-पाठ का आयोजन किया।

स्थानीय 'बाल हिंदी पुस्तकालय' में आयोजित इस कार्यक्रम में आये कवियों व अतिथियों का स्वागत करते हुए वरिष्ठ कवि-कहानीकार जितेंद्र कुमार ने आगत कवि द्वय का एक संक्षिप्त परिचय दिया। उन्होंने कौशल किशोर तथा विमल किशोर के काव्य संग्रह क्रमशः 'वह औरत नहीं, एक महानद्य थी' तथा 'पंख खोलूं, उड़ चलूं' की कविताओं के सहारे बताया कि कौशल किशोर और विमल किशोर की कविताओं का विषय काफी मौजू है। कवि द्वय ने अपने-अपने पक्ष का संघर्ष उसके यथार्थ रूप की अभिव्यक्ति की है।

काव्य-पाठ की शुरूआत करते हुए विमल किशोर ने एक मुट्ठी रेत, युद्ध के विरुद्ध, यादों का सिलसिला, मजहबी सब्जी, घड़ी की सुइयाँ, ऐ सुंदर लड़कियों, रोटी , चाहत तथा गटर में जैसी अपनी चुनिंदा कविताओं से श्रोताओं का ध्यान अपनी ओर खींचा। वहीं कौशल किशोर ने कविता, लौटना, बाबूजी का छाता ,वह हामिद था, मैं और मेरी परछाई, वक्त कविता में हमलावर होने है, अँधियारे में उजियारा तथा सत्तर पार करना जैसी कविताएँ सुनाकर उपस्थित लोगों को भाव-विभोर कर दिया। कविताओं पर अपनी बात रखते हुए प्रो.अयोध्या प्र.उपाध्याय ने कहा कि कवि दम्पत्ति के पास नई दृष्टि व आधुनिक भाव-बोध है। आलोचक प्रो.रविंद्रनाथ राय ने कहा कि कौशल जी किया कविताएँ प्रेमचंद के रचना सरोकार का आधुनिक विस्तार है। कवि बल्लभ ने कहा कि विमल जी की कविताएँ नॉस्टैल्जिक होते हुए भी मानवता के पक्ष में हैं। वहीं कवि जनार्दन मिश्र ने कहा कि विमल किशोर की कविताएँ विराट अनुभव से सृजित स्त्री पक्ष की सशक्त अभिव्यक्ति हैं। अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में वरिष्ठ रचनाकार सुरेश कांटक ने बताया कि कविताओं में निजता के साथ-साथ एक व्यापक स्त्री चेतना भी व्यक्त है। वहीं कौशल किशोर की कविताओं में सृजन की एक ऐसी चिंगारी दीपदीपा रही है जो कवि के एक्टिविस्ट को इन कविताओं में कई प्रकार से जगह देती है। इस कार्यक्रम के क्रम में आज सृजन लोक पत्रिका के संपादक कवि संतोष श्रेयांश द्वारा कवि ओमप्रकाश मिश्र को उनके काव्य-संकलन 'खलिहान' के लिए इस वर्ष का 'सृजन-लोक' सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर इम्तियाज दानिश, अरविंद अनुराग, रविशंकर सिंह, ममता मिश्र, आशुतोष कुमार पाण्डेय, सूर्यप्रकाश, विशाल यादव, रामयश अविकल आदि अनेक रचनाकार-कलाकार भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कवि सुमन कुमार सिंह व धन्यवाद ज्ञापन कवि सुनील चौधरी ने किया।

# विद्यालय चरपोखरी में पैरेंट्स शिक्षक संवाद सभा किया गया आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। स्थानीय प्रोजेक्ट बालिका+2 विद्यालय चरपोखरी में, पैरेंट्स शिक्षक संवाद सभा आयोजित किया गया। इस अवसर पर रिपोर्ट कार्ड भी वितरित किए गये। आज जरूरत है सरकारी विद्यालयों के साथ गार्जियन आपसी संवाद सहयोगी रूप में स्थापित करें। इस अवसर पर विद्यालय प्रभारी विजय कुमार सिन्हा ने अपने मौलिक बातों के जरिए उपस्थित गार्जियन को संबोधित किया। बोला समय आ गया है कि लोग सरकारी स्कूलों पर विश्वास कर बच्चों को रोज स्कूल भेजें। वरिष्ठ शिक्षक अजय राय ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यालय तो रचनात्मकता के साथ प्रगतिशील होता है। यहां भविष्य सृजन होता है। उपस्थित संस्कृत शिक्षक सुनित त्रिपाठी ने अपने वक्तव्य में बड़ा वारिकी से सभी गार्जियन को संतुष्ट कर दिए। उन्होंने आपसी विचारों का आपस में आदान-प्रदान हो बच्चों में सृजनात्मक विकास हो इस दिशा में काम होना चाहिए। सभा संचालित करते हुए वरिष्ठ चित्रकार शिक्षक रौशन राय ने स्थानीय लोगों से अपील किया कि आप सभी छात्राओं को रोज स्कूल जरूर भेजें और उन्हें प्रेरित करें।

इस अवसर पर उपस्थित ढेरों गार्जियन ने अपने विचार रखे। उपस्थित शिक्षक में। वरीय शिक्षिका अर्चना कुमारी प्रतिमा कुमारी, रिंकल कुमारी, पिंकी कुमारी, प्रिती कुमारी, कुमारी इन्दु , रिंकी कुमारी, वरिष्ठ शिक्षक मनोज कुमार, सुकेश कुमार, सिकंदर जी ने अपने अपने विचार रखे। कुल मिलाकर इस गार्जियन शिक्षक संवाद मीटिंग का प्रभाव आने वाले समय में विद्यालय में दिखेगा। अंत में धन्यवाद ज्ञापन वरीय शिक्षिका अर्चना कुमारी ने किया।

# मस्जिद में रमजान के विशेष नमाज की तरावीह रोजदारों ने पढ़ी



प्रात : किरण संवाददाता

नासरीगंज (रोहतास) स्थानीय नगर के वार्ड 11 हरिहरगंज स्थित मस्जिद में पवित्र रमजान महीने में पढ़ी जाने वाली विशेष नमाज के तरावीह की नमाज रविवार रात्रि को सम्पन्न हुई। तरावीह की नमाज मस्जिद के पेश इमाम हाफिज अखलाक अहमद साहब ने पढ़ाई। तरावीह सम्पन्न होने के अवसर पर लोगों ने पेश इमाम व मौज्जिन अजान देने वाले को अंगवस्त्र व माला एवं नजराना की राशि देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोगों ने तरावीह सम्पन्न होने पर रमजान को नातखनी, नातया कलाम किया। अंतिम में पेश इमाम ने लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सभी लोग पवित्र रमजान का सम्मान करें। जिस रमजान के अब मात्र कुछ ही दिन शेष रह गया है। इन दिनों में जितना हो सके इबादत करें और अल्लाह पाक से दुआ कर अपने गुनाहों के लिए माफी मांगें। अंत में देश व दुनिया की अमन व शांति को ले पेश इमाम ने दुआ कराई। इसके अतिरिक्त पुरबवाली मस्जिद हरिहरगंज में हाफिज सद्दाम खान, बिचली मस्जिद हरिहरगंज में हाफिज शिकलुर्रहमान, और बड़े मौलाना मस्जिद में हाफिज खलीलुर्रहमान ने तरावीह की नमाज पढ़ाई। लगभग नगर की अधिकांश मस्जिदों में तरावीह की नमाज सम्पन्न हो गई है। मौके पर शेख रेयाजुद्दीन, शेख ताहा, शेख नेयाजुद्दीन, मौज्जिन बदरुद दोजा कोरैशी, रिजवान फिरदौस, मेराज खान पिंटू, वार्ड पार्षद अजमेरी कोरैशी, मुसद्दीक हुसैन, डा.हैदर, शौकत अली, मलिक जेयाउल हक, पूर्व नगर उप मुख्य पार्षद सेराजुल हक, अब्दुल बारी, डा.मोनू सहित सैकड़ों नमाजी उपस्थित थे।

# पीरो थानान्तर्गत बड़ी घटना को अंजाम देने से पूर्व दो अपराधकर्मी, अवैध आग्नेयास्त्र के साथ गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। भोजपुर पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव ने अपने कार्यालय में प्रेस वार्ता कर बताया कि दिनांक-30.03.2024 को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि दो अपराधकर्मी जिनके पास संभवतः आग्नेयास्त्र है जो एक लाल रंग की अपाची मोटरसाइकिल से किसी घटना को अंजाम देने के फिराक में हैं उक्त आसूचना का सत्यापन, अवैध आग्नेयास्त्र की बरामदगी तथा अपराधकर्मी की गिरफ्तारी हेतु पु०नि०-सह-थानाध्यक्ष, पीरो थाना, के नेतृत्व में, पु०अ०नि० ओमप्रकाश सिंह पीरो थाना एवं थाना के शस्त्र बलों के साथ एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए जितौरा बाजार के पास संघन वाहन चेकिंग की कार्रवाई की जा रही थी, उसी क्रम में पुलिस बल को देखकर एक लाल रंग की अपाची मोटरसाइकिल पर सवार दो लड़के भागने लगे जिसे सशस्त्र बलों के सहयोग से पकड़ा गया उनका विधिवत तलाशी लेने पर उनके पास से एक देशी कट्टा एवं 03 जिंदा कारतूस बरामद हुआ। इस संबंध में पीरो थाना काण्ड सं0-138/24, दिनांक-31.03.24 धारा-25 (1-बी) ए/26/35 शस्त्र अधिनियम दर्ज की गई। :-अपराधी के पास से बरामद किया गया देशी कट्टा-01 जिंदा कारतूस-03 मोटरसाइकिल-01 अपराधी का नाम रविश कुमार उर्फ सिपाही उम्र 22 वर्ष पिता तारकेश्वर सिंह सा०-हाटपोखर थाना-पीरो जिला-भोजपुर। अमरजीत कुमार उम्र 21 वर्ष पिता जगबहादुर सिंह सा०-हकारटोला थाना पीरो जिला भोजपुर पूछताछ करने के बाद जेल भेज दिया गया।

# आंगनबाड़ी केंद्रो पर निकला गया मतदाता जागरूकता अभियान

प्रात : किरण संवाददाता



बिक्रमगंज (रोहतास) प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों पर सोमवार को बाल विवाह के विरुद्ध जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों से प्रभारी सीडीपीओ शशि कुमारी व महिला पर्यवेक्षिका कुसुम कुमारी तथा निर्मला कुमारी के द्वारा संयुक्त रूप से आंगनबाड़ी केंद्रों से बाल विवाह के विरुद्ध स्थानीय सेविका , सहायिका व किशोरियों के साथ लोगो को जागरूक करने के उद्देश्य से जागरूकता रैली भी निकाला गया। बाल विवाह व मतदाता जागरूकता को लेकर लोगो को रैली, नुक्कड़ नाटक, चित्रकारी व रंगोली के माध्यम से लोगो को जागरूक किया गया। जागरूकता रैली के दौरान पढ़ने-लिखने की उम्र है, बाल विवाह जुर्म है, घर-घर मे दीप जलाएंगे, बाल विवाह मिटायेंगे जैसे नारे भी लगाए गए। इस सम्बंध में जानकारी देते हुए बिक्रमगंज की प्रभारी सीडीपीओ शशि कुमारी के द्वारा बताया गया कि हमारे समाज मे अभी भी लोग बाल विवाह करने से परहेज नही कर रहे है। अभी भी समाज में बाल विवाह का प्रचलन चल रहा है। बाल विवाह के दुष्परिणामों से स्थानीय ग्रामीणों व किशोरियों को अवगत कराया गया। जो कानूनन अपराध है। जो समाज में फैली बाल विवाह जैसी कुरीतियों को हमें जड़ से मिटाना है।

# होली के समय मादक पदार्थ हीरोइन की लेनदेन में हीरोइन पीने वालों ने चाकू गोद कर की थी हत्या कैमूर पुलिस ने किया खुलासा



कैमूर। जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र के भडहेरीया गांव में एक मुर्गी फार्म मालिक का होली के त्योहार के समय पर मात्र 25000 का मादक पदार्थ हीरोइन छिनने को लेकर उसी का मादक पदार्थ को पीने वाले और उसी के दोस्तों ने हत्या की साजिश रच हत्या कर डाला ।कैमूर जिला ऐसे पहले भी हीरोइन के मामले में मशहूर रहा है आज भी मादक पदार्थ हीरोइन इस तरह पूरे कैमूर में पांव पसार चुका है कि शहर तो शहर गांव के इलाके में भी हीरोइन बिकने लगी है ।और अब तो हीरोइन पीने के लिए हत्या तक होने लगी ।वही इस मामले में कैमूर एसपी ललित मोहन शर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह जानकारी बताया कि दिनांक 20 21मार्च को अजय सिंह नाम के व्यक्ति की हत्या हुई थी। जिसको चाकू गोद गोद के मार डाला गया था। पुलिस के द्वारा इसकी प्राथमिक की दर्ज कर और अनुसंधान के क्रम में पाया गया की एक सोनू नाम का व्यक्ति दुर्गावती के एक अस्पताल में इलाज कराने आया काफी जख्मी हालत में इलाज कराने गया था। लेकिन चिकित्सकों ने पुलिस को सूचना देने की बात कही तो वह अस्पताल से वह भाग निकला लेकिन संजोग से खून से लगा उसका मोबाइल वहीं पर छूट गया पुलिस वहां से अपना अनुसंधान चालू की उसी क्रम में एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया जिसका नाम है रवि शेखर राणा उर्फ लालू राम है ।पूछताछ किया गया तो पूरे घटना का उद्घाटन हुआ यह ज्ञात हुआ कि अजय सिंह नाम के व्यक्ति पहले ही हीरोइन का कारोबार में सलिप्त था और धंधा करता था कई लोग उसके पोल्ट्री फार्म पर जाकर हीरोइन को खरीद कर पीते थे। होली का त्योहार सामने था जिसको लेकर वह काफी संख्या में हीरोइन खरीद के लाया था ।इस मादक पदार्थ हीरोइन को यह लोग छिनने के लिए उसके पोल्ट्री फार्म पर गए थे। इस छीना झपटी में उसकी हत्या कर दी गई ।और हीरोइन लेकर लोग भाग गए थे। और एक और अपराधी है जिनका नाम राजू शाही है डुमरी गांव के रहने वाले लोग हैं यह मोबाइल के चोरी के केस में पहले ही जेल जा चुके हैं ।अभी जेल में ही हैं इसे भी पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी हत्या के बाद पुलिस को चकमा देने के लिए जेल गए ।जबकि केश पहले से ही मोबाइल चोरी का इनके ऊपर था इसलिए जेल चले गए कि पुलिस से पूछताछ ना करें यह सभी लोग अजय सिंह से हीरोइन खरीद कर पीने का काम करते थे और पीने वाले लोगों को वहां पर हीरोइन दिलाने का काम करते थे की हत्या में टोटल पांच लोग सम्मिलित हैं जिसमें दो लोग उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिला के रहने वाले जिनकी भी पहचान हो चुकी है उनको भी पुलिस जल्द से जल्द गिरफ्तार कर लेगी पुलिस को इन लोगों की तस्वीर भी उपलब्ध हो गई है जल्द ही उनकी गिरफ्तारी होगी यह लोग 3 साल से हीरोइन के धंधे में सन लिप्त थे और अजय सिंह के बारे में मध्य निषेध विभाग के द्वारा भी कई बार सूचना मिली कई बार उनके पोल्ट्री फार्म पर रेड भी किया गया पुलिस रिकॉर्ड में भी है मादक पदार्थ के लेनदेन को लेकर हत्या हुई है। आगे की कार्रवाई जारी है । वही कैमूर एसपी ने कहा की एसडीपीओ दिलीप कुमार, रामगढ़ थानाध्यक्ष उमेश कुमार, इसमें बहुत अच्छे कार्य किए है।

# माई छोटा स्कूल का वार्षिक परीक्षा रिजल्ट हुआ घोषित

प्रात : किरण संवाददाता



बिक्रमगंज (रोहतास) स्थानीय शहर के अंजबित सिंह कॉलेज रोड़ स्थित माई छोटा स्कूल में सोमवार को वार्षिक परीक्षा का रिजल्ट घोषित होते ही बच्चों में खुशी की लहर दौड़ गई। जो परीक्षा रिजल्ट घोषित के उपलक्ष्य विद्यालय परिसर में छात्र समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जो सभी बच्चों के रिजल्ट की घोषणा उनके अभिभावकों की उपस्थिति में की गई। इस अवसर माई छोटा स्कूल की निदेशक रेणु सिंह ने बताया कि परीक्षा परिणाम को लेकर बच्चों में पहले से ही काफी उत्साह था। जिस वार्षिक परीक्षा के विभिन्न वर्ग के बच्चें अपने अभिभावकों के साथ परीक्षा परिणाम जानने और अपना मार्कशीट प्राप्त करने हेतु विद्यालय में निर्धारित समय से पहुंचे थें। जिनके रिजल्ट की घोषणा निदेशक रेणु सिंह के नेतृत्व में प्रधानाध्यापक पम्मी कुमारी ने की। जहां अपने रिजल्ट को देख सभी बच्चें खुशी व्यक्त करते हुए स्कूल में बनें सेल्फी प्वाइंट पर माता-पिता के साथ सेल्फी लिया।

परीक्षा के घोषित रिजल्ट तहत प्री नर्सरी में ए प्लस ग्रेड के साथ अलतमस प्रथम, ग्रेड ए के साथ नैना गुप्ता सेकेंड व सत्या कुमार तीसरे स्थान पर रहें। जबकि नर्सरी क्लास में विहान चौबे प्रथम स्थान, रुद्र कुमार सेकेंड स्थान, पियूष कुमार सिद्धि तीसरा स्थान प्राप्त किया। यूकेजी क्लास में रुद्र पाठक प्रथम, चिन्मय सेकेंड व लक्की तीसरा स्थान ला सकें। एलकेजी वर्ग में चित्रांशी प्रियादर्शी प्रथम, सौरभ कुमार सेकेंड, रिषभ, रूही तीसरे स्थान पर रहें। साथ ही क्लास वन में प्रथम स्थान शिक्षा कुमारी, सेकेंड आदित्य कुमार, तीसरा स्थान प्रिंस कुमार को मिला। इनके आलवे अन्य सभी बच्चें अपने वर्ग में उत्तीर्ण रहें। जिसके प्रति बच्चों का आभार व्यक्त करते हुए निदेशक ने उन्हें सम्मानित करते हुए बताया कि माई छोटा स्कूल का एक ही सपना है की हर नन्हें मुन्ने बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र अनुभवी शिक्षकों द्वारा बिना कोई दबाव के उन्हें आत्मनिर्भर बनना है। जिनके भविष्य संवारने में बच्चों के माता-पिता का योगदान भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। मौके पर शिक्षक अनुज्ञा कुमारी, प्रिया कुमारी, काजल कुमारी, मुनीमा, आदित्य सिंह व बच्चों के अभिभावक राजू प्रकाश रंजन, चंदन कुमार, अवधेश सिंह, प्रियंका देवी, रेखा कुमारी सहित छात्र नित्या प्रकाश, जसप्रीत, आयांश, तनिष्का, शिवांश मोदी, रुहीन, पीयूष उपस्थित थें।

### डीएम ने विभिन्न राजनीतिक दलों के साथ किया समीक्षात्मक बैठक




कैमूर। सासाराम लोकसभा निर्वाचन पदाधिकारी सह कैमूर डीएम सावन कुमार की अध्यक्षता में निर्वाचन संबंधित बैठक संपन्न हुई। बैठक में सासाराम निर्वाचन क्षेत्र सुरक्षित लोकसभा चुनाव को लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों से विशेष चर्चा किया गया। बैठक में भाजपा के जिला अध्यक्ष मनोज जायसवाल, जनता दल यूनाइटेड अजय सिंह, जिला कांग्रेस कमेटी से हरीश कुमार, बहुजन समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष छोटेलाल राम एवं डॉ संतोष कुमार, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी कामरेड भीम सिंह, आम आदमी पार्टी जिला अध्यक्ष डॉ दिनेश सिंह कुशवाहा, भाकपा-माले लिबरेशन से कामरेड महेंद्र सिंह सहित विभिन्न दलों के लोगों ने बैठक में भाग लिया।

### भण्डरा के साथ श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ का हुआ समापन



चांद। प्रखंड में शिव गांव में पिछले 25 मार्च से चल रहा श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ का सोमवार को भण्डारा के साथ समापन हुआ । श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज के प्रबचन मुक्तिनाथ स्वामी एवं आनंद विहारी शास्त्री के कथा वाचकों के द्वारा भागवत कथा का हजारों भक्तों ने श्रवण किया। श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ में बारह कुंड में वैदिक मंत्रों के साथ हवन अनुष्ठान किया गया। हजारों भक्तों ने यज्ञकुंड का परिक्रमा कर पुण्य लाभ उठा रहे थे।श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ के समापन में आयोजित भण्डारा में हजारों भक्तों एवं श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। महायज्ञ के अंतिम दिन सुबह जीयर स्वामी जी महाराज के द्वारा कलयुग के महत्व पर चर्चा की उन्होंने ने कहा कलयुग सभी युगों श्रेयस्कर है। स्वामी ने कहा मानव को भागवत कथा श्रवण करने की जरूरत है। उन्होंने ने कहा भगवान को नहीं मानने वाले नास्तिकों का अंत बहुत भयानक होता है।जीयर स्वामी ने कहा ज्ञान वेद उपनिषद पुराण पढ़ने से होता है। उन्होंने ने कहा सुनने से सत्कर्म में रूचि बढ़ती है। उन्होंने ने श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ की सफलता पुर्वक आयोजित करने के लिए महायज्ञ समिति को धन्यवाद दिया। महायज्ञ के अंतिम दिन कथावाचक मुक्ति नाथ स्वामी पिठाधिश्वेर काशी एवं आंनद विहारी शास्त्री आरा ने भगवान श्री कृष्ण कई रस भरी कथा से उपस्थित श्रोताओं का मन मोह लिया। कथावाचकों ने भागवत कथा के सुंदर चित्रण से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।आठ दिनों से चल रहा महायज्ञ एवं कथा से पुरा क्षेत्र भगवान मय हो गया। महायज्ञ में शिव विउरी नौबाठ विरभानपुर चांद भलुहारी सिलौटा आदि सैकड़ों गांवों के श्रोताओं ने प्रतिदिन कथा मे भाग लेकर अपने मानव जीवन की सार्थकता साबित किया।

# रामलला के दर्शन करने अयोध्या पैदल निकला भक्त, लोगों ने किया स्वागत



नासरीगंज (रोहतास) भगवान राम की जन्मस्थली अयोध्या जाने के लिए गया जिले के परैया थाना के कसपुआ कोइरी बिगहा के 27 वर्षीय गुडडू कुमार रामधुनी में मस्त होकर लगभग एक हजार किलोमीटर की पैदल दूरी नापने के लिए निकल पड़ा है। भगवान राम की स्तुति गान करते निकले गुडडू के उत्साह में थकान का जरा भी एहसास नही हो रहा है। रामनाम का जाप करते आगे बढ़ रहें, इस युवक के हौसले को देखकर लोग हैरान भी हैं। जो हाथ मे तिरंगा और भगवा झंडा लेकर निकले उसे रास्ते में राम भक्तों की ओर से प्रोत्साहित भी किया जा रहा है। इस युवक ने दिल की आवाज सुनकर रामलला का दर्शन करने पैदल सफर करने का दृढ़ संकल्प लेकर परिवार की मंजूरी के बाद अयोध्या का रुख किया। जिसने अपने घर से 30 मार्च की सुबह 10 बजे से पैदल सफर की शुरूआत की। उन्होंने पंचानपुर, कोंच, गोह, दाउदनगर के रास्ते होकर 31 मार्च की देर शाम नासरीगंज नगर के हनुमान मंदिर पहुंचे। जहां भाजपा नगर अध्यक्ष लालबाबू कुमार उर्फ संजय प्रसाद ने उन्हें फूलमाला व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया और मंदिर में भोजन कराकर विश्राम करने की व्यवस्था की। वही गुडडू ने बताया कि वो रामनवमी पर्व के अवसर पर अयोध्या में विराजमान रामलला का दर्शन करने के लिए पैदल सफर पर निकल पड़े हैं। वो पहली बार अयोध्या रामलला का दर्शन करने जा रहे हैं। पैदल सफर के दौरान जगह-जगह उन्हें रामभक्तों के द्वारा जलपान और भोजन आदि की व्यवस्था भी की जा रही है। उन्होंने नवयुवकों के लिए कहा कि आज के दौर में अगर ठान लिया जाए तो कुछ भी संभव नही है। उन्होंने अयोध्या में राममंदिर का पुनर्निर्माण कराने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि रात्रि विश्राम के लिए मंदिरों में वह शरण ले रहे हैं। जो पुनः एक अप्रैल की सुबह पैदल सफर से बिक्रमगंज के रास्ते अयोध्या निकल गए। जिसकी रामनवमी तक अयोध्या पहुंचने की उम्मीद है।

# व्यक्ति ने फांसी लगा की आत्महत्या, हाथ का नस भी कटा



डुमरांव (बक्सर) थाना क्षेत्र के बाईपास रोड में सोमवार को एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर और दाहिने हाथ की नस काटकर आत्महत्या कर ली। फांसी लगाने का कारण आर्थिक तंगी बताया जाता है। बताया गया कि उसने किसी से मोटा कर्ज लिया था। पैसा चुकता न कर सकने के कारण उसने अपने जीवन की इहलीला समाप्त कर ली। मृतक की पहचान डुमरांव के ही कपिल मुनि द्वारा निवासी स्वर्गीय बृज बिहारी प्रजापति के सबसे बड़े पुत्र संतोष कुमार प्रजापति के रूप में हुई है। मृतक डुमरांव में ही जयमाल और फेबरिक का व्यवसाय करता था। उसकी मौत के बाद उसके परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। मृतक को एक पुत्र और एक पुत्री थी। वहीं इस घटना के बाद मृतक की पत्नी का भी रो रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए बक्सर भेजा।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, मंगलवार, 02 अप्रैल, 2024





# कर्तम भुगतम से जबर्दस्त वापसी को तैयार श्रेयस तलपड़े

अभिनेता श्रेयस तलपड़े जल्द ही बड़े पर्दे धमाकेदार वापसी करने जा रहे हैं। मनोवैज्ञानिक थ्रिलर कर्तम भुगतम में वे अपनी अदाकारी का जलवा दिखाते नजर आएंगे। यह फिल्म 17 मई को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है।

### साइकोलॉजिकल थ्रिलर है कर्तम भुगतम

काल और लक जैसी फिल्में बना चुके सोहम ने इस फिल्म का निर्देशन किया है। श्रेयस के अलावा फिल्म में विजय राज, मधु और अक्षा परदासानी जैसे प्रतिभाशाली कलाकार भी दिखेंगे। मेकर्स का दावा है कि कर्तम भुगतम एक ऐसी साइकोलॉजिकल थ्रिलर है जो दर्शकों को शुरू से अंत तक अपनी सीटों से बांधे रखेगी। ज्योतिष और कर्म के प्राचीन सार्वभौमिक सत्यों को जोड़ते हुए फिल्म यह बताने की कोशिश करेगी कि कैसे हर काम के कुछ निश्चित परिणाम होते हैं, जैसी कि सदियों पुरानी हिंदी कहावत है कि जैसा करोगे, वैसा भरोगे।

### सोहम-श्रेयस ने कही यह बात

फिल्म के बारे में जानकारी देते हुए, निर्देशक सोहम पी. शाह ने कहा, कर्तम भुगतम एक मनोवैज्ञानिक थ्रिलर है जो कर्म की जटिल कार्यप्रणाली से संबंधित है। हमारी फिल्म ज्योतिष और मानव भाग्य के बीच गहरे संबंध की बात करती है। मुख्य अभिनेता श्रेयस तलपड़े ने फिल्म को लेकर अपना उत्साह जाहिर करते हुए कहा, मेरे लिए कर्तम भुगतम एक सार्वभौमिक सत्य का प्रतीक है कि जो करोगे वही परिणाम के रूप में सामने आएगा। जब मैंने फिल्म की कहानी सुनी और इसका बेहद इंटरेस्टिंग टाइटल सुना तो मैं तुरंत फिल्म की ओर आकर्षित हो गया। फ़िल्म की कहानी इसके नाम की तरह ही अनोखी और रोचक है।

### पांच भाषाओं में रिलीज होगी

फिल्म का निर्माण गांधार फिल्म्स एंड स्टूडियो प्राइवेट की ओर से किया गया है। इस फिल्म को पूरे भारत में हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में रिलीज किया जाएगा।



# तृषा-चिरंजीवी की फिल्म विश्वंभरा पर आया बड़ा अपडेट

मेगास्टार चिरंजीवी और तृषा कृष्णन की आगामी फिल्म विश्वंभरा अपनी एलान के बाद से ही सुर्खियों में है। यह फिल्म चिरंजीवी और निर्देशक वशिष्ठ मल्लीदी के बीच शुरुआती सहयोग का प्रतीक है। फिल्म में तृषा कृष्णन मुख्य अभिनेत्री हैं। वहीं, अब फिल्म की शूटिंग पर बड़ा अपडेट सामने आया है, जिसे जानकर इसका इंतजार कर रहे फैंस का खुश होना लाजमी है।

### शुरू होगी विश्वंभरा की शूटिंग!

मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो विश्वंभरा की शूटिंग हैदराबाद में शुरू होगी, जो शहर के विभिन्न स्थानों पर होगी। इस शेड्यूल में चिरंजीवी और अन्य कलाकारों के एक्शन सीन को बड़े पैमाने पर शूट किया जाएगा। फिल्म में सुरभि, राम्या पसुपलेटी, ईशा चावला, और अश्रिता वेमुगंती नंदूरी जैसे शानदार कलाकार भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, विश्वंभरा का निर्माण यूवी क्रिएशन्स द्वारा 250 करोड़ रुपये से अधिक के भारी बजट पर किया जा रहा है। डायलॉग साई माधव बुर्रा द्वारा लिखे गए हैं। फिल्म में संगीत ऑस्कर विजेता



एमएम कीरावानी का है। सिनेमैटोग्राफर छोटा के नायडू और संपादक कोटागिरी वेंकटेश्वर राव और संतोष कमारेड्डी का है।

### विश्वंभरा की रिलीज डेट

हाल ही में चिरंजीवी ने फिल्म में साउथ अभिनेत्री तृषा का स्वागत किया। दोनों 18 साल बाद फिर साथ काम कर रहे हैं। मल्लीदी वशिष्ठ द्वारा लिखित और निर्देशित विश्वंभरा सामाजिक मुद्दे पर आधारित फिल्म होगी, जिसमें चिरंजीवी और तृषा मुख्य भूमिका में हैं। विश्वंभरा 10 जनवरी, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है।



## फिल्म खेल खेल में की शूटिंग खत्म

# लीड रोल में नजर आएंगी तापसी-वाणी

डायरेक्टर मुदस्सर अजीज की अपकमिंग फिल्म खेल खेल में की शूटिंग खत्म हो गई है। यह एक कॉमेडी जॉनर की फिल्म है। इसमें अक्षय कुमार और तापसी पन्नू लीड रोल में हैं। दोनों के साथ वाणी कपूर भी देखी जाएंगी। सूत्रों का कहना है कि जल्दी ही मेकर्स फिल्म की रिलीज डेट भी अनाउंस करेंगे। फिल्म में अक्षय कुमार और फरदीन खान करीब 17 साल बाद एक साथ स्क्रीन शेयर करने वाले हैं। 2007 में दोनों कॉमेडी फिल्म 'हे बेबी' में एक साथ नजर आए थे। अब दोनों एक बार फिर से कॉमेडी फिल्म में साथ दिखेंगे। वहीं तापसी पन्नू, अक्षय कुमार के साथ 'बेबी' और 'मिशन मंगल' जैसी फिल्मों में काम कर चुकी हैं। वाणी कपूर ने भी अक्षय के साथ फिल्म 'बेल बॉटम' में काम किया है। अक्षय की करीब 7 फिल्में इस साल रिलीज हो सकती हैं अक्षय कुमार के वर्कफ्रंट की बात करें तो उनकी फिल्म बड़े मियां छोटे मियां रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म में टाइगर श्रॉफ, पृथ्वीराज सुकुमारन, मानुषी छिल्लर, अलाया एफ और सोनाक्षी सिन्हा भी हैं। अली अब्बास के डायरेक्शन में बनी यह फिल्म ईद के मौके पर रिलीज होगी। इसके तुरंत बाद अक्षय फिल्म सरफिरा में दिखाई देंगे, जो तमिल फिल्म सोरारई पोटरु की हिंदी रीमेक है। सुधा कोंगारा प्रसाद के डायरेक्शन में बनी यह फिल्म 12 जुलाई को थिएटर्स में रिलीज होगी। अक्षय को फिल्म सिंघम अगेन में वीर सूर्यवंशी के रोल में देखा जाएगा। इसमें करीना कपूर, दीपिका पादुकोण, रणवीर सिंह, टाइगर श्रॉफ और अर्जुन कपूर भी दिखाई देंगे। फिल्म में अजय देवगन लीड रोल में होंगे। इसके अलावा अक्षय के पास वेलकम टू द जंगल, स्काई फोर्स, हाउसफुल 5 और जॉली एलएलबी 3 जैसी फिल्में भी हैं।

# फिल्म बनाऊंगी तो शाहरुख के साथ ही



फराह खान ने अपने शानदार करियर में चार फिल्मों का निर्देशन किया है। इनमें तीन फिल्मों में शाहरुख खान मुख्य भूमिका में थे। उन्होंने 2004 में शाहरुख खान स्टारर मैं हूं ना से निर्देशन की दुनिया में कदम रखा था, जो सुपरहिट साबित हुई थी। हाल ही में फराह ने कहा कि वह शाहरुख के साथ फिर से काम करने के अवसर का इंतजार कर रही हैं। उन्होंने किंग खान को अपने लिए लकी कहा है। उन्होंने कहा बॉक्स ऑफिस पर मैं हूं ना को सफलता शाहरुख की उपस्थिति के कारण मिली। उन्होंने मैं हूं ना की यादों को ताजा करते हुए कहा कि कैसे शाहरुख खान की भागीदारी ने फिल्म को हिट बना दिया। फराह खान ने कहा, फिल्म बनाते समय मुझे सौ फीसदी लगा कि यह फिल्म चलेगी क्योंकि इसमें शाहरुख अभिनय कर रहे हैं। अभी भी लगता है मुझ की अगर मैं फिल्म बनाऊंगी तो शाहरुख के साथ ही बनाऊंगी। भले ही इसके लिए कुछ समय इंतजार करना पड़े। फराह खान ने शाहरुख खान के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात करते हुए कहा मेरे लिए वह बहुत भाग्यशाली है। मैं हूं ना के अलावा फराह ने ओम शांति ओम, तीस मार खां और हैप्पी न्यू ईयर का भी निर्देशन किया है। इनमें तीन फिल्मों में किंग खान अहम भूमिका में थे। वहीं, तीस मार खां में अक्षय कुमार अहम किरदार में थे। 45 करोड़ रुपये के बजट में बनी ये फिल्म महज 101.89 करोड़ रुपये की कमाई कर सकी थी। वहीं, फराह की अन्य फिल्में खूब सफल रह थीं। मैं हूं ना फराह खान के निर्देशन की पहली फिल्म थी। इस फिल्म में शाहरुख खान, सुष्मिता सेन, सुनील शेट्टी, अमृता राव और जायद खान जैसे कलाकार शामिल थे। फिल्म को दर्शकों से बेहद प्यार मिला था, बॉक्स ऑफिस पर फिल्म हिट साबित हुई थी।

# सलमान खान ने नहीं छोड़ी करण जौहर की फिल्म

1998 में रिलीज हुई करण जौहर की डायरेक्टोरियल डेब्यू फिल्म कुछ कुछ होता है में सलमान खान का एक्सटेंडेड कैमियो था। अब इस फिल्म के 25 साल बाद करण जौहर ने अपने प्रोडक्शन की फिल्म द बुल में सलमान खान की कास्टिंग की है। पिछले कई दिनों से फिल्मी गलियारों में चर्चा थी की डेट्स फाइनल न होने पर सलमान खान ने फिल्म छोड़ दी है, हालांकि अब प्रोडक्शन के सूत्रों की मानें तो ये खबर सरासर अफवाह है। बीते साल टाइगर 3 के प्रमोशन के दौरान सलमान खान ने कन्फर्म किया था कि वो करण जौहर की फिल्म द बुल का हिस्सा हैं। दिसंबर 2023 में वो फिल्म के मुहुर्त का भी हिस्सा थे। हालांकि बीते कुछ दिनों से खबर है कि बार-बार शूटिंग डेट्स बदलने से परेशान होकर सलमान ने फिल्म करने से इनकार कर दिया है।

इसी बीच अब बॉक्स ऑफिस इंडिया ने फिल्म से जुड़े एक सूत्र के हवाले से लिखा है कि सलमान अब भी करण की फिल्म द बुल का हिस्सा हैं। उनके द्वारा फिल्म छोड़ने की खबर अफवाह है। फिल्म द बुल की तैयारी शुरू हो चुकी है और सलमान अगले साल फरवरी से फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे।

फिल्म द बुल में ब्रिगेडियर बनेंगे सलमान

फिल्म द बुल में सलमान में सलमान खान ब्रिगेडियर फारुख बुलसारा के रोल में नजर आएंगे, जो साल 1988 में मालदीव में हुए ऑपरेशन केकटस के लीड थे। फारुख बुसलारा पैरमिलिट्री ऑफिसर थे, जिन पर फिल्म बनेगी। फिल्म की शूटिंग फरवरी 2025 से शुरू होगी। इस फिल्म को विष्णु वर्धन डायरेक्ट करने वाले हैं। बताते चलें कि इन दिनों सलमान खान साजिद नाडियाडवाला के प्रोडक्शन की अनटाइटल फिल्म का हिस्सा हैं। इस फिल्म को जय हो डायरेक्ट कर चुके ए.आर. मुरुगाडोस डायरेक्ट कर रहे हैं।





# सुनील ग्रोवर ने कपिल के साथ अपने झगड़े को बताया पब्लिसिटी स्टंट

टेलीविजन पर वर्षों के मनोरंजन के बाद अब जाने-माने कॉमेडियन और अभिनेता कपिल शर्मा द ग्रेट इंडियन कपिल शो को ओटीटी पर लॉन्च करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, जिसका मतलब है कि यह न केवल भारत में बल्कि विदेशों में भी स्ट्रीम किया जाएगा। दुनिया भर में सैकड़ों देश कपिल के इस शो का लुत्फ उठा सकेंगे। इस शो में एक बार फिर सुनील ग्रोवर और कपिल शर्मा की जोड़ी दर्शकों का मनोरंजन करती नजर आएगी। अब हाल ही में, सुनील ने कपिल शर्मा के साथ अपनी लड़ाई पर चुप्पी तोड़ी है। द ग्रेट इंडियन कपिल शो के मेकर्स ने एक कार्यक्रम की मेजबानी की, जिसमें शो के कलाकार - कपिल शर्मा, कीकू शारदा, कृष्णा अभिषेक, राजीव ठाकुर और अर्चना पूरन सिंह शामिल हुए। कार्यक्रम में सभी को खूब हंसी-मजाक करते हुए देखा गया, लेकिन अंत में सुनील ग्रोवर की एंट्री हुई, जिसने सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। इस इवेंट में सुनील ने अपने शो को लेकर कई दिलचस्प बातों का खुलासा किया। इसके अलावा उन्होंने कपिल शर्मा के साथ अपनी लड़ाई पर भी चुप्पी तोड़ी। सुनील ने कहा, उस समय पर नेटफ्लिक्स इंडिया में नया-नया आया था तो हमें लगा कि टेलीविजन के दर्शकों को बांध के रखने के लिए कुछ करना पड़ेगा और इस तरह हमने लड़ाई कर दर्शकों के सामने पब्लिसिटी स्टंट किया। सुनील ने आगे कहा, ठीक पहले फ्लाइट में चढ़ते समय कपिल शर्मा शो की टीम ने मुझसे पूछा कि हम इसे प्रमोट करने के लिए क्या कर सकते हैं और हमें यही विचार आया। हालांकि, जब उन्होंने कहानी गढ़ी तो वह खुद अपनी हंसी नहीं रोक पाए और कपिल भी उनकी लड़ाई से जुड़े सवालों को मजाक में लेते नजर आए। सुनील ने आगे कहा कि वह अब घर वापस आ गए हैं। इस शो का हिस्सा बनना खुशी की बात है, और यह एक ऐसी जगह है, जहां हम काम करते हुए भी थकाऊ नहीं लगते।

# यशराज के स्पाई यूनिवर्स में हुई बॉबी देओल की एंट्री!

संदीप रेड्डी वांगा के निर्देशन में बनी एनिमल में अपनी दमदार अदाकारी से बॉबी देओल ने खूब वाहवाही बटोरी। इस फिल्म के बाद उनकी लोकप्रियता में गजब का इजाफा देखने को मिला है। एनिमल के ब्लॉकबस्टर होने के बाद अभिनेता के पास कई बड़े प्रोजेक्ट हैं। इस बीच बॉबी देओल को लेकर एक ऐसी खबर सामने आई है, जिसे सुनकर उनके फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बॉबी की एंट्री यशराज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स में हो गई है। रिपोर्ट की दावों की मानें तो आलिया भट्ट की आगामी स्पाई यूनिवर्स फिल्म में बॉबी खलनायक की भूमिका में नजर आएंगे। रिपोर्ट में बताया गया है कि बॉबी ने फिल्म साइन कर ली है। फिल्म से जुड़े सूत्र के मुताबिक फिल्म में बॉबी नकारात्मक भूमिका में दिखेंगे, जिसका सामना आलिया और शरवरी करेंगी। सूत्र के मुताबिक फिल्म के लिए कागजी कार्रवाई पूरी हो चुकी है और बॉबी 2024 की दूसरी छमाही में फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे। रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि बॉबी इस फिल्म में एक खास लुक में पूरे स्वैग के साथ नजर आने वाले हैं। हालांकि, इसको लेकर अब तक किसी भी प्रकार की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। आलिया भट्ट की स्टैंडअलोन वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स फिल्म की पुष्टि इस साल की शुरुआत में हुई थी। यशराज फिल्म्स के सीईओ अक्षय विधानी ने खुलासा किया था फिल्म में आलिया लीड एक्ट्रेस के रूप में नजर आने वाली हैं। वर्क फ्रंट की बात करें तो आलिया भट्ट जल्द ही जिगरा में भी नजर आएंगी, जिसकी शूटिंग हाल ही में खत्म हुई है। फिल्म में वेदांग रैना भी हैं। इस साल के अंत में इस फिल्म की रिलीज की उम्मीद जताई जा रही है। इसके अलावा, आलिया के पास कैटरीना कैफ और प्रियंका चोपड़ा के साथ फरहान अख्तर की जी ले जरा भी है।






## संक्षिप्त समाचार

### नेटफ्लिक्स का द ग्रेट इंडियन कपिल शो प्रीमियर के लिए तैयार

**नई दिल्ली।** आखिरकार इंतज़ार खत्म हुआ! नेटफ्लिक्स का द ग्रेट इंडियन कपिल शो 30 मार्च को प्रीमियर के लिए तैयार है, जिसमें हर शनिवार रात 8 बजे नए एपिसोड आएंगे। इस वीकेंड, शो के पहले मेहमान कोई और नहीं बल्कि मशहूर कपूर परिवार है, जिसे बॉलीवुड का सबसे प्रसिद्ध परिवार कहा जाता है। भाई-बहन रणबीर कपूर, रिद्धिमा कपूर साहनी अपनी खूबसूरत मां नीतू कपूर के साथ गपशप करते नज़र आएंगे और कपिल और पूरी टीम पूरे उत्साह के साथ उनका स्वागत करेगी। बी-टाउन में नवीनतम पिता, रणबीर कपूर ने जब राहा के बारे में बात की, तो उनके एक्सप्रेशन ने सब कुछ कह दिया। अपने बेटे रणबीर के एक प्यारे पिता के रूप के बारे में बताते हुए, नीतू कपूर ने कहा, ÷जब भी राहा कमरे में आती है, तो आपको रणबीर का चेहरा देखना चाहिए, यह भावों से भरा होता है। वह बहुत उत्साहित होता है। मैं आपको बताना चाहूंगी कि मैंने कई पिता देखे हैं लेकिन मैंने उसके जैसा कोई नहीं देखा। राहा इसे ढूंढती रहती है और उसे अपने पिता के साथ खेलना पसंद है। जब रणबीर से पूछा गया कि क्या उन्हें डायपर बदलने का पर्याप्त अनुभव है, तो उन्होंने तुरंत कहा कि वह डकार दिलाने के विशेषज्ञ हैं!

### वर्तमान उच्च ब्याज दरें इसे पेंशन उत्पाद में निवेश करने का सही समय बनाती हैं

**सतना।** कई बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि अगले कुछ महीनों में भारत में ब्याज दरों में लगभग 7प्रतिशत के मौजूदा स्तर से गिरावट आएगी, जिससे ग्राहकों को वार्षिकी उत्पाद में वर्तमान ब्याज दर पर अपने निवेश को लॉक-इन करने का मौका मिलेगा। आईसीआईसीआई प्रू गारंटीड पेंशन प्लान फ्लेक्सी वार्षिकी उत्पादों में सबसे अलग है क्योंकि यह ग्राहकों को व्यवस्थित निवेश करके सेवानिवृत्ति निधि बनाने में मदद करता है। यह सेवानिवृत्ति के बाद एक निश्चित और स्थिर आय सुनिश्चित करता है, जो भारत जैसे बाजार में विशेष रूप से फायदेमंद है जहां ब्याज दरों में गिरावट की भविष्यवाणी की जाती है। इसके अतिरिक्त, इस योजना का एक संस्करण एक अनूठी सुविधा प्रदान करता है जो भुगतान किए गए सभी प्रीमियमों का 100प्रतिशत रिफंड प्रदान करता है, जिससे यह जीवन बीमा उद्योग का पहला ऐसा उत्पाद बन जाता है। तो अब वार्षिकी उत्पाद में निवेश करने से ग्राहकों को कैसे लाभ होता है? पेंशन या वार्षिकी उत्पाद जो केवल जीवन बीमा कंपनियों द्वारा पेश किए जाते हैं, गारंटीशुदा नियमित आजीवन आय प्रदान करते हैं। ब्याज दर खरीद के समय ही लॉक-इन कर दी जाती है। सेवानिवृत्त लोग एक स्थिर आय पसंद करते हैं जो ब्याज दर के उतार-चढ़ाव से प्रभावित न हो, वार्षिकी या पेंशन उत्पाद सबसे अच्छा विकल्प हैं, जो नियमित आय प्रदान करते हैं जो उन्हें वित्तीय रूप से स्वतंत्र होने में सक्षम बनाते हैं। चूंकि आगे चलकर ब्याज दर में गिरावट की उम्मीद है, वार्षिकी उत्पाद खरीदने वाले ग्राहक मौजूदा ब्याज दर पर अपने निवेश को लॉक-इन करने में सक्षम होंगे। आइए श्री प्रजापति का उदाहरण लें जिन्होंने शुरुआत में अपनी बचत रुपये का निवेश किया था। उन्होंने 8त्न ब्याज पर 1 करोड़ रुपये की जमा राशि अर्जित की, जिससे उन्हें मासिक 67,000 रुपये की कमाई हुई, जिससे एक आरामदायक जीवन शैली का समर्थन मिला। हालाँकि जब उन्होंने कुछ वर्षों के बाद अपनी जमा राशि को नवीनीकृत करने का प्रयास किया तो ब्याज दर गिरकर 6प्रतिशत हो गई।

# गौतम अडानी ने पलटी बाजी... पीछे छूटा हिंडनबर्ग रिसर्च का भूत, उड़ान भरने को तैयार है अडानी ग्रुप

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत और एशिया के दूसरे सबसे बड़े रईस गौतम अडानी की अगुवाई वाला अडानी ग्रुप एक बार फिर ऊंची उड़ान की तैयारी में है। ग्रुप ने जिस तरह के विस्तार की योजना बनाई है, उससे लग रहा है कि वह अब पूरी तरह से हिंडनबर्ग प्रभाव से बाहर आ गया है। ग्रुप ने एक सप्ताह के भीतर 1.2 अरब डॉलर का तांबा संयंत्र खोला, ओड़िशा में बंदरगाह खरीदा और सीमेंट कंपनी में हिस्सेदारी बढ़ाई। साथ ही प्रतिद्वंद्वी माने जाने वाली मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज के साथ गठजोड़ भी किया है। ग्रुप ने पिछले एक सप्ताह में शेयर बाजारों को कई तरह की जानकारी दी हैं। इनमें अपने कोर पोर्ट बिजनस में विस्तार और निवेश, धातु रिफाइनिंग में विविधीकरण, दो साल पुराने सीमेंट क्षेत्र में पूंजी डालने और अपनी वृहत सौर परियोजना के चालू होने के मामले में लगातार हो रही प्रगति की घोषणा की है।



इसकी शुरुआत 26 मार्च को अडानी पोर्ट्स के गोपालपुर पोर्ट में 3,350 करोड़ रुपये के उद्यम मूल्य पर 95 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने की घोषणा के साथ हुई। इससे उसके नियंत्रण में बंदरगाहों की संख्या 15 हो गई। यह देश में किसी भी निजी कंपनी के पास बंदरगाहों की सर्वाधिक संख्या है। इसके बाद ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी अडानी एंटरप्राइजेज ने 28 मार्च को गुजरात के मुंदड़ा में एक ही स्थान पर दुनिया के सबसे बड़े तांबा विनिर्माण संयंत्र के पहले चरण की घोषणा की। यह ग्रुप के धातु शोधन के क्षेत्र में प्रवेश को बताता है। कुल 1.2 अरब डॉलर के इस प्लांट ने भारत को अग्रणी देशों की कतार में ला दिया है। ये देश तेजी से तांबे का उत्पादन बढ़ा रहे हैं। यह कोयला जैसे जीवाश्म ईंधन के कम उपयोग के लिहाज से महत्वपूर्ण धातु है। ऊर्जा बदलाव के लिहाज से महत्वपूर्ण इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी), चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर, सौर फोटोवोल्टिक्स (पीवी), पवन और बैटरी सभी में तांबे की आवश्यकता होती है।

### अंबानी के साथ गठजोड़

उसी दिन, ग्रुप के प्रमोटर गौतम अडानी और उनके परिवार ने देश की दूसरी सबसे बड़ी सीमेंट कंपनी अंबुजा सीमेंट्स में हिस्सेदारी बढ़ाकर 66.7 प्रतिशत करने के लिए 6,661 करोड़ रुपये का निवेश की घोषणा की। एक दिन बाद, ग्रुप की रिन्यूएबल एनर्जी कंपनी अडानी ग्रीन एनर्जी ने गुजरात के खावड़ा में अपनी 775 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजनाएं शुरू करने की घोषणा की। खावड़ा वह स्थान है, जहां वह सौर ऊर्जा से 30 गीगावाट क्षमता की बिजली परियोजनाएं स्थापित करने लिए एक विशाल सौर फार्म का निर्माण कर रही है। यह ग्रुप की 2030 तक 45 गीगावॉट क्षमता का लक्ष्य हासिल करने की योजना का हिस्सा है।


28 मार्च को ही अडानी और उनके प्रतिद्वंद्वी माने जाने वाले उद्योगपति मुकेश अंबानी पहली बार गठजोड़ करने की घोषणा की। इसके तहत रिलायंस इंडस्ट्रीज ने अडानी पावर की मध्य प्रदेश बिजली परियोजना में 50 करोड़ रुपये में 26 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदी और संयंत्र की 500 मेगावाट बिजली का स्वयं उपयोग करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किये। विश्लेषकों का कहना है कि पिछले एक सप्ताह में की गई घोषणाएं इस बात का संकेत है कि अडानी फिर से विस्तार की राह पर है। हिंडनबर्ग रिसर्च की ग्रुप के खिलाफ रिपोर्ट आने के 14 महीने बाद अडानी ने बड़े स्तर पर विस्तार की घोषणाएं की हैं।

### इन्फ्रा पर जोर

अमेरिका की शॉर्ट सेलिंग कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च की पिछले साल जनवरी में आई रिपोर्ट में अडानी ग्रुप पर खुलेआम शेयरों की कीमत और बही-खाते में हेराफेरी का आरोप लगाया गया था। इससे ग्रुप के शेयरों की कीमत में भारी गिरावट आई और उसका मार्केट कैप में एक समय करीब 150 अरब डॉलर का नुकसान हो गया था। हालांकि, अडानी ग्रुप ने हिंडनबर्ग की रिपोर्ट को सिरे से खारिज करते हुए इसे पूरी तरह से आधारहीन बताया। कंपनी मैनेजमेंट ने हाल में निवेशकों को दी सूचना में कहा कि ग्रुप ने अपने बुनियादी ढांचे के कारोबार के विस्तार के लिए अगले दशक में सात लाख करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय की योजना बनाई है।

## जोमैटो को मिला भारी-भरकम जीएसटी नोटिस, लगा करोड़ों रुपये का जुर्माना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** फूड डिलीवरी करने वाली कंपनी जोमैटो को तगड़ा झटका लगा है। कंपनी को भारी भरकम जीएसटी का नोटिस मिला है। कंपनी को यह नोटिस कर्नाटक में कमर्शियल टैक्स (ऑडिट) के असिस्टेंट कमिश्नर से मिला है। ऑनलाइन ऑर्डर देकर खाना मंगाने की सुविधा देने वाले मंच जोमैटो को कर अधिकारियों से 23.26 करोड़ रुपये की कर मांग का नोटिस मिला है। इसमें ब्याज और जुर्माना शामिल है। कंपनी ने कहा कि वह आदेश के खिलाफ उपयुक्त प्राधिकार के समक्ष चुनौती देगी। जोमैटो ने बीएसई को दी सूचना में कहा, कंपनी को वित्त वर्ष 2018-19 के लिए सहायक वाणिज्यिक कर आयुक्त (ऑडिट), कर्नाटक से 11,27,23,564 करोड़ रुपये की जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) मांग को लेकर नोटिस मिला है। इस पर ब्याज और जुर्माने के साथ यह 23,26,64,271 रुपये बैठता है। कंपनी ने कहा, हमारा मानना है कि गुण-दोष के आधार पर हमारा मामला मजबूत है और कंपनी उचित प्राधिकार के समक्ष आदेश के खिलाफ अपील करेगी। अभी पिछले सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन जोमैटो के शेयर में उछाल देखने को मिला था। जोमैटो के शेयर बढ़त के साथ हरे निशान पर बंद हुए थे। एक्पर्ट्स के मुताबिक, कंपनी को जीएसटी नोटिस मिलने का असर शेयर पर देखने को मिल सकता है। बाजार में शुरुआती घंटे काफी अहम होंगे। बता दें कि जोमैटो के शेयर बीते गुरुवार को दो फीसदी से ज्यादा के उछाल के साथ 182.15 रुपये के स्तर पर बंद हुए हैं। शेयर में अच्छी तेजी देखने को मिली है।




## पावर सेक्टर से जुड़ी कंपनी-टोरेंट के शेयर पर टूट पड़े निवेशक, एक्सपर्ट की है नजर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** फाइनेंशियल ईयर के पहले कारोबारी दिन यानी 1 अप्रैल को पावर सेक्टर से जुड़ी कंपनी-टोरेंट पावर के शेयर पर निवेशक टूट पड़े। ट्रेडिंग के दौरान यह शेयर करीब 9 फीसदी चढ़कर 1463.25 रुपये पर पहुंच गया। इस शेयर में तेजी की वजह कंपनी को मिला एक बड़ा ऑर्डर है।

### ऑर्डर की डिटेल

दरअसल, टोरेंट पावर को अपनी वितरण इकाई से 150-मेगावाट विंड सोलर हाइब्रिड प्रोजेक्ट मिला है। बीते दिनों स्टॉक एक्सचेंज से कंपनी ने कहा- ग्रीनशू विकल्प के तहत 150 मेगावाट (आरई पावर) ग्रिड-कनेक्टेड विंड सोलर हाइब्रिड प्रोजेक्ट्स की स्थापना के लिए टोरेंट पावर लिमिटेड-वितरण इकाई से ऑर्डर लेटर मिला है। इस प्रोजेक्ब् की लागत 1,825 करोड़ रुपये है और इसे बिजली खरीद समझौते (पीपीए) से 24 महीने के भीतर चालू किया जाएगा। कॉन्ट्रैक्ट की अवधि परियोजना के चालू होने से 25 वर्ष होगी। विंड और सोलर की रेटेड पावर कैपिसिटी 2:1 के रेश्यो में होगी। बता दें कि 16 मार्च को टोरेंट पावर को 3,650 करोड़ रुपये की 300 मेगावाट (आरई पावर) ग्रिडकनेक्टेड विंड सोलर हाइब्रिड परियोजनाओं के लिए टोरेंट पावर लिमिटेड-डिस्ट्रीब्यूशन यूनिट से एलओए प्राप्त हुआ था। टोरेंट पावर 37,600 करोड़ के वार्षिक राजस्व वाले टोरेंट ग्रुप की 25,694 करोड़ रुपये इंटीग्रेटेड पावर यूटिलिटी वाली प्रमुख कंपनी है। टोरेंट पावर देश में बिजली क्षेत्र की सबसे बड़ी कंपनियों में से एक है और बिजली उत्पादन, ट्रांसमिशन एवं वितरण से जुड़ी है।



### शेयर पर एक्सपर्ट की राय

यह शेयर 12 महीनों में 180 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ गया है। ब्लूमबर्ग के आंकड़ों के मुताबिक, कंपनी पर नजर रखने वाले 11 विश्लेषकों में से तीन ने खरीदें रेटिंग बनाए रखी है। वहीं, दो ने होल्ड करने की सलाह दी है और 6 ने बेचने की सलाह दी है।

# रेलवे के शेयर ने पकड़ी रफ्तार, कंपनी को मिले हैं 3 बड़े ऑर्डर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** फाइनेंशियल ईयर के पहले दिन यानी एक अप्रैल को रेलवे से जुड़ी कंपनी-रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल) के शेयर ने दौड़ लगा दी। शुरुआती ट्रेडिंग के दौरान यह शेयर करीब 5 फीसदी चढ़कर 265.65 रुपये पर पहुंच गया। बता दें कि कंपनी को कई बड़े ऑर्डर मिले हैं। यही वजह है कि आरवीएनएल शेयर में तेजी आई।

### ऑर्डर की डिटेल

रेल विकास निगम लिमिटेड को दक्षिण पूर्व रेलवे के खड़गपुर डिवीजन के भद्रक (एक्सक्लूसिव) सेक्शन 3000 मीट्रिक टन लोडिंग लक्ष्य को पूरा करने के लिए 148.26 करोड़ रुपये का ऑर्डर मिला है। इसके तहत 1 × 25 केवी से 2 × 25 केवी ट्रैक्शन सिस्टम के अपग्रेडेशन के लिए डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग का काम करना है। इसे 18 महीने में पूरा किया जाना है।




एक अलग स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में रेल विकास निगम लिमिटेड ने यह भी बताया कि वह एनएफआर-कान्स्ट एचक्यू-इलेक्ट्रिकल/एनएफ रेलवे कंस्ट्रक्शन से 95.95 करोड़ की परियोजना के लिए सबसे कम बोली लगाने वाली कंपनी के रूप में भी उभरी है। इसकी लागत 95.95 करोड़ रुपये है और इसे 240 दिनों में पूरा किया जाना है।

### सालासर के साथ मिला ऑर्डर

रेल विकास निगम लिमिटेड और सालासर टेक्नो इंजीनियरिंग के ज्वाइंट वेंचर को मध्य अफ्रीकी देश रवांडा में करीब 60 करोड़ रुपये की ट्रांसमिशन परियोजना का ठेका मिला है। इस ज्वाइंट वेंचर को ठेका ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड (ईडीसीएल) से मिला है। इसे 18 महीने में पूरा करना है। इस महीने की शुरुआत में संयुक्त उद्यम को मध्य प्रदेश सरकार से करीब 174 करोड़ रुपये की ट्रांसमिशन परियोजना का ठेका मिला था। संयुक्त उद्यम में रेल विकास निगम लिमिटेड के पास 51 प्रतिशत और एसटीईएल के पास शेष 49 प्रतिशत हिस्सेदारी है। बता दें कि 23 जनवरी, 2024 और 29 मार्च, 2023 को रेल विकास निगम लिमिटेड के शेयर ने 52-सप्ताह के उच्चतम स्तर 345.60 रुपये और 52-सप्ताह के निचले स्तर 65.30 रुपये को छुआ। वर्तमान में शेयर अपने 52-सप्ताह के उच्चतम स्तर से 24.25 प्रतिशत नीचे है।

## उपलब्धि: 14 क्षेत्रों के लिए शुरू की गई प्रोत्साहन योजना से विनिर्माण को मिल रहा बढ़ावा, देश में आया निवेश

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सरकार की ओर से 14 क्षेत्रों के लिए शुरू की गई उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना से देश में दिसंबर, 2023 तक 1.06 लाख करोड़ रुपये का निवेश आया है।कुल निवेश में औषधि और सौर मॉड्यूल का योगदान करीब आधा रहा है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, पिछले साल दिसंबर तक सूचना प्रौद्योगिकी, हार्डवेयर, वाहन एवं इसके कलपुर्जे, कपड़ा और एसीसी (उन्नत रसायन सेल) बैटरी भंडारण जैसे क्षेत्रों में कम निवेश आया है। सरकार ने 2021 में 1.97 लाख करोड़ रुपये के खर्च के साथ दूरसंचार, इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं, कपड़ा, चिकित्सा उपकरणों के विनिर्माण, वाहन, विशेष स्टील, खाद्य उत्पाद, उच्च दक्षता वाले सौर पीवी मॉड्यूल, उन्नत रसायन बैटरी, ड्रोन और औषधि जैसे 14 क्षेत्रों के लिए पीएलआई योजना की घोषणा की थी।



### औषधि क्षेत्र में उम्मीद से अधिक निवेश

सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, औषधि क्षेत्र में पिछले साल दिसंबर तक 25,813 करोड़ रुपये का निवेश मिला। यह 17,275 करोड़ रुपये के निवेश की उम्मीद से अधिक है। इस क्षेत्र के प्रमुख लाभार्थियों में डॉ. रेड्डीज लैब, सिप्ला, ग्लेनमार्क फार्मा, बायोकॉन और वॉकहार्ट शामिल हैं।

### सौर पीवी मॉड्यूल क्षेत्र को मिले 22,904 करोड़ रुपये

उच्च दक्षता वाले सौर पीवी मॉड्यूल में निवेश 22,904 करोड़ रुपये रहा। इस क्षेत्र से 1.10 लाख करोड़ के निवेश की उम्मीद थी। इसके लाभार्थियों में शिरडी साई इलेक्ट्रिकल्स, रिलायंस न्यू एनर्जी सोलर, अदाणी इंफ्रास्ट्रक्चर और टाटा पावर सोलर शामिल हैं।

### आईटी हार्डवेयर क्षेत्र को मिला सबसे कम लाभ

पिछले साल दिसंबर तक जिन अन्य क्षेत्रों में अच्छा निवेश प्राप्त हुआ, उनमें थोक दवाएं, चिकित्सा उपकरण, खाद्य प्रसंस्करण और दूरसंचार शामिल हैं। सबसे कम निवेश आईटी हार्डवेयर में 270 करोड़ रहा। इस क्षेत्र में 2,517 करोड़ रुपये के निवेश की उम्मीद थी। कम निवेश पाने वाले अन्य क्षेत्रों में वाहन और वाहन कल पुर्जे (67,690 करोड़ के अनुमान के मुकाबले 13,037 करोड़ रुपये) और कपड़ा (19,798 करोड़ के अनुमान के मुकाबले 3,317 करोड़ रुपये) शामिल है।एसीसी बैटरी स्टोरेज क्षेत्र में 3,236 करोड़ रुपये का निवेश मिला है।यह 13,810 करोड़ के अपेक्षित निवेश के मुकाबले काफी कम है।

## पूरे देश के फैन्स कपिल शर्मा का द ग्रेट इंडियन कपिल शो देखकर हुए नेटफ्लिक्स के शुक्रगुजार!

**भोपाल।** 'कपिल...कपिल' के नारों, जोश, उत्साह, ढोल, गिद्दा और ढेर सारे प्यार के बीच द ग्रेट इंडियन कपिल शो का प्रीमियर देखने के लिए विभिन्न शहरों में फैन्स अपने दोस्तों, परिवारों और पड़ोसियों के साथ इकट्ठा हो गए। सभी के चेहरों पर मुस्कान थी जब वे 3, 2, 1 चिल्ला रहे थे और टुडम के साथ, कपिल शर्मा और उनकी गैंग - सुनील ग्रोवर, कृष्णा अभिषेक, कीकू शारदा, राजीव ठाकुर और अर्चना पूरन सिंह ने एक शानदार शुरुआत की। भोपाल में क्रेज़ इतना ज़्यादा था कि लगभग 260 फैन्स हाथ से बने पोस्टर लेकर यहाँ पहुँचे, उन्होंने एक फोटो बूथ स्थापित किया और पहले एपिसोड का आनंद लिया, जिसमें कपूर परिवार के सदस्यों - रणबीर कपूर, नीतू कपूर और रिद्धिमा कपूर सहानी को बुलाया गया था। यहाँ उम्र की कोई सीमा नहीं थी। जो परिवार एक साथ पहला एपिसोड देखने के लिए आए थे, वो नेटफ्लिक्स के शुक्रगुजार थे, जो कपिल शर्मा और सुनील ग्रोवर को एक साथ लेकर आया। उनकी केमिस्ट्री में जादू है, जो इससे स्पष्ट है कि ये दोनों ही स्क्रीन पर धूम मचा देते हैं। यह वो जोड़ी है जिसे सभी पसंद करते हैं, और चाहते हैं कि उनके बीच भाईचारा बरकरार रहे! यह इससे स्पष्ट है कि एक फैन ने चिल्लाकर कहा - नज़र ना लगे। लोगों का प्यार देखकर कपिल शर्मा ने कहा, ÷हमारे सभी फैन्स को बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं आपका बहुत आभारी हूँ। आपके जीवन का हिस्सा बनकर और आपको अपने साथ हँसाकर हम सभी को बहुत खुशी होती है, और यही हमारी दुनिया है। आपका प्यार हमें और अच्छा करते रहने की प्रेरणा देता है!

## एचडीएफसी बैंक के शेयर खरीदने का बेहतरीन मौका

**नईदिल्ली, एजेंसी।** एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के शेयर आज यानी सोमवार सुबह एचडीएफसी बैंक के शेयर फोकस में रहेंगे क्योंकि, बैंक ने एचडीएफसी एजुकेशन में अपनी 100 प्रतिशत हिस्सेदारी की बिक्री करने का फैसला किया। बता दें पिछले हफ्ते एक नोट में नोमुरा इंडिया ने कहा कि सिंगापुर और हांगकांग में मिले संस्थागत निवेशकों को लगा कि एचडीएफसी बैंक के शेयर की कीमत के लिए सबसे बुरा समय बीत चुका है। एचडीएफसी बैंक के शेयरों में 2024 में अब तक 15 फीसद की गिरावट आई है, जबकि एक साल में इनमें 10 फीसदी की गिरावट आई है। बैंक 20 अप्रैल को मार्च तिमाही के नतीजे घोषित करेगा। अगर एचडीएफसी बैंक को लेकर मार्केट एक्सपर्ट्स और ब्रोक्रेज फर्मों की राय की बात करें तो कुल 11 ने इसमें खरीदारी की सलाह दी है। एवरेज टार्गेट प्राइस 1782.83 रुपये पड़ रहा है, जो मौजूदा भाव 1447.90 रुपये से करीब 23 फीसद ऊपर है। घरेलू ब्रोक्रेज फर्मा मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज ने अपने एक नोट में कहा है कि यह स्टॉक निकट अवधि में 34.68 फीसद उछल कर 1950 रुपये तक पहुंच सकता है। ब्रोक्रेज ने इसमें खरीदारी की सलाह दी है। इसके अलावा कुल 38 एनॉलिस्टों में से 21 ने स्ट्रांग बाय रेटिंग दी है। अगर लेटेस्ट अपडेट के बारे में बात करें तो बैंक ने बीएसई फाइलिंग में कहा कि एचडीएफसी बैंक स्विस चुनौती प्रक्रिया के पूरा होने के आधार पर खरीदार को अंतिम रूप देगा। भारतीय रिजर्व बैंक ने निजी बैंक को एचडीएफसी एजुकेशन में पूर्ववर्ती हाउसिंग डेवलपमेंट फाइनेंस कॉरपोरेशन की हिस्सेदारी रखने की अनुमति दी है, जो दो साल की अवधि के लिए तीन स्कूलों को सेवाएं प्रदान करने में लगी हुई है।



संक्षिप्त समाचार

# मैदान में होती हूटिंग पर बोल्ट चावला की हार्दिक पांड्या को सलाह

## अपने काम पर ध्यान लगाओ

मुंबई (एजेंसी)। राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट ने मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग में अहमदाबाद और हैदराबाद में दर्शकों की हूटिंग का शिकार होने वाले मुंबई इंडियंस के कप्तान और अपने पूर्व साथी हार्दिक पंड्या का समर्थन करते हुए कहा कि उन्हें अपने काम पर ध्यान लगाए रखना होगा। बोल्ट ने कहा कि आप इसे नियंत्रित नहीं कर सकते हैं। पेशेवर खिलाड़ी के तौर पर आपको इसका सामना करना होता है। आपको इस पर ध्यान नहीं देकर अपने काम पर ध्यान लगाए



रखना होगा। लेकिन यह कहने जितना आसान नहीं है।

बोल्ट ने पंड्या का समर्थन करते हुए कहा कि यह अंत में खत्म हो जाएगा। उन्होंने यहां वानखेड़े स्टेडियम में मीडिया से कहा कि इस देश में बहुत सारे उत्साही प्रशंसक हैं और विशेष रूप से हार्दिक के बारे में बात करूं तो वह मेरे पसंदीदा भारतीय क्रिकेटरों में से एक है। मुझे नहीं लगता कि हूटिंग बहुत लंबे समय तक रहेगी। मुझे भरोसा है कि वह उन लोगों में से एक है जो अपने काम पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं।

मुंबई इंडियंस के अनुभवी स्पिनर पीयूष चावला ने कहा कि टीम के जीतने के बाद हालात सुधर जाएंगे। उन्होंने कहा कि आप इसमें कुछ नहीं कर सकते क्योंकि वे दर्शक हैं और वे जो करते हैं, वे हमारे नियंत्रण में नहीं होता इसलिए हम कुछ नहीं कह सकते कि वे क्या कर रहे हैं।

# जीत के बाद ऋषभ पंत को झटका, 12 लाख रुपए का जुर्माना लगा

**विशाखापत्तनम।** विशाखापत्तनम दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत पर चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच के दौरान धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। दिल्ली ने रविवार को खेले गए इस मैच में मौजूदा चैंपियन चेन्नई को 20 रन से हराया था।

आईपीएल ने बयान में कहा, 'दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत पर चेन्नई




सुपर किंग्स के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान धीमी ओवर गति रखने के लिए जुर्माना लगाया गया है। बयान के अनुसार, 'आईपीएल आचार संहिता के तहत टीम का यह धीमी ओवर गति से जुड़ा सत्र का पहला अपराध है इसलिए पंत पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। दिल्ली ने यह मैच जीत कर इस सत्र में अपना खाता भी खोला। गौर हो कि विशाखापत्तनम के मैदान में क्रिकेट फैंस को विंटेज महेंद्र सिंह धोनी के दर्शन हुए जहां वह आखिरी ओवरों में खूब चौके-छक्के लगाते हुए दिखे। लेकिन धोनी की यह पारी भी चेन्नई को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ जीत नहीं दिला सकी। दिल्ली ने पहले खेलते हुए डेविड वॉर्नर और ऋषभ पंत के अर्धशतकों की मदद से 191 रन बनाए थे।

# साक्षी धोनी ने दिल्ली से हार के बाद शेयर की इंस्टा स्टोरी

चेन्नई (एजेंसी)। चेन्नई सुपर किंग्स को रविवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आईपीएल मैच में 20 रन से हार का सामना करना पड़ा। सीएसके को आईपीएल 2024 में यह पहली हार थी। लेकिन जिस तरह से उनके प्रशंसकों ने कार्यक्रम स्थल पर जोरदार जश्न के साथ प्रतिक्रिया व्यक्त की उससे ऐसा लगा कि टीम हारी ही नहीं हो। इस दौरान धोनी की पत्नी साक्षी भी हैरान थी जिन्होंने इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर करते हुए लिखा, एहसास ही नहीं हुआ कि हम हार गए।

सीएसके प्रशंसकों के हार भूलने का कारण शख्स




महेंद्र सिंह धोनी है, जो आखिरकार इस सीजन में पहली बार नंबर 8 पर बल्लेबाजी करने आए और पहली ही गेंद पर चौका जड़ दिया। विशाखापत्तनम के एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम में रविवार रात जब धोनी दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ बल्लेबाजी करने उतरे तो सीएसके को 23 गेंदों पर जीत के लिए 72 रनों की जरूरत थी। स्पष्ट रूप से यह ऋषभ पंत की अगुवाई वाली डीसी थी जो आगे थी और उन्होंने बाद में प्रतियोगिता जीत ली जो आईपीएल 2024 में उनकी पहली जीत भी थी।



# धोनी ने तोड़ा रोहित शर्मा का रिकॉर्ड

## एक ओवर में 20 रन वाला कमाल, सबसे ज्यादा बार की बेदम धुनाई

विशाखापट्टनम (एजेंसी)। महेंद्र सिंह धोनी जब आईपीएल के 17वें सीजन में पहली बार बल्लेबाजी करने उतरे तो दर्शकों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। धोनी ने आते ही मुकेश कुमार (21 रन देकर तीन विकेट) पर चौका लगाकर शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने 16 गेंद में तीन छक्के और चार चौके से नाबाद 37 रन बनाकर दर्शकों का मनोरंजन किया, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके क्योंकि तब वह क्रीज पर उतरे थे तो टीम को 23 गेंद में जीत के लिए 72 रन की जरूरत थी। 20वें ओवर में उन्होंने तेज गेंदबाज एनरिक नॉर्ट्जे को दो छक्के और दो चौके के साथ 20 रन मारे। इसी के साथ अपनी छोटी सी पारी में वह एक बड़ा रिकॉर्ड भी बना बैठे।

### धोनी का नाम सबसे ऊपर

दरअसल अब धोनी सबसे ज्यादा बार आईपीएल के एक ओवर में 20 या उससे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय खिलाड़ी बन गए। 2008 में डेब्यू करने वाले 42 वर्षीय धोनी बीती रात अपने आईपीएल करियर का 253वां मैच खेलने उतरे थे। अंतिम ओवर में नॉर्टजे की कुटाई करते हुए वह नौवीं बार 20 या उससे ज्यादा रन जुटाने में कामयाब रहे।

### रोहित शर्मा को पछाड़ा

इस लिस्ट में दूसरा नाम आता है रोहित शर्मा का। मुंबई इंडियंस को अपनी कप्तानी में पांच बार चैंपियन बना चुके रोहित लीडरशिप के रोल से मुक्त होकर इस बार बतौर प्लेयर खेल रहे हैं। अटैकिंग ओपनर हिटमैन ने आईपीएल में आठ बार एक ओवर में 20 या उससे ज्यादा रन बनाए हैं। रोहित के नाम 245 आईपीएल मैच में 6280 रन दर्ज हैं।

### टॉप-3 में पंत भी शुमार

तीसरे नंबर पर ऋषभ पंत का नाम आता है। भीषण रोड एक्सीडेंट में बाल-बाल बचे ऋषभ पंत 15 महीने बाद मैदान पर वापसी कर रहे हैं। दिल्ली कैपिटल्स के इस विस्फोटक विकेटकीपर बल्लेबाज ने आईपीएल के एक ओवर में छह बार 20 या उससे ज्यादा का स्कोर बनाया है। 31 मार्च की रात चेन्नई के खिलाफ उन्होंने 32 गेंद में 51 रन की अर्धशतकीय पारी खेली।

# धोनी के ट्वंटी-20 में 7 हजार रन पूरे, चेन्नई की हार के 5 बड़े कारण

विशाखापत्तनम (एजेंसी)। विशाखापत्तनम के मैदान पर दिल्ली कैपिटल्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को 20 रन से हरा दिया। चेन्नई की ओर से महेंद्र सिंह धोनी की खेली गई 37 रन की पारी पूरे मैच का आकर्षण रही। धोनी ने महज 17 गेंदों पर 3 छक्कों की मदद से यह रन बनाए। धोनी ने इसी के साथ ट्वंटी 20 फॉर्मेट में ऑवरऑल 7 हजार रन भी पूरे कर लिए। बतौर विकेटकीपर बल्लेबाज इस लिस्ट में क्विंटन डीकॉक (8578), जोस बटलर (7721) रन बना चुके हैं। धोनी ने मोहम्मद रिजवान (6962), कामरान अकमल (6454) को पीछे छोड़ा। बहरहाल, धोनी अपनी पारी के बावजूद चेन्नई को जीत नहीं दिला पाए। इसके पांच प्रमुख कारण भी रहे।



### दिल्ली की मजबूत शुरूआत

दिल्ली को मजबूत स्कोर तक ले जाने का श्रेय ओपनर पृथ्वी शॉ और वार्नर को गया जिन्होंने पहले विकेट के लिए 10 ओवरों के अंदर ही 93 रन जोड़े। दोनों ने सधी हुई बल्लेबाजी की और चेन्नई के पावरप्ले में विकेट टेकिंग गेंदबाज दीपक चाहर और तुषार देशपांडे को मौका नहीं दिया। मजबूत शुरूआत का कप्तान पंत ने फायदा उठाया और 32 गेंदों पर 51 रन बनाकर स्कोर 191 तक पहुंचा दिया।

### धोनी का लेट बल्लेबाजी के लिए आना

धोनी छह आऊट होने के बाद बल्लेबाजी के लिए उतरे। उन्होंने तेज शॉट तो जरूर लगाए लेकिन इस दौरान सिंगल लेने से कतराते दिखे। उनके साथ रविंद्र जडेजा थे जोकि बड़ी हिट लगा सकते थे लेकिन धोनी ने खुद के पास स्ट्राइक रखी। उन्होंने 16 गेंदों पर 4 चौके और तीन छक्कों की मदद से 37 रन बनाए। अगर वह बल्लेबाजी के लिए पहले आते तो ऐसी हिटिंग के साथ जीत-हार के समीकरण कुछ और हो सकते थे।

### मुकेश कुमार के 3 विकेट निकालना

दिल्ली के तेज गेंदबाज मुकेश कुमार ने मध्यक्रम में गेंदबाजी करते हुए बड़ा अंत पैदा कर दिया। उन्होने पहली 9 गेंदों पर 3 विकेट लेकर चेन्नई की राह मुश्किल कर दी। मुकेश ने रहाणे, शिवम दुबे, रिजवी के विकेट लिए जोकि चेन्नई को जीत दिला सकते थे। मुकाबले की बात करें तो दिल्ली ने पहले खेलते हुए डेविड वॉर्नर और ऋषभ पंत के अर्धशतकों की मदद से 191 रन बनाए थे। जवाब में खेलने उतरी चेन्नई की शुरूआत खराब रही। लेकिन रहाणे और डेरिल मिशेल ने मैच को जिंदा रखा। अंत में महेंद्र सिंह धोनी ने 16 गेंदों पर 37 रन तो जरूर बनाए लेकिन तब तक देरी हो चुकी थी। चेन्नई को 20 रन से हार झेलनी पड़ी।

### पथिराना को लेट गेंदबाजी देना

चेन्नई के लिए सबसे सफल गेंदबाज पथिराना रहे। उन्होंने 4 ओवर में 31 रन देकर 3 विकेट लिए। उन्हें 8वें ओवर में गेंद पकड़ाई गई और उन्होंने 5 ही रन दिए। ऋतुराज ने इसके बाद 15वें ओवर में उन्हें गेंद थमाई। इस दौरान पंत अपना गेम कर चुके थे। पथिराना ने अपने दूसरे ओवरमें मिशेल मार्श और ट्रिस्टन स्टंब्स के विकेट ले लिए। यही नहीं अपने चौथे ओवर में उन्होंने पंत का विकेट भी निकाला। अगर चेन्नई के सबसे सफल गेंदबाज पथिराना को शुरूआती ओवर मिलते तो स्थिति कुछ और हो सकती थी।

### खलील अहमद का शुरूआती स्पैल

चेन्नई के लिए ऋतुराज के साथ रचिन रवींद्र ने बेंगलुरु के खिलाफ पहले मुकाबले में 38, गुजरात के खिलाफ 62 रन की पार्टनरशिप की थी लेकिन दिल्ली के खिलाफ वह 3 ही रन बना पाए। इसका मुख्य जिम्मेदार दिल्ली का तेज गेंदबाज खलील अहमद रहा। अहमद ने लगातार ओवरों में ऋतुराज और रचिन के विकेट निकाले जिससे चेन्नई के बाकी बल्लेबाजों पर दबाव बन गया। हालांकि मध्यक्रम में रहाणे और मिशेल ने रन बनाए लेकिन बढ़िया शुरूआत न मिलने की कसक टीम को खल ही गई।

# मीराबाई चानू की चोट के बाद शानदार वापसी

## पेरिस ओलंपिक में जगह सुनिश्चित की




फुकेट (थाईलैंड) (एजेंसी)। तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता भारतीय भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने सोमवार को यहां आईडब्ल्यूएफ विश्व कप में महिलाओं के 49 किग्रा भार वर्ग के ग्रुप बी में तीसरे स्थान पर रहकर पेरिस ओलंपिक में अपनी जगह सुनिश्चित की। चोटिल होने के कारण छह महीने बाद वापसी करने वाली मीराबाई ने कुल 184 किग्रा (81 किग्रा और 103 किग्रा) भार उठाया।

यह पेरिस ओलंपिक के लिए अंतिम और अनिवार्य क्वालीफायर टूर्नामेंट है। अपनी स्पर्धा पूरी होने के साथ ही मीराबाई ने पेरिस ओलंपिक के लिए तय मानदंड पूरे कर लिए हैं जिनमें दो अनिवार्य टूर्नामेंट और तीन अन्य क्वालीफायर में भाग लेना शामिल हैं। भारत की 2017 विश्व चैंपियन मीराबाई वर्तमान में महिलाओं की 49 किग्रा ओलंपिक क्वालिफिकेशन रैंकिंग (ओक्यूआर) में चीन की जियान हुईहुआ के बाद दूसरे स्थान पर है।

क्वालीफाई करने वाले खिलाड़ियों की आधिकारिक घोषणा विश्व कप के समापन के बाद होगी जब ओक्यूआर अपडेट किया जाएगा। प्रत्येक भार वर्ग से शीर्ष 10 भारोत्तोलक पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करेंगे। मीराबाई ने इससे पहले आखिरी बार पिछले साल सितंबर में एशियाई खेलों में भाग लिया था जहां वह चोटिल हो गई थी। वह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाई लेकिन उन्होंने पांच बार वजन उठाने में कोई गलती नहीं की।

स्नैच और क्लीन एवं जर्क में वह अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के करीब भी नहीं पहुंच पाई। इस 29 वर्षीय खिलाड़ी का स्नैच में व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 88 किग्रा है, जबकि उन्होंने 2021 में एशियाई चैंपियनशिप में क्लीन एंड जर्क में 119 किग्रा का तत्कालीन विश्व रिकॉर्ड बनाया था। लेकिन अभी वह चोट से उभरी है और जुलाई तक उनके अपने चरम पर पहुंचने की संभावना है।

# अशोक कुमार को लाइफटाइम अचीवमेंट

## सलीमा और हार्दिक वर्ष के सर्वश्रेष्ठ हॉकी खिलाड़ी


नई दिल्ली (एजेंसी)। युवा मिडफील्डर हार्दिक सिंह और डिफेंडर सलीमा टेटे को वर्ष 2023 के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार दिया गया जबकि मेजर ध्यानचंद के नाम पर लाइफटाइम अचीवमेंट सम्मान उनके बेटे अशोक कुमार को मिला। पिछले साल



एफआईएच वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार भी जीतने वाले हार्दिक ने पुरस्कार की दौड़ में पी आर श्रीजेश और हरमनप्रीत सिंह जैसे सीनियर खिलाड़ियों को पछाड़ा। तोक्यो ओलिंपिक की कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम के सदस्य रहे 25 वर्ष के हार्दिक सौ से अधिक अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके हैं। उन्होंने पुरस्कार जीतने के बाद कहा, 'इतने महान खिलाड़ियों के साथ नामांकन पाना ही बड़ी उपलब्धि है। पुरस्कार से मुझे आगे और अच्छा खेलने की प्रेरणा मिलेगी।'

वहीं झारखंड के सिमडेगा जिले की टेटे तोक्यो ओलिंपिक में चौथे स्थान पर रही भारतीय महिला टीम का हिस्सा थी।

# उर्वशी रौतेला ने ऋषभ पंत को किया ट्रोल, हाइट पर की टिप्पणी



मुंबई (एजेंसी)। अकसर सुर्खियों में रहने वाली बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला एक बार फिर भारतीय बल्लेबाज ऋषभ पंत को लेकर दिए बयान की वजह से लाइमलाइट में आ गई है। उन्होंने नाम तो नहीं लिया लेकिन कहा पंत की लम्बाई पर टिप्पणी करते हुए उन्हें ट्रोल किया है। वीडियो में उर्वशी ने कहा अभिनेताओं, बिजनेसमैन, गायकों और बल्लेबाजों को डेट किया। उन्होंने यहां तक कहा कि उनमें से कुछ तो उनकी हाइट से भी मेल नहीं खाते। उर्वशी रौतेला पहले तब खबरों में थीं जब उन्होंने कहा था कि ऋषभ पंत उन्हें पसंद करते हैं। हालांकि उन्होंने क्रिकेटर का नाम नहीं बताया। ऋषभ पंत ने एक इंस्टाग्राम स्टोरी अपलोड की जिसमें उन्होंने कहा कि कुछ लोग किसी भी हद तक जाकर इंटरव्यू में झूठ बोलने वाला बताया जिसके बाद दोनों के बीच सोशल मीडिया पर काफी विवाद भी हुआ था।



# उम्र को लेकर ताना मार रहे थे रवि शास्त्री

## मोहित शर्मा ने मजाक-मजाक में दिया मुंहतोड़ जवाब

अहमदाबाद(एजेंसी)। अनुभवी भारतीय तेज गेंदबाज मोहित शर्मा का स्वप्निल सफर आईपीएल के 17वें सीजन में भी जारी है। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइटंस के इस पेसर ने 25 रन देकर तीन विकेट झटकते हुए प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब अपने नाम किया। डेथ ओवर्स में मोहित की कातिलाना गेंदबाजी के बूते ही सनराइजर्स हैदराबाद 162 रन पर थम गई। जवाब में गुजरात टाइटंस ने आसानी से सिर्फ तीन विकेट खोकर ही लक्ष्य हासिल कर लिया।



### मोहित की अगुवाई में जीती जीटी

मुकाबले की बात करें तो मोहित शर्मा की अगुवाई में शानदार गेंदबाजी के बाद डेविड मिलर की 44 रन की आक्रामक पारी के दम पर गुजरात टाइटंस ने सनराइजर्स हैदराबाद को रविवार के पहले मुकाबले में सात विकेट से शिकस्त दी। मोहित शर्मा ने डैथ ओवरों में बेहतरीन प्रदर्शन किया जबकि अफगानिस्तान के स्पिनरों राशिद खान और नूर अहमद ने बीच के ओवरों में किफायती गेंदबाजी की जिसके दम पर गुजरात टाइटंस ने सनराइजर्स हैदराबाद को आठ विकेट पर 162 रन पर रोक दिया। टाइटंस ने 19.1 ओवर में तीन विकेट पर 168 रन बनाकर मैच अपने नाम किया।

# स्पोर्ट्स सिटी के 15 हजार फ्लैटों की रजिस्ट्री में और देरी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** नोएडा में स्पोर्ट्स सिटी परियोजना के 15 हजार फ्लैटों की रजिस्ट्री में और देरी हो सकती है। लोक लेखा समिति ने बिल्डर और प्राधिकरण अधिकारियों को परियोजना में खेल सुविधाएं विकसित करने समेत आ रहीं अन्य अड़चनों को दूर करने के निर्देश दिए थे। निर्देश के पांच माह बाद भी इस पर कोई काम नहीं हुआ, इसीलिए फ्लैटों की रजिस्ट्री अटकी हुई है। इस परियोजना में लोग करीब सात वर्ष से रजिस्ट्री का इंतजार कर रहे हैं।

लोक लेखा समिति ने प्राधिकरण अधिकारियों को निर्देश दिया था कि प्लॉट संख्या-एससी-02, सेक्टर-150 वाली परियोजना को आगे बढ़ाएं। यहां जरूरत के हिसाब से जमीन उपलब्ध है और अंतरराष्ट्रीय खेल सुविधाएं विकसित हो सकती हैं। ऐसे में खेल सुविधाएं विकसित करा इसको पूरा कराएं। यहां पर जो रुकावटें हैं, उनको बिल्डर-प्राधिकरण अधिकारी मिलकर दूर करें। अधिकारियों की ओर से दावा किया जाता रहा कि आचार संहिता लगने से पहले बोर्ड बैठक कर इसमें समाधान के लिए प्रस्ताव रखा जाएगा। अब आचार संहिता लग चुकी है। ऐसे में चार जून के बाद ही प्रक्रिया आगे बढ़ पाएगी। बीते 10-15 वर्ष पहले अलग-अलग पांच सेक्टरों में स्पोर्ट्स सिटी परियोजना लाई गई थी। सेक्टर-78, 79, 101, 150 और 152 में बिल्डरों को जमीन दी गई। प्राधिकरण ने इसके लिए बिल्डरों को सस्ते दामों पर जमीन दी थी। इसमें 70 प्रतिशत हिस्से में खेल सुविधाएं, 28 में आवासीय और 2 प्रतिशत में व्यावसायिक गतिविधि की जा सकती हैं, लेकिन यहां पर बिल्डरों ने मुनाफे के लिए खेल की बजाए अधिकांश हिस्से में फ्लैट और व्यावसायिक गतिविधियां कीं। सीएजी ने वर्ष 2005 से लेकर 2017 तक के कामकाज की जांच की। जांच में सामने आया कि स्पोर्ट्स सिटी के लिए जमीन आवंटित करने में नोएडा प्राधिकरण को 8643 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। इसके बाद लोक लेखा समिति ने इसकी सुनवाई शुरू कर दी।

बिल्डरों को फायदा पहुंचाने वाले और मौके पर परियोजना की ठीक ढंग से जांच न करने वाले किसी भी अफसर पर अब तक कार्रवाई नहीं हो सकी है। लेखा समिति के निर्देश पर एक साल पहले अप्रैल में ही शासन ने जिम्मेदार अफसरों को चिह्नित करने के लिए नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ प्रभाष कुमार की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित की थी, लेकिन इस कमेटी ने चार महीने तक कुछ नहीं किया। इसके बाद लेखा समिति ने सितंबर में शासन को उच्चस्तरीय जांच कमेटी गठित करने के निर्देश दिए। अब तक कमेटी का गठन नहीं हो सका है।

अमिताभकांत समिति की सिफारिशें लागू होने के बाद बिल्डरों को कोरोना काल के दौरान 1 अप्रैल 2020 से 31 मार्च 2022 तक के दौरान जीरो पीरियड का लाभ दिया गया। इससे बिल्डरों का बकाया कम हो गया। इस लाभ से स्पोर्ट्स सिटी को बाहर रखा गया। खरीदारों का कहना है कि इस योजना में स्पोर्ट्स सिटी के ग्रुप हाउसिंग के हिस्से को शामिल किया जाना चाहिए।

स्पोर्ट्स सिटी परियोजना में फ्लैट ले चुके संवरजीत सिंह का कहना है कि प्राधिकरण अधिकारियों को चाहिए कि उनकी दिक्कतों को समझते हुए जल्द रजिस्ट्री कराएं।

कपिल कुमार का कहना है कि करीब पांच साल से फ्लैट की रजिस्ट्री के इंतजार में हूं। बिल्डरों की लापरवाही का खामियाजा हमें भुगतना पड़ रहा है।

मनोज कुमार सिंह, औद्योगिक विकास आयुक्त, स्पोर्ट्स सिटी परियोजना का समाधान निकालने के लिए प्रयास चल रहे हैं। आचार संहिता समाप्त होने के बाद इसको आगे बढ़ाया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### लोकसभा चुनाव के बीच चुनाव अधिकारियों ने रोकी पूर्व मुख्यमंत्री की बस




**हैदराबाद।** चुनाव ड्यूटी के तहत निर्वाचन अधिकारियों ने रविवार को उस बस की तलाशी ली जिसमें तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री और बीआरएस सुप्रीमो के.चंद्रशेखर राव यात्रा कर रहे थे। राव की बस 170 किलोमीटर दूर सूर्यापेट जिले की ओर जा रही थी। तेलंगाना में आगामी लोकसभा चुनाव के लिए 13 मई को मतदान होगा, जिसके लिए वर्तमान में आदर्श आचार संहिता लागू है। बीआरएस के सूत्रों के अनुसार, के चंद्रशेखर राव कृषि क्षेत्रों का निरीक्षण करने के लिए अपने दौरे के तहत सूर्यापेट जा रहे थे। यह क्षेत्र कथित तौर पर सूखे जैसी स्थिति का सामना कर रहा हैं। बीआरएस सूत्रों ने कहा कि जिले के एडुलापर्रे टांडा चेक पोस्ट पर वाहन की जांच की गई। पार्टी सूत्रों ने बताया कि केसीआर किसानों के सामने सूखे जैसे हालात के मद्देनजर उनमें विश्वास पैदा करने के लिए उनसे बातचीत कर रहे थे।

### 30 लाख की नकदी के साथ गिरफ्तार हुआ पूर्व मुख्यमंत्री का रिश्तेदार

**गंगटोक।** सिक्किम के पूर्व मुख्यमंत्री पवन कुमार चामलिंग के साढ़ू शिरीष खरे 30 लाख रुपये नकद के साथ पकड़े गए। सिक्किम में विधानसभा चुनाव हो रहा है। सिक्किम में चेकपोस्ट पर रविवार को जांच के दौरान उनकी गाड़ी से 30 लाख रुपये की नकदी पकड़ी गई। सिलीगुड़ी से सिक्किम जा रही कार से यह रकम ले जाई जा रही थी। वाहन खुद शिरीष खरे चला रहे थे। नकदी कहां ले जाई जा रही था, इसकी छानबीन हो रही है। आयकर विभाग भी जांच कर रहा है। सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा ने इसे चुनाव में धनबल का इस्तेमाल बताते हुए चुनाव आयोग और प्रशासन से आरोपित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। एसडीएफ पार्टी की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।

### केसीआर ने कृषि नुकसान के लिए राज्य सरकार को ठहराया जिम्मेदार



**हैदराबाद।** भारत राष्ट समिति (बीआरएस) के प्रमुख और तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव ने जनगांव, सूर्यापेट और नलगोंडा जिलों का दौरा किया और सूख गई फसलों का निरीक्षण किया। इस दौरान नुकसान झेलने वाले किसानों को उन्होंने सांत्वना दी और उन्हें हार नहीं मानने के लिए प्रोत्साहित किया। बीआरएस पार्टी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट किया, जो राज्य धान उत्पादन में पहले स्थान पर था, वह इतने समय में ऐसी स्थिति में पहुंच गया। यह सूखा कोई प्राकृतिक घटना नहीं है, यह असमर्थता और अक्षमता के कारण पैदा हुआ है। कांग्रेस के नेतृत्व वाली राज्य सरकार की यह अक्षमता है। केसीआर रविवार सुबह अपने एर्रावेली फार्महाउस से जनगांव जिले के देवरुप्पला मंडल में धारावथ थांडा के लिए रवाना हुए और वहां सूख रही फसलों का निरीक्षण किया। उन्होंने उन किसानों से भी बातचीत की जिनकी सिंचाई के लिए पानी की कमी के साथ-साथ हाल ही में असामयिक बारिश के कारण फसल का नुकसान हुआ था।

## दिल्ली फिर शर्मसार, मामा-भांजे ने किशोरी को घर बुलाकर किया गैंगरेप, 2 साल से चल रही थी ब्लैकमेलिंग

**नईदिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली के भारत नगर इलाके में मामा-भांजे द्वारा 17 साल की किशोरी से गैंगरेप करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोपियों ने वीडियो वायरल करने की धमकी देकर किशोरी को बुलाया था। फिलहाल पुलिस ने गुरुवार को आईटी एक्ट, गैंगरेप और मारपीट की धारा में मुकदमा दर्ज कर इंस्पेक्टर को जांच सौंपी है।

जानकारी के अनुसार, 11वीं कक्षा की छात्रा केशवपुरम इलाके में रहती है। वह 5 साल पहले वजीरपुर जेजे कॉलोनी में रहती थी, जहां उसकी मुलाकात सुयश नाम के युवक से हुई थी। पीड़िता के पिता की मौत हो चुकी है और मां वजीरपुर इंडस्ट्रियल एरिया स्थित फैक्ट्री में नौकरी करती है। उसने बताया कि वर्ष 2022 में सुयश ने अपने घर में उसके साथ दुष्कर्म कर वीडियो बना लिया और उसे वायरल करने की धमकी देने लगा। इस बीच पीड़िता के परिवार ने इलाका छोड़ दिया और बीते साल आरोपी की भी शादी हो गई। पीड़िता ने बताया कि बुधवार रात को सुयश ने वीडियो डिलीट करने के बहाने उसे अपने घर बुलाया। वहां सुयश और उसके मामा रोहित ने उसके साथ गैंगरेप किया। पीड़िता ने सुबह अपनी एक सहेली को इस घटना के बारे में बताया। इसके बाद महिला आयोग से संपर्क कर पुलिस को शिकायत दी गई।

वहीं, एक अन्य मामले में दिल्ली के ही सब्जी मंडी इलाके में डीयू की छात्रा से दुष्कर्म के बाद और ब्लैकमेल कर घर में चोरी कराने का मामला सामने आया है। पुलिस ने गुरुवार को पीड़िता की शिकायत पर मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि बीए ऑनर्स सेकेंड ईयर की 20 वर्षीय छात्रा परिवार सहित सब्जी मंडी इलाके में रहती है। पीड़िता ने बताया कि 12वीं की पढ़ाई के दौरान 2022 में देवांश नाम के छात्र से उसकी दोस्ती हुई थी। इसके बाद दोनों ने डीयू के कॉलेज में एडमिशन ले लिया। बीते साल अक्टूबर में देवांश उसके घर आया और दुष्कर्म किया। घटना के बारे में किसी को बताने पर उसे धमकी दी। उसकी आपत्तिजनक फोटो देने के लिए भी मजबूर किया। देवांश आए दिन रंजना को उसकी फोटो सोशल मीडिया और डीयू के ग्रुप में वायरल करने की धमकी देने लगा और रुपये लाने का दबाव डालने लगा। इसके बाद पीड़िता घर से अपने माता-पिता के रुपये चोरी कर आरोपी को देने लगी। वह करीब दो लाख रुपये दे चुकी थी। 25 मार्च को वह आरोपी को देने के लिए फिर से रुपये निकाल रही थी तो मां ने देख लिया।

## भारी बारिश के बाद गुवाहाटी हवाई अड्डे पर छत की सीलिंग का हिस्सा ढहा

**गुवाहटी, एजेंसी।** एक भयंकर तूफान और भारी बारिश ने रविवार को गुवाहाटी के गोपीनाथ बोरदोलोई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को प्रभावित किया, भारी बारिश के कारण बाहरी छत की सीलिंग का एक हिस्सा ढह गया। भारी बारिश के कारण, हवाईअड्डा प्राधिकरण ने परिचालन रोक दिया और छह उड़ानों को अन्य गंतव्यों के लिए डायवर्ट कर दिया। वहीं, गोपीनाथ बोरदोलोई अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे, गुवाहाटी के मुख्य हवाईअड्डा अधिकारी उत्पल बरुआ ने एएनआई को बताया कि छह उड़ानें डायवर्ट की गईं। तूफान में एक बड़ा पेड़ उखड़ गया उत्पल बरुआ ने कहा कि एक बड़ा पेड़ उखड़ गया और हवाईअड्डे को जोड़ने वाली एक सड़क अवरुद्ध हो गई, लेकिन टर्मिनल को ईंधन की सुचारू आपूर्ति के लिए सड़क को तुरंत साफ कर दिया गया। उन्होंने आगे कहा कि, आउटलेट पाइप के ओवरफ्लो होने के कारण एयरपोर्ट के अंदर पानी का रिसाव हो रहा है। उन्होंने कहा कि बाहर की छत की सीलिंग का एक हिस्सा उड़ गया। अब स्थिति सामान्य है। हालाँकि, गुवाहाटी हवाईअड्डा प्राधिकरण ने कहा कि परिचालन अब सामान्य रूप से फिर से शुरू हो गया है। आगे बोले कि भारी बारिश और हवा के कारण, आज शाम प्रतिकूल मौसम की स्थिति के कारण उड़ान संचालन प्रभावित हुआ।

## भाजपा में शामिल होने के लिए आया 5 करोड़ का ऑफर

### पंजाब में आप विधायक ने दर्ज कराई एफआईआर

**लुधियाना, एजेंसी।** पंजाब के लुधियाना दक्षिण से आम आदमी पार्टी विधायक ने एफआईआर दर्ज कराई है। खबरें हैं कि विधायक रजिंदरपाल कौर छीना ने शिकायत की है कि उन्हें पार्टी छोड़ने के लिए 5 करोड़ रुपये की पेशकश की गई है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जी रही है। वहीं, भारतीय जनता पार्टी ने भी इस मामले की बारीकी से जांच किए जाने की अपील पुलिस से की है।

एक रिपोर्ट के अनुसार, एफआईआर में कहा गया है कि छीना को आप छोड़ने के लिए 5 करोड़ रुपये और भाजपा के बड़े नेताओं से दिल्ली में मुलाकात कराने की बात कही गई थी। साथ ही उन्हें सांसद का टिकट देने का भी वादा किया गया था। रिपोर्ट में पुलिस सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि छीना की तरफ से फोन नंबर्स भी दिए गए हैं, जो +46 कोड यानी स्वीडन के हैं।

छीना ने आरोप लगाए हैं कि इन नंबरों से उन्हें कॉल आए थे। उन्हें पुलिस को यह भी बताया कि कॉल करने वाले का नाम सेवक सिंह है, जो खुद को भाजपा कार्यकर्ता बता रहा है। सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। वह दिल्ली में होने का दावा कर रहा है। खास बात है कि आप विधायक की तरफ से ये आरोप ऐसे समय पर लगाए गए हैं, जब पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल लगातार अपनी गिरफ्तारी को लेकर भाजपा को घेर रहे हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, एफआईआर में कहा गया है, शिकायतकर्ता को एक कॉल आया..., जिसमें कॉल करने वाले ने खुद को भाजपा के दिल्ली दफ्तर से सेवक सिंह बताया। उसने शिकायतकर्ता को आप छोड़ने और भाजपा में शामिल होने के लिए 5 करोड़ रुपये का ऑफर दिया। साथ ही उसने शिकायतकर्ता को सांसद का टिकट देने या केंद्र सरकार में कोई भी बड़ा पद देने के लिए लुभाया। उसने दिल्ली में भाजपा नेताओं के साथ शिकायतकर्ता की मीटिंग भी कराने का वादा किया था। एडिशनल डीसीपी-2 देव सिंह का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा, प्रथम दृष्टया कॉल स्वीडन के नंबर का इस्तेमाल कर की गई होगी, लेकिन अभी कुछ नहीं कहा जा सकता। अखबार से बातचीत में पंजाब भाजपा के प्रवक्ता जयबंस सिंह ने कहा, हमारी जानकारी में हमारी पार्टी से सेवक सिंह नाम का कोई व्यक्ति नहीं जुड़ा है। हम पुलिस से इस मामले में गहन जांच और एफआईआर के पीछे की सच्चाई सामने लाने की अपील करते हैं।



## सर्वे में बड़ा दावा- आगामी आम चुनाव में अपनी सीट भी नहीं बचा पाएंगे ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक !



**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन में साल के अंतिम छह महीनों में आम चुनाव हो सकते हैं। इसके संकेत खुद प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने दे दिए हैं। हाल के महीनों में ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक ने मई में चुनाव की संभावना से इनकार कर दिया था और संकेत दिया था कि इस साल के आखिरी में चुनाव कराए जा सकते हैं। इस बीच, एक सर्वे में चौंकाने वाला दावा किया गया है। इसमें कहा गया है कि आगामी आम चुनाव में ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक की सीट भी खतरे में है। एक प्रचार अभियान संगठन बेस्ट फॉर ब्रिटेन ने सर्वे के बाद यह भी कहा है कि पता चला है कि देश में सत्तारूढ़ कंजर्वेटिव पार्टी को इस साल के अंत में होने वाले आम चुनाव में बड़ी हार का सामना करना पड़ सकता है। इतना ही नहीं ब्रिटिश प्रधान मंत्री ऋषि सुनक अपनी उत्तरी यॉर्कशायर सीट भी शायद ही बचा पाएं। बेस्ट फॉर ब्रिटेन ने इस सर्वे से पहले 15,029 लोगों की राय ली थी। जिसके आधार पर तैयार रिपोर्ट में विपक्षी लेबर पार्टी को 45 प्रतिशत वोट शेयर के साथ कंजर्वेटिव की तुलना में 19 अंकों की बढ़त के साथ शीर्ष पर रखा गया है। इसमें यह भी कहा गया है कि आगामी चुनावों में कंजर्वेटिव पार्टी की संभावनाए अपने सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई हैं। जिसे देखते हुए कहा जा रहा है कि वे इस बार 100 से भी कम सीटें जीत रहे हैं, वहीं, विपक्षी लेबर पार्टी को इसका खासा फायदा मिलेगा। लेबर पार्टी इस बार 468 सीटें जीत सकती है।

## गाजा अस्पताल पर इस्राइली हमले पर डब्लूएचओ चीफ ने कहा- मेरे पास दुख जाहिर करने के लिए शब्द नहीं

**वॉशिंगटन , एजेंसी।** इस्राइली सेना द्वारा गाजा के अस्पताल पर हवाई हमला करने की खबर है। इस हमले में चार लोगों की मौत हुई है। इस्राइली हमले के बीच विश्व स्वास्थ्य संगठन के डायरेक्टर जनरल टेड्रोस गैब्रेसस ने बीती 18 मार्च को गाजा के अल-शिफा अस्पताल पर हुए हमले के बाद की स्थिति को लेकर दुख जताया। उन्होंने लिखा कि अस्पताल पर जब से हमला हुआ है, तब से वहां हालात बेहद खराब हैं। डब्लूएचओ चीफ ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि उनके पास अपना दुख व्यक्त करने के लिए शब्द ही नहीं हैं। डब्लूएचओ चीफ ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि अस्पताल परिसर में 107 मरीज ठहरे हुए हैं, जिनके पास जरूरी चीजों की भारी कमी है। स्वास्थ्य सहायता, मेडिकल देखभाल, सप्लाई की भारी कमी है। अस्पताल के मरीजों में से चार बच्चों और 28 अन्य की हालत गंभीर है और लोग बुनियादी चीजों जैसे डायपर, यूरिन बैग और यहां तक कि पानी की भी कमी झेल रहे हैं। डब्लूएचओ चीफ ने दावा किया कि अस्पताल में बीते हुए कल हर 15 मरीजों पर सिर्फ एक बोतल पानी उपलब्ध था। खाना भी काफी सीमित है और यह डायबिटीज जैसे मरीजों के लिए जानलेवा साबित हो सकता है। टेड्रोस ने इस्राइल से तुरंत सीजफायर करने की अपील की। उन्होंने लिखा कि हम फिर दोहराते हैं कि सीजफायर के लिए हर पल कीमती है। एक अन्य पोस्ट में डब्लूएचओ चीफ ने कहा कि उनके पास इस पूरे दुख को व्यक्त करने के लिए शब्द ही नहीं हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के प्रमुख का यह बयान ऐसे वक्त सामने आया है, जब हाल ही में इस्राइली सेना ने गाजा में अल अक्सा अस्पताल पर हवाई हमला किया है। इस्राइली सेना ने दावा किया है कि उसके हवाई हमले में इस्लामिक जिहाद के ठिकाने के निशाना बनाया और इस हमले में इस्लामिक जिहाद आतंकी संगठन के चार आतंकी मारे गए हैं। हालांकि अस्पताल प्रशासन ने इन आरोपों से इनकार किया है कि अस्पताल परिसर का इस्तेमाल आतंकी गतिविधियों के लिए किया जा रहा था।

# निकाय चुनाव में एर्दोगन को लग सकता है झटका, मुख्य विपक्षी पार्टी ने बड़े शहरों में बनाई बढ़त

**इस्तांबुल, एजेंसी।** तुर्किये में नगर निकाय चुनाव में राष्ट्रपति रेचप तैयप एर्दोगन को झटका लगा है। तुर्किये की मुख्य विपक्षी पार्टी जीत के करीब है। विपक्षी दल रिपब्लिकन पीपुल्स पार्टी (सीएचपी) ने प्रमुख शहरी क्षेत्रों पर बढ़त बनाई है। करीब 60 प्रतिशत मतपेटियों की गिनती के बाद, सीएचपी के निवर्तमान मेयर एक्रेम इमामोग्लू ने इस्तांबुल में पार्टी का नेतृत्व किया। वहीं, अंकारा के निवर्तमान मेयर मंसूर यावस ने भी काफी अंतर से जीत हासिल की। सीएचपी देश के 81 प्रांतो में से 36 में आगे चल रही है।

सीएचपी नेता ओजगुर ओजेल ने अपने समर्थकों से कहा कि जनता ने देश में एक नई राजनीतिक व्यवस्था स्थापित करने का फैसला किया है। जनता ने 22 साल पुरानी तस्वीर को बदलने और एक नए राजनीतिक माहौल का द्वार खोलने का फैसला किया है।

### 2019 में हुआ था स्थानीय चुनाव

एर्दोगन 2014 से तुर्की के राष्ट्रपति हैं। मई 2023 में हुए आम चुनाव में वह दोबारा जीतकर राष्ट्रपति बने। जीत के बाद दिए गए अपने भाषण में ही उन्होंने स्थानीय चुनावों का बिगुल बजा दिया था। हालांकि, साल 2019 में देश भर में हुआ पिछला स्थानीय चुनाव उनके लिए निराशाजनक रहा था। उनकी जस्टिस ऐंड डेवलपमेंट पार्टी (एकेपी) देश के तीन सबसे बड़े शहरों- इस्तांबुल, अंकारा और इजमीर में हार गई थी। प्रमुख प्रतिद्वंद्वी एक्रेम इमामोग्लू से इस्तांबुल हारना एर्दोगन के लिए बड़ा झटका था। इसके बाद साल 2023 में हुए चुनाव में बहुमत हासिल करके राष्ट्रपति बनकर एक बार फिर अपने विपक्षियों पर पलटवार किया।

**एर्दोगन के राजनीतिक करियर पर नजरः** एर्दोगन ने राजनीतिक करियर की शुरुआत इस्तांबुल से ही की है। साल 1994 में तुर्की के पूर्व प्रधानमंत्री नेजमेट्टिन एरबाकां की वेलफेयर पार्टी के उम्मीदवार के तौर पर एर्दोगन इस्तांबुल के मेयर चुने गए और 1998 तक इस पद पर रहे। इसके बाद 2003 में प्रधानमंत्री बनकर इस पद पर तीन कार्यकाल बिताने के बाद 2014 में वह देश के राष्ट्रपति बने। वह कई मौकों पर कह चुके हैं कि जो भी इस्तांबुल जीतता है, वो तुर्किये को जीतता है।



## दो अप्रैल को मतदान के लिए चुनाव आयोग ने कसी कमरः अलग-अलग मतपत्रों को लेकर खास तैयारी

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) ने 2 अप्रैल को होने वाले आगामी राष्ट्रव्यापी सीनेट चुनावों के लिए सभी तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। नेशनल असेंबली के साथ-साथ सभी चार प्रांतीय विधानसभाओं में सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक मतदान होगा। सीनेट चुनावों के लिए चार अलग-अलग रंगों में विशिष्ट मतपत्र मुद्रित किए गए हैं, जो सीटों की विभिन्न श्रेणियों को दर्शाते हैं।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, श्वेत पत्र सामान्य सीटों के लिए, हरा टेक्नोक्रेट सीटों के लिए, गुलाबी महिलाओं के लिए और पीला अल्पसंख्यक सीटों के लिए इंगित करेगा।रिटर्निंग अधिकारियों तक चुनाव सामग्री का परिवहन सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है, जिससे चुनावी प्रक्रिया का सुचारू संचालन सुनिश्चित हो गया है। इन अधिकारियों ने सीनेट की 48 रिक्त सीटों के लिए चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की अंतिम सूची पहले ही जारी कर दी है।

इन चुनावों में 29 सामान्य सीटें, महिलाओं के लिए आठ सीटें, टेक्नोक्रेट/उलेमा के लिए नौ सीटें और गैर-मुसलमानों के लिए दो सीटें आरक्षित हैं। इन रिक्त सीटों के लिए कुल 147 उम्मीदवारों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया था।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129